✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात



भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन सीएम नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात करते हुये

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 207 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 24 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

### भाजपा के 'नवीन' राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पटना में जोरदार स्वागत, सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब

# पश्चिम बंगाल से केरल तक लहराएगा भगवा : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद बांकीपुर विधायक नितिन नबीन मंगलवार को पहली बार दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। दिल्ली से पटना आगमन के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पटना एयरपोर्ट से नितिन नबीन रथ पर सवार होकर निकले और यहीं से उनके भव्य रोड शो की शुरुआत हुई। रथ पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी मौजूद रहे। एयरपोर्ट परिसर और आसपास के इलाकों में भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। फूलों की वर्षा, ढोल-नगाड़ों की गूंज और 'नितिन नबीन जिंदाबाद' के नारों से पूरा क्षेत्र भगवामय हो गया। हालात ऐसे बन गए कि रथ करीब पांच मिनट तक एयरपोर्ट गेट से आगे नहीं बढ़ सका। सुरक्षा घेरे के बावजूद भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस और प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पारंपरिक परिधान में सजी महिलाओं ने भोजपुरी गीत 'जोड़ी मोदी-नीतीश के हिट हो गइल' पर नृत्य कर माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया। यातायात पुलिस और प्रशासन ने धीरे-धीरे व्यवस्था संभालने की कोशिश की, लेकिन भारी भीड़ के कारण कुछ समय तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। नितिन नबीन पटना में करीब 6 किलोमीटर लंबा रोड शो करने के बाद मिलर हाई स्कूल मैदान में जाकर पहुंचे जहां हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। यहां आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल सेलेकर केरल तक भगवा लहरेगा। बिहार के चुनावी परिणाम का असर पूरे देश पर देखा जा रहा है। नितिन नवीन ने कहा कि पार्टी में एक लाख युवा नेतृत्व को आगे लाना है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के विकास और सामान के लिए वह हमेशा खड़े रहेंगे। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश में रहते हैं तो संविधान पर अंगुली उठाते हैं, विदेश जाते हैं तो देश का ही अपमान करते हैं। अभिनंदन समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते नितिन नवीन ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने बिहार पर काफी भरोसा किया है। यह पार्टी कार्यकर्ताओं की बदौलत संभव हुआ। आपने प्रचंड जीत दिलाई। उस जीत के प्रकाश में पूरा देश आगे बढ़ रहा है। देश में और जहां भी चुनाव हो रहे हैं वहां भाजपा का परचम लहरा रहा है। बिहार से हुई जीत की लहर बंगाल से केरल तक जाएगी और चिंता मत कीजिए भगवा हर जगह लहराएगा। नितिन नवीन ने अपने पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने मुझे कार्यकर्ताओं से जुड़ना सिखाया। वह सीख आज भी कायम है। एक-एक कार्यकर्ता नेता से जुड़ जाता है तो जीत की कड़ी पूरी होती है। कार्यकर्ता सोचते हैं कि काम कैसे किया जाए। राजनीति में शॉटकट से काम मत लीजिए। आप काम करते जाएं, भाजपा आपको जमीन से उठाकर ऊंचाई तक पहुंचा देगा। इसके लिए सिर्फ जनता से जुड़कर काम करना है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का सपना है कि एक लाख युवा नेतृत्व को निकलना है। ऐसा तब संभव हो पाएगा जब पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक पार्टी के वर्कर आगे बढ़ेंगे। अगर नेतृत्वकर्ता बनना है तो जनता के साथ उतना पड़ेगा। उनके साथ मिलकर उनकी समस्याओं और जरूरतों में काम कीजिए, भाजपा का वाच टावर बहुत मजबूत है, नीचे से उठाकर सीधे ऊंचाई पर पहुंचा देगा। हम सबको पंचायत और निकाय चुनाव के लिए अभी से लग जाना है। नितिन नवीन ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। कहा कि कुछ लोग राजनीति को पार्ट टाइम बिजनेश समझते हैं। राहुल गांधी देश से अधिक विदेश में ऊर्जा खपाते हैं। बिहार में एक पार्ट टाइम पॉलिटिशियन हैं। सदन में नहीं नजर आते, मुद्दे पर सड़क पर नहीं उतरते हैं। जब हार होती है तो विदेश चले जाते हैं। राहुल बाबा को देखिए। अभी जर्मनी गए थे। वहां जाकर भी देश को अपमानित किया। उनकी प्रथा है। देश में रहेंगे तो संविधान, चुनाव आयोग को गाली देंगे और जब विदेश जाएंगे तो देश को अपमानित करते हैं। ऐसे लोगों को सजा देने का वक्त आ गया है। इसके पूर्व उन्होंने सबसे पहले राजवंशी नगर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देशभर में भाजपा का परचम लहरा रहा है और महाराष्ट्र, अरुणाचल तथा गोवा के स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी को शानदार जीत मिली है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल और केरल में भी भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने बिहार में एनडीए सरकार की उपलब्धियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया और आगामी पंचायत व निकाय चुनावों के लिए अभी से पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया। नितिन नवीन ने कहा कि मजबूत पंचायत और निकाय नेतृत्व से ही 2047 तक विकसित बिहार का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से जुड़ने और रोजगार सृजन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इसके बाद बेली रोड पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और आयकर गोलंबर पर जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वत लेते सिसवन थाना का दारोगा गिरफ्तार

**सीवान(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिसवन थाना क्षेत्र से बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सिसवन थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर कन्हैया सिंह को निगरानी विभाग की टीम ने 40 हजार रुपए कैश रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

### सूदखोर लक्ष्मण शाह गिरफ्तार

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के कुदरा शहर में पुलिस ने अवैध सूदखोरी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी लक्ष्मण शाह को गिरफ्तार किया है। उसके पास से ब्लैंक चेक, जमीन के कागजात, कैश और चांदी के जेवर सहित बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। कैमूर के पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एक पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी।

### असम पुलिस के जवान को पीट-पीटकर मार डाला

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मंसूरचक बाजार में असम पुलिस के जवान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप जवान के बेटे पर लगा है। बताया जा रहा है कि आरोपी संजय मल्लिक पहली पत्नी का बेटा है। संपत्ति विवाद को लेकर उसकी अपने पिता जंगली मल्लिक से विवाद हुआ था। आरोपी ने अंजाम भुगतने की धमकी भी दी थी। मृतक की पहचान 57 वर्षीय जंगली मल्लिक के तौर पर हुई है।

## एक लाख रुपये लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**शशि तुलस्यान/नबिटा संवाददाता**



**मसौढ़ी(पटना)।** पटना के मसौढ़ी में घूसखोर कर्मचारी निगरानी टीम के हत्थे चढ़ गया है। यहां अंचल से मंगलवार को राजस्व कर्मचारी को कार्यालय खुलते ही निगरानी विभाग की टीम ने रिश्वत लेते दबोच लिया। गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी का नाम राजा कुमार है, जो मसौढ़ी अंचल के भदौरा मौजा का राजस्व कर्मचारी है। टीम ने उन्हें एक लाख रुपये घूस लेते दबोचा है। निगरानी विभाग के डीएसपी वसीम फिरोज ने बताया कि राजस्व कर्मचारी पर आरोप था कि वह परिमार्जन के नाम पर पीड़ित को कई महीनों से टहला रहा था। उसका काम करने के एवज में आनाकानी कर रहा था। उसके बाद ढाई लाख रुपए में बात तय की गई थी। घटना के बारे में बताया जाता है कि शिकायतकर्ता मंगलवार को एक लाख रुपये राजस्व कर्मचारी राजा कुमार को देने आया था। पूरे मामले पर निगरानी विभाग की टीम की पैनी नजर थी। उसे ट्रैप करते हुए रंगे हाथ एक लाख के साथ दबोचा गया है। तकरीबन 11 एकड़ जमीन को परिमार्जन करने के लिए ढाई लाख रुपये पर बात तय की गई थी। निगरानी विभाग की कार्रवाई से मसौढ़ी अंचल में हड़कंप मच गया है। निगरानी विभाग की टीम ने सभी साक्ष्य को जुटाते हुए राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है और अपने साथ ले गई है। निगरानी विभाग की इस टीम में डीएसपी के साथ तीन इंस्पेक्टर और भारी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।

### सहायक शिक्षा विकास अधिकारी की भर्ती के लिए परीक्षा तिथियों की घोषणा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बीपीएससी ने सहायक शिक्षा विकास अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए विषयवार परीक्षा तिथियों की घोषणा कर दी है। आधिकारिक नोटिस के मुताबिक परीक्षा 10, 11, 12, 13, 15 और 16 जनवरी 2026 को राज्य भर में स्थापित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिन उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक आवेदन पत्र भरा है, वे अब परीक्षा से संबंधित विवरण, जैसे कि परीक्षा पैटर्न, पात्रता मानदंड, पाठ्यक्रम आदि देख सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत बिहार राज्य में 935 रिक्त पदों को भरा जाना है, जिससे शिक्षा प्रशासन में रुचि रखने वाले स्नातक उम्मीदवारों को सरकारी नौकरी का अवसर मिलेगा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

## बिहार में कई आइपीएस अधिकारियों को मिली पदोन्नति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में कई आइपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति का लाभ मिला है। पुलिस मुख्यालय एडीजी कुंदन कृष्णन को डीजी में पदोन्नति मिली है। कुंदन कृष्णन 1994 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। नीतीश कुमार के करीबियों में से एक माने जाते हैं। चुनाव से पहले इन्हें मुख्यमंत्री ने बड़ी जिम्मेदारी मुख्यालय एडीजी के तौर पर सौंपी थी। साथ ही साथ एसटीएफ की कमान इन्हीं के हाथों में है। बिहार में आज जितने अपराधियों के एनकाउंटर हो रहे हैं वह इनकी रणनीति का हिस्सा है। कुंदन कृष्णन के नाम से बिहार के अपराधियों ने खौफ का माहौल है। पटना के पूर्व एसएसपीअवकाश कुमार समेत 2012 बैच के 22 आइपीएस अधिकारियों को डीआइजी में पदोन्नति मिली है। इसमें अवकाश कुमार, आनंद कुमार, कुमार आशीष, रविरंजन कुमार, दीपक रंजन, इनामुल हक मंगून, आमिर जावेद, अशोक कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, राजीव रंजन 1, राकेश कुमार सिन्हा, अजय कुमार पांडेय, नीरज कुमार सिंह, सुशांत कुमार सरोज, राजीव रंजन 2, रमन कुमार चौधरी, मनोज कुमार तिवारी, शैलेश कुमार सिन्हा, सत्यनारायण कुमार, रमा शंकर राय, सुशील कुमार, दिलनवाज अहमद का नाम शामिल है। इसके अलावा 2008 बैच के पांच आइपीएस अधिकारियों को पुलिस उप महानिरीक्षक से पुलिस महानिरीक्षक में पदोन्नति मिली है। इसमें उपेंद्र कुमार शर्मा, सत्यवीर सिंह, विकास बर्मन, किम, निताशा गुड़िया के नाम शामिल हैं।

## अलाव ताप रहे तीन लोगों पर गिरा हाइटेंशन तार, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** खिजरसराय प्रखंड के उजौली पंचायत के खेड़ा गांव में मंगलवार की सुबह 11 हजार हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों युवक ठंड से बचने के लिए अलाव के पास बैठे थे तभी हाईटेंशन तार टूटकर गिर गया। बिजली चार की चपेट में आते ही तीनों युवक गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने किसी तरह तीनों युवकों को बिजली तार से अलग कर अस्पताल ले गए। हालांकि अस्पताल ले जाने के दौरान ही दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, तीसरे युवक की मौत मगध मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान हो गई। मृतक की पहचान नीतीश (27), गोलू (28) और सत्येंद्र उर्फ राजा (22) के रूप में हुई है। नीतीश और गोलू दोनों चचेरे भाई थे। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रत्यक्षदर्शी अवधेश कुमार ने बताया कि सुबह 9 बजे नीतीश अपने घर के बाहर अलाव सेंक रहा था। उसके साथ राजा और गोलू भी बैठे थे। इसी दौरान उनके घर के आगे से गुजर रहा हाई वोल्टेज तार अचानक टूटकर गिरा, जिसकी चपेट में तीनों युवक आ गए। हाईटेंशन तार कैसे टूटा, यह जांच का विषय है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग से जर्जर तार की शिकायत पहले भी की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूचना के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## डिप्टी सीएम ने खान निरीक्षक को किया निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और राजस्व लक्ष्य से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होगा। यह बात उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भू-तत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कही। वे मंगलवार को विभागीय कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने सभी जिलों को राजस्व समाहरण लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राजस्व संग्रह की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कार्य में लापरवाही और अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई में गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए दरभंगा जिले के खान निरीक्षक को निलंबित करने का निर्देश दिया। कहा कि लक्ष्य से पीछे चल रहे पटना, रोहतास, औरंगाबाद और गया जैसे जिलों की अलग से समीक्षा की जाएगी। इसके लिए निदेशक मनेश कुमार मीणा को निर्देशित किया गया है। सभी जिलों को तीन दिनों के भीतर राजस्व लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा गया है।

बिहार सरकार

मुख्यमंत्री
बिहार



"राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस"

(24 दिसम्बर, 2025)

संदेश

समाज का प्रत्येक व्यक्ति एक उपभोक्ता है और सरकार का यह दायित्व है कि उपभोक्ताओं को उसी गुणवत्ता के उत्पाद एवं सेवाएँ उपलब्ध हों, जिस गुणवत्ता का भरोसा विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं ने उपभोक्ताओं को दिया हो। उत्पादक एवं सेवा प्रदाता कभी–कभी उस गुणवत्ता की वस्तुएँ एवं सेवाएँ उपलब्ध नहीं कराते हैं जिसे वे विज्ञापित करते हैं। अतः उपभोक्ताओं के हितों एवं अधिकारों का समुचित संरक्षण नितांत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण हेतु राज्य स्तर पर राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं जिला स्तर पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग गठित हैं।

उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण मात्र कानून से ही संभव नहीं है। इसके लिए व्यापक स्तर पर जन–जागरूकता की भी आवश्यकता है। मैं **राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस** के अवसर पर उपभोक्ता जागृति के महत्वपूर्ण कार्य में भागीदारी हेतु राज्य के बुद्धिजीवियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा नागरिकों से सहयोग का आह्वान करता हूँ।

इस अवसर पर मैं सभी उपभोक्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि सभी उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहेंगे।

(नीतीश कुमार)

PR No - 020021 (Food) D. 2025-26

## बिहार के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

### सरकार और टीसीएफ के बीच तीन साल की रणनीतिक साझेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के समग्र विकास को नई गति देने के उद्देश्य से बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग और कन्वर्जेन्स फाउंडेशन (टीसीएफ) के बीच तीन वर्ष की रणनीतिक साझेदारी शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इस साझेदारी पर सहमति राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की उपस्थिति में बनी। इस अवसर पर योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव के सेंथिल कुमार, सचिव कंवल तनुज, संयुक्त सचिव रविश किशोर, उप निदेशक अशोक कुमार तिवारी, वरीय अनुसंधान पदाधिकारी शिप्रा, जनसंपर्क पदाधिकारी प्रेम शंकर, सहायक निदेशक श्रुति सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। टीसीएफ की ओर से प्रवीण खांगटा, अदिति एल्हंस, नरेंद्र, गोपाल कृष्णन नायर, पल्लवी ढल, कमलनाथ झा और आदित्य तिवारी उपस्थित थे। यह साझेदारी राज्य सरकार की विकास और वृद्धि से जुड़ी प्राथमिकताओं को मजबूत करने के लिए की गई है। समझौते के तहत टीसीएफ बिहार सरकार को नीति निर्माण, सुधारों के क्रियान्वयन और प्रमुख क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग देगा। यह सहयोग टीसीएफ या उससे जुड़े संगठनों और विशेषज्ञ संस्थाओं के माध्यम से बिना शुल्क (प्रो-बोनो) आधार पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। साझेदारी के प्रमुख फोकस निवेश सुधार, नियमों को सरल बनाना, कारोबार में सुगमता, निवेश को आकर्षित करना और निर्यात को बढ़ावा देकर निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करना है। साथ ही राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए रणनीतिक योजनाओं का निर्माण है। वहीं पर्यटन नीति और रणनीति का विकास, पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग, बेहतर शासन व्यवस्था और साझेदारी पर विशेष ध्यान देने के साथ सरकारी योजनाओं की बेहतर डिलीवरी के लिए राज्य की क्षमता को मजबूत करना, डेटा आधारित नीति निर्माण, तथा स्वच्छ वायु से जुड़ी रणनीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन में सहयोग करना है। इसके अलावा मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में सहयोग, जिसमें शिक्षा, खेल, रोजगार योग्यता, कौशल विकास और विदेशों में रोजगार के अवसर शामिल हैं।

### एग्री उड़ान 8.0 के तहत पटना में उद्योग, स्टार्ट-अप्स एवं निवेशकों के साथ कॉन्फ्रेंस आयोजित

# कृषि रोड मैप से बिहार की खेती को मिली नई दिशा : पंकज कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एसोसिएशन फॉर इनोवेशन डेवलपमेंट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप इन एग्रीकल्चर, आईसीएआर- नेशनल एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च मैनेजमेंट, हैदराबाद द्वारा संचालित एग्री उड़ान 8.0 फूड एंड एग्रीबिजनेस एक्सेलेरेटर के अंतर्गत चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना में आज उद्योग, स्टार्ट-अप्स एवं निवेशकों के साथ एक महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि एवं एग्रीबिजनेस क्षेत्र में नवाचार, निवेश और सहयोग को प्रोत्साहित करना तथा बिहार की कृषि संभावनाओं को राष्ट्रीय मंच से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास के लिए निरंतर मंथन एवं नवाचार की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सही जानकारी, नई तकनीकों और बाजार से जुड़ाव के माध्यम से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। प्रधान सचिव ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा लागू कृषि रोड मैप के माध्यम से राज्य की कृषि को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने दलहन एवं तिलहन (ऑयल सीड) क्षेत्र में अपार संभावनाओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि इन फसलों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देकर राज्य आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि क्षेत्र में बिहार को तकनीकी और सहभागिता के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बिहार की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों को फलों की खेती के लिए अत्यंत अनुकूल बताते हुए कहा कि आम, लीची जैसे फलों में राज्य के पास राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी संभावनाएं हैं। खाद्य प्रसंस्करण से इन्हें जोड़कर किसानों को बेहतर मूल्य और रोजगार के नए अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विगत 20 वर्षों में बिहार के कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और अब समय है कि राज्य के युवा ऊर्जा और नवाचार के साथ कृषि से जुड़ें। राष्ट्रीय स्तर की कृषि गतिविधियों, स्टार्ट-अप्स और निवेश को बिहार में लाया जाए तथा नई तकनीकों के माध्यम से उत्पादन और उत्पादकता को और बेहतर बनाया जाए। युवाओं को कृषि के साथ जोड़ने के लिए एग्री स्टार्ट-अप्स एक बेहतर प्लेटफार्म है। उल्लेखनीय है कि एग्री उड़ान आईसीएआर - नार्म की एक प्रमुख पहल है जिसे नाबार्ड का सहयोग प्राप्त है, अपने 8वें संस्करण में यह फूड एवं एग्रीबिजनेस एक्सेलेरेटर कार्यक्रम नवाचार आधारित स्टार्ट-अप्स को मार्गदर्शकों, निवेशकों और उद्योग भागीदारों से जोड़ने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है।

# बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर अत्याचार की घटनाओं पर प्रेम सागर की कड़ी प्रतिक्रिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता प्रेम सागर ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इन घटनाओं की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा, लूटपाट, मंदिरों को निशाना बनाए जाने और महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं न केवल मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हैं, बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली है। प्रेम सागर ने कहा कि बांग्लादेश में घटित हो रही ये घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के माथे पर कलंक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी लोकतांत्रिक और संवैधानिक देश में धर्म के आधार पर नागरिकों को प्रताड़ित करना पूरी तरह अस्वीकार्य है। केवल धार्मिक पहचान के कारण हिंदू समुदाय को निशाना बनाना घोर निंदनीय है और इस पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अल्पसंख्यकों के घरों, दुकानों और धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, वह यह दर्शाता है कि वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ऐसी घटनाएं न सिर्फ बांग्लादेश की आंतरिक स्थिति को कमजोर करती हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए भी खतरा पैदा करती हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रेम सागर ने मांग की कि बांग्लादेश सरकार तत्काल प्रभाव से इन घटनाओं पर रोक लगाए। उन्होंने कहा कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उनका कहना था कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं जिसका असर पड़ोसी देशों पर भी पड़ेगा। प्रेम सागर ने यह भी कहा कि भारत हमेशा से 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना में विश्वास करता आया है और हर प्रकार के अन्याय, शोषण और अत्याचार के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहा है। भारतीय जनता पार्टी पीड़ित हिंदू समुदाय के साथ पूरी दृढ़ता से खड़ी है और उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने की मांग करती है। अंत में उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सरकार को यह समझना होगा कि धार्मिक सहिष्णुता और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा ही किसी भी राष्ट्र की असली पहचान होती है। ऐसी अमानवीय घटनाओं पर तत्काल रोक लगाना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने की राजवंशी नगर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना

## बिहार राज्य धार्मिक न्याय पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को पहुचने पर अपने काफिले के साथ राजवंशी नगर बेली रोड स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान पटना हवाई अड्डे से मिलर स्कूल मैदान जा रहा श्री नवीन का काफिला राजवंशी नगर पंचरूपी हनुमान मंदिर के पास रूका और उन्होंने उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा व प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के साथ उतरकर हनुमान जी की पूजा अर्चना की। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ्रके अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो रणबीर नंदन ने श्री नवीन का फूल माला व चादर देकर स्वागत किया। इस मौके पर श्री नवीन ने कहा कि हनुमान जी कलियुग के देवता हैं और जो सच्चे मन से इनकी पूजा करता है वे उनके दुख हर लेते हैं और उसका परिवार के साथ कल्याण करते हैं। इस मौके पर विधायक संजीव चौरसिया,मंदिर न्यास के सदस्य आलोक कुमार एवं प्रेम कुमार के साथ भाजपा नेता अजीत कुमार मौजूद रहे।

# देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल के तहत 23 दिसंबर 2025 को बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और भावी शिक्षकों में प्रकृति के प्रति दायित्वबोध को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के दौरान बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संधारणीय विकास की प्राप्ति के लिए पर्यावरण का संरक्षण अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए बिना विकास की कल्पना संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षुओं से पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेने का आहवान किया।

पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षुओं द्वारा औषधीय पौधों में अश्वगंधा, शंखपुष्पी, लेमनग्रास, एलोवेरा, तुलसी और पुदीना लगाए गए। इसके अतिरिक्त पर्यावरणीय संतुलन और सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए एरीकापाम, गेंदा और गुलदाउदी जैसे सजावटी पौधों का भी रोपण किया गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को पर्यावरण संरक्षण की वैज्ञानिक, सामाजिक और नैतिक महत्ता से अवगत कराया गया तथा उन्हें उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या पूनम वर्मा, सभी सहायक अध्यापक और अध्यापिकाएं, बिहार विद्यापीठ के संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण तथा ए.आई.सी. के मुख्य परिचालन अधिकारी प्रमोद कुमार कर्ण ने भी पौधारोपण कर सहभागिता की। पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन सहायक प्राध्यापक रजनी रंजन द्वारा किया गया। यह आयोजन यह संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सामूहिक जिम्मेदारी है।

# रेलकर्मी ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में एक रेलकर्मी ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभाग को प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर दोस्ती न बढ़ाएं : सिटी एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** डिजिटल युग में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों के खतरे को देखते हुए कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट एंड साइंस पटना में एक वृहद साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रेम यूथ फाउंडेशन के माध्यम से पटना साइबर थाना द्वारा किया गया जिसमें पटना साइबर क्राइम के सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह के साथ-साथ पटना साइबर सिक्योरिटी की पूरी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम में कॉलेज के बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और साइबर अपराध जैसे गंभीर व समसामयिक विषय पर गहन संवाद किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को यह समझाना था कि साइबर अपराध केवल तकनीक से नहीं, बल्कि डर और लालच जैसी मानवीय कमजोरियों का फायदा उठाकर अंजाम दिए जाते हैं। साइबर सेल की टीम के उन सदस्यों ने, जो प्रतिदिन जमीनी स्तर पर साइबर अपराध से जुड़ी चुनौतियों से जूझते हैं, अपने वास्तविक अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आम नागरिक, विशेषकर युवा वर्ग थोड़ी सी असावधानी के कारण साइबर ठगों के जाल में फंस जाते हैं और किस तरह समय रहते सतर्कता बरतकर बड़े आर्थिक और मानसिक नुकसान से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि सतर्कता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। छात्रों को मोबाइल और कंप्यूटर सिस्टम को नियमित रूप से अपडेट रखने, एंटीवायरस के माध्यम से लगातार स्कैन करने, अनजान एपीके फाइल या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, प्राइवेसी और एडवांस सिक्योरिटी फीचर्स को ऑन रखने तथा सुरक्षित ब्राउजिंग आदतें अपनाने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि भले ही वॉच हिस्ट्री बंद कर दी जाए, फिर भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गतिविधियों की निगरानी संभव है क्योंकि आज के दौर में डेटा ही सबसे बड़ा ईंधन बन चुका है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आवाज दबा रही ममता सरकार: मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री तथा पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने कोलकाता में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के विरोध प्रदर्शन पर हुए पुलिस लाठीचार्ज को लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और एक हिंदू युवक की निर्मम मॉब लिंचिंग के खिलाफ उठी आवाज को ममता बनर्जी सरकार ने बल प्रयोग से कुचलने का काम किया है जो पूरी तरह निंदनीय है। श्री पांडेय ने कहा कि कोलकाता में बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमीशन के पास वीएचपी द्वारा किया गया प्रदर्शन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक था। प्रदर्शनकारियों की एकमात्र मांग थी कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे हमलों को रोका जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, लेकिन राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस ने बैरिकेडिंग के नाम पर निर्दोष कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया जिसमें कई लोग घायल हुए। उन्होंने सवाल किया कि क्या हिंदुओं की पीड़ा पर बोलना अब पश्चिम बंगाल में अपराध बन गया है? श्री पांडेय ने कहा कि बांग्लादेश में मंदिरों पर हमले, हिंदू परिवारों को डराने-धमकाने और मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

# माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण: जीवमंडल के लिए एक खतरा पुस्तक का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता तथा मुख्य अतिथि प्रो0 रमाशंकर दुबे पूर्व कुलपति गुजरात केंद्रीय विश्विवद्याल द्वारा बॉटनी विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 अंकित कुमार सिंह व उनके अनुसन्धान सहयोगियों द्वारा सम्पादित पुस्तक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषणः जीवमंडल के लिए एक खतरा का विमोचन किया गया। डॉ. सिंह एवं उनके सहयोगियों में दिल्ली विश्विवद्यालय के डॉ. विजय कुमार, डॉ. प्रदीप सिंह एवं डॉ0 शैलेन्द्र कुमार की किताब स्प्रिंगर नेचर प्रकाशन से प्रकाशित हुई है, स्प्रिंगर नेचर एक विश्व-प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन समूह है जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और मानविकी के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की शोध सामग्री प्रकाशित करता है। यह संस्था शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को वैश्विक स्तर पर ज्ञान साझा करने का मंच प्रदान करती है। इसका मुख्यालय स्वीटजरलैंड में है। किताब विमोचन में सभी के समक्ष जानकारी साझा की गई। किताब में भारत के प्रतिष्ठित संस्थान बी.एच.यू, डी.यू., इलाहाबाद विश्विवद्यालय तथा आईसीएआर-आईएआरआई नई दिल्ली एवं विदेशों से अमेरिका, इटली, श्रीलंका, स्कॉटलैंड, इजिप्ट, इंडोनेशिया आदि देशों के कई प्रतिष्ठित विश्विवद्यालयों के वैज्ञानिक, प्रोफेसर्स एवं रिसर्च स्कॉलर्स के चैप्टर सम्मिलित किए गए हैं।

# चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का करें निर्वहन : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों, सेवाओं, योजनाओं आदि की प्रगति को लेकर मासिक समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं स्वास्थ्य प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिया की ई सी जी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, पैथोलॉजी आदि की सुविधा आवश्यकता अनुसार सभी मरीजों को देना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार के द्वारा सारी सुविधा प्रदान की गई है जिसे बेहतर उपयोग करना सुनिश्चित करें।

# किसानों की मजबूती और समृद्धि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय किसान दिवस एवं किसान मेलाका दीप प्रज्वलन कर भव्य उद्घाटन किया। इस वर्ष मेले की थीम–अनुसंधान से आत्मनिर्भरता की उड़ानः समृद्ध कृषि, सशक्त किसान–कृषि अनुसंधान, नवाचार और किसान सशक्तिकरण के प्रति देश की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से रेखांकित करती है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी नवाचार की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने किसानों तक उन्नत बीज, नवीन तकनीक और आधुनिक कृषि पद्धतियों की समयबद्ध पहुंच को आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। ऐसे आयोजनों से वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है जिससे शोध की उपलब्धियां खेतों तक प्रभावी ढंग से पहुंचती हैं। मंत्री ने कहा कि पूर्वी भारत, विशेषकर बिहार, कृषि की अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है–यहां की उपजाऊ भूमि, मेहनतकश किसान और समृद्ध परंपरा राज्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं।

# सुषमा शुक्ल की पुस्तक 'गुल्लक भर आखर' का विधानपरिषद सभागार में लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आकाशवाणी पटना की मशहूर उदघोषिका सुषमा शुक्ला रचित कविता संग्रह 'गुल्लक भर आखर' का लोकार्पण मंगलवार को विधानपरिषद के उपसभापति रामवचन राय ने 'विधानपरिषद सभागार' में ने किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध लेखक भगवती प्रसाद द्विवेदी, दिव्यांग जनों के लिए खास सेवा करने वाले समाजसेवी पद्मश्री विमल जैन, नाटककार, कथाकार नरेन्द्र नाथ पांडेय, शिक्षाविद अनिता राकेश और लेखक ऋषिकेश सुलभ मंच पर विराजमान थे। कार्यक्रम की शुरुआत कवियित्री अनुराधा प्रसाद की सरस्वती वंदना से हुई। स्वागत भाषण करते हुए पूर्व विधानपार्षद किरण घई ने कहा कि सुषमा जी की कविताओं के केंद्र में स्त्री है जो जिंदगी के अलग-अलग पहलुओं की प्रतिनिधि है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद रामवचन राय ने कहा कि सुषमा जी के करीब छह दशकों का अनुभव इस गुल्लक में भरा हुआ है। इस संग्रह की कवितायें जीवंत हैं। अपने स्वर से लोगों को मुग्ध करने वाली इस उदघोषिका ने अपनी विनम्र कविताओं से चकित कर दिया है। कथाकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि संग्रह की कवितायें संघर्ष और जिजीविषा की अदभुत उदाहरण हैं। कथाकार ऋषिकेश सुलभ ने कहा कि पितृसत्तात्मक समाज में सुषमा जी की कवितायें स्त्री का स्वर बन कर आई हैं। कार्यक्रम का संचालन जानेमाने लेखक और रंगकर्मी डॉ किशोर सिन्हा ने किया। इस अवसर पर लेखिका के पुत्र परितोष शुक्ला, पुत्रवधू सारिका शुक्ला, पुत्री तूलिका और दामाद विवेक दीक्षित मौजूद थे।

# एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर रिपोर्ट का पहला संस्करण किया जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने अपनी पहली स्टैंडअलोन सालाना सीएसआर रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की जिसमें बैंक के अंब्रेला प्रोग्राम, परिवर्तन के ज़रिए सामाजिक प्रभाव की एक दशक लंबे सफर को दिखाया गया है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहलों पर 1,068.03 करोड़ रुपए खर्च करने की रिपोर्ट पेश की है जो पिछले साल की तुलना में लगभग 123 करोड़ रुपए ज्यादा है। बैंक ने सीएसआर कार्यक्रमों में कुल मिलाकर, 31 मार्च, 2025 तक 6,176 करोड़ रुपए का निवेश किया है। पिछले वित्तीय वर्ष में परिवर्तन के 10 साल भी पूरे हुए जिसके तहत एचडीएफसी बैंक ने 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 10.56 करोड़ लोगों के जीवन को छुआ है।

# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय एवं गांधी फेलोशिप के बीच एमओयू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** छात्रों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण लर्निंग तथा करियर के नए अवसरों के विस्तार की दिशा में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की है। विश्वविद्यालय की नवगठित प्लेसमेंट टीम के सतत प्रयासों से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और देश की प्रतिष्ठित गांधी फेलोशिप के बीच एक सफल समझौता ज्ञापन एमओयू संपन्न हुआ है। इस एमओयू के पश्चात पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं के लिए गांधी फेलोशिप में चयन की प्रक्रिया और अवसर पहले की तुलना में कहीं अधिक सुलभ एवं सशक्त हो जाएंगे। गौरतलब है कि गांधी फेलोशिप की शुरुआत वर्ष 2007-2008 में अपने पहले बैच के साथ हुई थी। निरंतर 18 वर्षों की सफल यात्रा के बाद अब इस वर्ष फेलोशिप के 19वें बैच के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंथन कार्यक्रम का आयोजन

# प्रशासन का उद्देश्य केवल नियमों का अनुपालन नहीं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** रोहतास जिला प्रशासन के तत्वावधान में मंगलवार को फजलगंज स्थित मल्टी पर्पस हॉल में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय उत्तरदायी प्रशासन, राजस्व सुधार एवं महिला सशक्तिकरण रहा जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विस्तृत एवं सारगर्भित विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रोहतास के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी, उप समाहर्ता-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता बिक्रमगंज, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र तथा विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि उत्तरदायी प्रशासन की आधारशिला अधिकारी की समग्र जिम्मेदारियों की स्पष्ट समझ पर टिकी होती है। उन्होंने अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, आम जनता, मीडिया, न्यायपालिका, सरकार, विद्यार्थियों, महिलाओं, कमजोर एवं वंचित वर्गों के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी संवेदनशील एवं जवाबदेह रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल नियमों का अनुपालन नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण के साथ सुशासन को धरातल पर उतारना होना चाहिए। अंत में उन्होंने कहा मंथन कार्यक्रम एक सकारात्मक पहल है जिससे प्रशासनिक सोच को नई दिशा मिलती है तथा बेहतर कार्य करने की संस्कृति विकसित होती है। अपर समाहर्ता द्वारा राजस्व से संबंधित विषयों पर अपने विचार रखे गए। उन्होंने राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, समयबद्ध सेवा प्रदायगी, भूमि एवं राजस्व मामलों के त्वरित निष्पादन तथा जनहित में सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया। राजस्व सुधारों के माध्यम से आम नागरिकों को राहत प्रदान करने और प्रशासन पर विश्वास बढ़ाने की बात कही गई। कार्यक्रम में उपस्थित उप समाहर्ता अमृता ओशो द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर विचार प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण से ही समग्र विकास संभव है। प्रशासन की विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी, आत्मनिर्भरता तथा सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी उत्तरदायी प्रशासन, राजस्व सुधार और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने-अपने विचार साझा किए।

# बालिकाओं के शैक्षिक उत्थान के लिए शिक्षा चौपाल आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड के बालभद्रपुर गांव में समृद्धि संस्था रोहतास द्वारा बालिकाओं के शैक्षिक उत्थान के लिए शिक्षा चौपाल आयोजित की गई। डिहरी प्रखंड के दरिहट पंचायत के बालभद्रपुर गांव में सोमवार को समृद्धि संस्था रोहतास द्वारा मंत्र 4 चेंज के शिक्षाग्रह अभियान के तहत शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। समृद्धि संस्था के ब्लॉक कॉर्डिनेटर रूपकी कुमारी ने बताया कि रोहतास जिला के सभी 19 ब्लॉक में कुल 82 उत्प्रेरक द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक शिक्षा चौपाल भाग 5 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य ड्रॉपआउट और अनामकित बच्चियों को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देना है जो बच्चियां बुनियादी और संसाधनों की सुविधा कमजोर होने के कारण बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। उन्हें संस्था के सहयोग से कम से कम 12 वीं तक पढ़ने में सहयोग किया जायेगा। समृद्धि संस्था की सचिव तारा सिंह का मानना है। लड़कियों को अपने अधिकार और आत्मनिर्भर बनने के लिए कम से कम 12वीं कक्षा तक पढ़ने का अवसर देना चाहिए। बाल विवाह से उनकी पढ़ाई अधूरी रह जाती है और वे अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती। बालिकाएं ही मजबूत परिवार और बेहतर समाज की पहचान है। कार्यक्रम की जिला कॉर्डिनेटर मालती देवी का मानना है। अगर बालिकाएं शिक्षा की ओर खुलकर आगे आए तो बाल विवाह और दहेज प्रथा को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा चौपाल के माध्यम से कम से कम 12वीं तक पढ़ने और बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए शिक्षा चौपाल के माध्यम से संकल्प लिया गया। साथ ही दरिहट पंचायत के वार्ड सदस्य राहुल कुमार, प्राथमिक विद्यालय, बालभद्रपुर के एचएम कपिल कुमार सिंह, विकास मित्र तारा देवी, उत्प्रेरक सीमा संगम ने भाग ली।

# बैंकों को योजनाओं की स्वीकृति व भुगतान में तेजी का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** केन्द्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी स्कीम यथा पीएमईजीपी, पीएमएफएमई एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में बैंकों के द्वारा लक्ष्य के अनुरुप स्वीकृति एवं भुगतान नहीं करने के कारण जिला पदाधिकारी ने नाराजगी जताई एवं विभिन्न बैंकों के पोर्टल पर अनावश्यक कारणों से लम्बित आवेदन को यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। लम्बित आवेदन का प्रतिदिन रोस्टरवार विभिन्न बैंको के साथ आवेदकवार समीक्षा का निर्देश दिया गया। बैंकों को ससमय योग्य आवेदक को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी, कैमूर की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की योजना यथा पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना में स्वीकृति एवं भुगतान की उद्देश्य से बैठक निर्धारित किया गया। उक्त बैठक में सभी आवेदक एवं संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधक भाग लिए। पोर्टल पर लंबित सभी आवेदन का आवेदकवार समीक्षा किया गया एवं तुरंत निष्पादन का निर्देश दिया गया है। बैठक में बिहार ग्रामीण बैंक, युनियक बैंक एवं बंधन बैंक के सभी शाखा प्रबंधक, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, जिला अग्रणी प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, क्षेत्रीय प्रबंधक, बिहार ग्रामीण बैंक, उद्योग विस्तार पदाधिकारी एवं आवेदक उपस्थित हुए। बैठक में बिहार ग्रामीण बैंक के विभिन्न शाखा द्वारा पीएमईजीपी में 2 स्वीकृत एवं पीएमएफएमई में 4 स्वीकृत इस सप्ताह में करने के लिए कहा गया है।

# बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** रोहतास जिले में महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बेटी जन्मोत्सव तथा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नोखा प्रखंड के श्रीखिंडा पंचायत स्थित आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास के जिला परियोजना प्रबंधक मो. शमीम अंसारी ने किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं समुदाय को बेटियों के महत्व, समान अधिकार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र तथा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान सहित महिलाओं एवं बालिकाओं से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ कुमारी मेघा ने किया। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक, जिला मिशन समन्वयक एवं डॉ. फरहत दुर्रानी द्वारा उपस्थित लेडी सुपरवाइजरों को डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 0-6 माह की बालिकाओं को बेबी किट एवं 2.5 से 3 वर्ष तक की बालिकाओं की माताओं को फलों की टोकरी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित माताओं एवं बालिकाओं को बाल विवाह न करने, बेटियों की शिक्षा सुनिश्चित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बेटियां समाज की शक्ति हैं और उनके संरक्षण, शिक्षा एवं सशक्तिकरण से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।

# आरपीएफ ने लावारिस देसी शराब बरामद कर रेल थाना को किया सुपुर्द



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि आरपीएफ डिहरी ऑन सोन के उप निरीक्षक शिवराज साह साथ, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, आरक्षी संतोष कुमार एवं आरक्षी सर्वोदय पासवान सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन में गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन से पूरब किलोमीटर संख्या 554/1001 के पास स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से करीब 5 मीटर दक्षिण में लावारिस हालत में एक प्लास्टिक बोरा एवं एक पिट्ठू बैग में कुछ वजनी सामान रखा हुआ दिखाई दिया जिसके पास जाकर उक्त बोरा एवं पिट्ठू बैग को चेक करने पर कुल 110 अदद छबीली मसालेदार देसी शराब, कुल 22 लीटर बरामद हुआ जिसका अनुमानित कीमत 4950 रूपये है जिसे मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए लावारिस शराब को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई वास्ते राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन सोन को सुपुर्द किया गया।

# आर.एस.के. पब्लिक स्कूल शतरंज प्रतियोगिता में बना ओवरऑल चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** आर.एस.के. पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर (डिहरी) ने शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। 21 दिसंबर 2025 को अखिल बिहार शतरंज संघ से संबद्ध रोहतास जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में सासाराम में द्वितीय इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रोहतास जिले के 27, भोजपुर जिले के 8 तथा औरंगाबाद, पटना और कैमूर जिले से एक-एक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त पश्चिम बंगाल के कोलकाता एवं उत्तर प्रदेश के वाराणसी से भी एक-एक विद्यालय की सहभागिता रही। कुल 11 विद्यालयों की ओवरऑल सूची में आर.एस.के. पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर ने 55.5 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, आदमपुर द्वितीय तथा सेंट पॉल स्कूल, सासाराम तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए 23 दिसंबर 2025 को विद्यालय की प्रार्थना सभा में सभी विजेता विद्यार्थियों को अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के खेल भविष्य को लेकर पूर्णतः सजग है तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भागीदारी हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में बिहार शतरंज संघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिन्हा, रोहतास जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष नंद कुमार सिंह एवं समाजसेवी साकेत कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। जय प्रकाश सिन्हा ने कहा कि शतरंज जैसे खेलों से मानसिक, बौद्धिक एवं रणनीतिक क्षमताओं का विकास होता है। वहीं नंद कुमार सिंह ने विद्यालय की सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका की सराहना की। निदेशक आनंद सिंह ने संयुक्त निदेशक गिन्नी सिंह, उपनिदेशक रंजन कुमार सिंह, प्रिंसिपल राज नारायण सिंह, जूनियर प्रिंसिपल प्रेमलता शर्मा, वाइस प्रिंसिपल रवि श्रीवास्तव तथा विद्यालय के खेल शिक्षक बादल गुरु एवं अरुण कुमार अरुण को विशेष रूप से बधाई दी। विद्यालय के सफल प्रतिभागियों में आदित्य यादव, आयुष कुमार, देवास पांडे, लक्ष्य गुप्ता, ओंकार सोनी, श्रेया भारती, अरण्य कुमार, अंकुश कुमार, कार्तिक यादव, कृष्ण कुमार, प्रत्यूष गौरव, सत्यम सिंह, तेजस्वी कुमार, सान्वी श्रीवास्तव, आयुष गौरव, मुन्ना, रेयांश राज, सिद्धार्थ विश्वकर्मा, तन्मय विश्वकर्मा, उमंग राज, विनायक कुमार सिंह, पूजा कुमारी, शिवानी, सौम्या कुमारी, अथर्व आर्य, विराट राज, फ्लोरिना एवं साक्षी शामिल हैं।

# एनसीसी कैडेटों को दिया गया प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय राधा शांता कॉलेज में चल रहे 13 बिहार बटालियन एनसीसी के 10 दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण शिविर कैट्स-19 में मंगलवार को कैंप के सातवें दिन विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम सुबह सभी एनसीसी कैडेटों का फिजिकल ट्रेनिंग कराया गया। उसके बाद सभी कैडेट्स को ड्रिल पूरे डिसिप्लिन के साथ कराया गया। साथ ही सभी कैडेट्स को बारी-बारी से फायरिंग रेंज पर फायरिंग का अभ्यास भी कराया गया। आज सुबह कड़ाके के ठंड के बावजूद सभी कैडेट्स बड़े ही उत्साह के साथ अपने-अपने सभी प्रशिक्षक को प्राप्त करने में तात्पर्य दिखे। इसके साथ ही पी आई स्टाफ के द्वारा फील्ड सिग्नल के बारे में सभी कैडेट्स को क्लास लेकर विशेष जानकारी दिए गए। कैंप का जायजा लेते हुए कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक ने बताया कि बटालियन के लेफ्टिनेंट सच्चिदानंद सिंह, लेफ्टिनेंट अक्षय जैन, प्रमोद कुमार यादव, डी पी सिंह के द्वारा सभी कैडेट्स को अलग-अलग क्लास लेकर पब्लिक स्पीकिंग, हेल्थ एवं हाइजीन के विषय पर विस्तार पूर्वक अनेक प्रकार से उदाहरण देकर बहुत सारे जानकारियां दिए एवं अनेक तत्वों को बताए। साथ ही संध्या में अनेक प्रकार के खेल एवं कल्चर प्रोग्राम का अभ्यास भी कराया गया। विशेष कर खेल में टग ऑफ वॉर सराहनीय रहा। इस मौके पर बटालियन एवं कॉलेज के समस्त सैन्य एवं असैन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# सूदखोरी कांड में गिरफ्तार, कैश व कागजात जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** कैमूर की कुदरा पुलिस ने सूदखोरी में पूरब मोहल्ला के लक्ष्मण साह को गिरफ्तार कर लिया। छानबीन में उसके घर से कैश व कागजात भी जब्त किया गया। एसपी हरिमोहन शुक्ल ने प्रेस को बताया कि संतोष तिवारी उर्फ पंकज तिवारी पे0 स्व0 मुन्ना तिवारी सा0-कुदरा वार्ड नं0 10 थाना-कुदरा के आवेदन पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बीते 22 को थानाध्यक्ष कुदरा को एक लिखित आवेदन दिया कि वर्ष 2022 में बहन की शादी के लिए लक्ष्मण साह, पे0-स्व0 मथुरा साह, सा0- कुदरा पूरब मोहल्ला, थाना- कुदरा से 1,50,000/- रूपया उधार लिया था। सिक्योरिटी के रूप में आरोपी ने बंधन बैंक मोहनियां का ब्लैक चेक हस्ताक्षर कराकर रख लिया था। आठ-दस बार में कुल 56,000/-रूपया लक्ष्मण साह को वापस कर दिया। पुनः दिनांक 27.09.25 को शेष 94,000/- रूपये वापस कर ब्लैक चेक का मांग किया तो लक्ष्मण साह ने सूद का 5.27,240/-रूपये की मांग की तथा चेक देने से इन्कार कर दिया। इस पर लक्ष्मण साह ने आवेदक के साथ गाली-गलौज, मारपीट किया तथा जबरन सादा पेपर पर बकाया 5.27,240/- रूपया लिखवाकर हस्ताक्षर करवा लिया तथा पैसा देने के लिए दबाव बनाने लगा। थानाध्यक्ष कुदरा द्वारा कांड दर्ज कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित किया गया। इसके सत्यापन तथा त्वरित कार्रवाई के लिए अनु0पु0पदा0 मोहनियां के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी लक्ष्मण साह के घर पर छापामारी किया गया। छापामारी में उसके घर से 39 डीड, 245 ब्लैक चेक, डायरी जिसमें कर्ज लेने वाले का ब्योरा दर्ज, 1.764 किलो चांदी, नगद 17,0000 रूपया तथा 65 ब्लैक स्टॉम्प पेपर बरामद किया गया तथा लक्ष्मण साह, पे0 स्व0 मथुरा साह, सा0 कुदरा पूरब मोहल्ला, थाना- कुदरा, जिला- कैमूर को गिरफ्तार किया गया।

# बिहार पुलिस जवान की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** बिहार रक्षा वाहिनी के 56 वर्षीय जवान ददन राम का इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई जो कुदरा थाना क्षेत्र के भरिगावा गांव के रहने वाले थे जो दुर्गावती थाना में कार्यरत थे। ड्यूटी के दौरान एकाएक तबीयत खराब हुआ जिसे अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर वाराणसी रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। रिश्तेदार और ग्रामीण ने घर पहुंचकर परिवार को ढाढस बढ़ाया। वही बिहार पुलिस के जवान एवं डीएसपी द्वारा विधिवत सलामी दी गई।

# भारी मात्रा में शराब बरामद

**चेनारी।** राजस्थानी होटल के पास से एक ट्रक पर लदाकुल 6271.9 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया तथा ट्रक नंबर आरजे 19 जीएफ 1839 के चालक तगाराम पिता पूनामा राम ग्राम कुंपलिया थाना-गिड्डा जिला-बाड़मेर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 240_2025-26, दिनांक 19.12.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, पूर्व रेलवे, **नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-**711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। ई-निविदा सं. 240_2025-26, कार्य का विवरण :** एईएन/डीकेएई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डीकेएई की शाखा में शिबाईचंडी, चेराग्राम ब्लॉक हट, गुड़ाप और झापानडांगा में गैंग हट का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 91,85,543.41, **बयाना राशि:** रु. 1,83,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 12.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-479/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस सं0-52 ऑफ 2025-26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।** मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाईन (ई - निविदा) आमंत्रित की जाती है ।

**निविदा सं0-28-डीडीयू-व.मं.इंजी.-मुख्यालय-25-26, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** जोन सं0-2 सहायक मंडल इंजीनियर / मुख्यालय / डीडीयू के अधीन सभी लकड़ी मरम्मत कार्य के क्षेत्रीय ठेके, डीजल कालोनी, हापड़ कालोनी, लोको कालोनी, सेन्ट्रल कालोनी, न्यू सेन्ट्रल कोलोनी, और पुलिस कालोनी, के कर्मचारी आवास, ए0आर0टी0 साइडिंग एवं यार्ड के पुराने आर०ओ०बी० से इलाहाबाद अप एवं डाउन लाइन की सीमा समाप्ति तक लखनऊ पसिन्जर तथा माल लाईन एवं सभी केबिनों सहित, पी०वे० प्रशिक्षण विद्यालय, टी०एल०आई० कार्यालय अप यार्ड कालोनी, गया कालोनी, मानस नगर कालोनी के कर्मचारी रेल आवास और सर्विस बिल्डिंग, जैसे टी०आर०एस० ट्रेनिंग स्कूल एवं छात्रावास, मानस संस्थान, आर०पी०एफ० अप पोस्ट, आर०पी०एफ० बैरक, सब स्टेशन, आर०सी०सी० ओ0एच0 टैंक, स्टील ओ०एच० टैंक, ए०टी०पी० स्कूल, पम्प हाउस, टेलिफोन एक्सचेंज, हेल्थ यूनिट तथा सब स्टेशन इत्यादि । **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** 49,30,588.80, **(iii) धरोहर राशि :** 98,600.00. **निविदा सं0-29-डीडीयू-व.मं.इंजी.-मुख्यालय- 25-26, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डी.डी.यू. के अधीन वैगन केयर सेंटर में आरए/आरडी शेड और व्हील लेथ शेड में शेड की छत की शीट का फिटमेंट कार्य । **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** 99,17,050.14, **(iii) धरोहर राशि :** 1,98,400.00. ● **ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 12.01.2026 को 12:00 बजे तक, ● वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी: **www.ireps.gov.in नोटः**-विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।

मंडल रेल प्रबंधक,
पूर्व मध्य रेल, पं.दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1493/डीडीयू/ईंजी./टी/25-26/60



**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद।**
**(खनन शाखा)**

**औरंगाबाद जिलान्तर्गत जप्त बालू की नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप जप्त बालू की नीलामी दिनांक- 05.01.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय, औरंगाबाद स्थित सभागार में खुले डाक के माध्यम से निर्धारित शर्तों के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्य कारण से यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है तो वैसी स्थिति में अगले कार्य दिवस-06.01.2026 को नीलामी करायी जायेगी।

1. जप्त बालू का स्थल एवं मात्रा की विवरणी :-

| क्र० | जप्त बालू का भंडारण स्थल | भू-निदेशांक | बालू की मात्रा (घनफीट में) | सुरक्षित जमा राशि (रू० में) | अग्रधन राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मुफस्सिल थाना परिसर, औरंगाबाद। | Lat-24.737574, Log-84.406233 | 18000 | 305100 | 76300 |
| 02 | नबीनगर थानान्तर्गत शमशान घाट के समीप | Lat-24.59783833, Log-84.1248299 | 2000 | 33900 | 8500 |

2. नीलामी के शर्त एवं बन्धेज के साथ विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in/notice_category/tenders पर देखा जा सकता है।
3. नीलामी से संबधित किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा CLARIFICATION के लिए जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद (मो0 नं0 9471565229) से संपर्क किया जा सकता है।
. नीलामी से संबधित किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा CLARIFICATION के लिए जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद (मो0 नं0 9471565229) से संपर्क किया जा सकता है।
4. अपरिहार्य कारण से किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकार समाहर्त्ता, औरंगाबाद को सुरक्षित रहेगा।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 20236 ( Mines ) 2025-26 — नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## एक नजर

### सुषमा कुमारी की मनी दसवीं पुण्यतिथि



**बिहारशरीफ।** मंगलवार को स्व. सुषमा कुमारी का दसवां पुण्यतिथि कैरियर पब्लिक स्कूल रांची रोड, बिहारशरीफ एवं सीता शरण मेमोरियल स्कूल, भतहर थरथरी के प्रांगण में मार्मिक रूप से मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ० संजय कुमार, प्राचार्य ई० संदीप कुमार, उपप्राचार्या अनुप्रिया भारती ने उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही साथ उनके पौत्र शाश्वत एवं शिवांश ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभी शिक्षक अभिभावक, तथा विद्यालय के बच्चों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आंखें नम हो गयी। विद्यालय प्राचार्य ने सुबह की सभा में माँ के महत्व पर प्रकाश डाले। निर्गुण संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संगीत कार्यक्रम में संगीत शिक्षक, पवन कुमार, स्वादेश कौशिक तथा स्कूली बच्चों ने अपने गीत-संगीत से सुबह की सभा को भावुक कर दिया। विद्यालय निदेशक डॉ० संजय कुमार, प्राचार्य ई० संदीप कुमार, उपप्राचार्या अनुप्रिया भारती द्वारा आज गरीबो तथा असहाय लोगो के बीच कम्बल एवं पोशाक का वितरण किया गया।

### नवादा में खुला नया पेट्रोल पंप



**नवादा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित नहर पर कादिरगंज मार्ग दौलतिया गांव में एक नए पेट्रोल पंप भान फ्यूल पंप का उद्घाटन किया गया। यह पेट्रोल पंप इस क्षेत्र में लंबे समय से महसूस की जा रही कमी को पूरा करेगा। नहर पर कादिरगंज मार्ग पर पहले कोई पेट्रोल पंप नहीं था, जिससे किसानों और वाहन चालकों को डीजल-पेट्रोल खत्म होने पर काफी परेशानी होती थी। यह पेट्रोल पंप 24 घंटे डीजल और पेट्रोल की सुविधा प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, यहां हवा, पानी और शौचालय जैसी अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। भान फ्यूल के संचालक प्रतीक भान ने बताया कि मेरे पेट्रोल पंप में मात्रा एवं किस्म की पूर्ण गारंटी है। सही पेट्रोल देने के लिए सही मात्रा में देने के लिए हम और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन कटिबंध है। कई लोगों ने कहा की यहां पेट्रोल पंप खुलने से आसपास लोगों के अलावा राहगीरों को फायदा होगा।

### शीतलहरी ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**नरहट (नवादा)।** प्रखण्ड में लगातार चार दिनों से कुहरा और शीतलहरी के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। सुबह से शाम तक आसमान में कोहरा का प्रकोप बना हुआ रहता है। ठंढ और शीतलहर के कारण लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। छोटे छोटे स्कुली बच्चों को विद्यालय जाने में फजीहत हो रही है। ठंढ अधिक बढ़ जाने के कारण सड़कों बाजारों में भी पहले जैसी चहल पहल नजर नही आ रही है। सुबह के पहर कोहरा इतना घना होता है कि कुछ ही मीटर की दूरी देख पाना कठिन हो जाता है। इससे न केवल आम लोगों को परेशानी हो रही है बल्कि वाहन चालकों को भी खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुहरा के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है जिससे आवागमन प्रभावित हो रही है। सुबह शाम चाय की दुकानों पर लोगों की भीड़ पहले से ज्यादा दिखाई दे रही है। ठंड के कारण गर्म कपड़ों, कम्बल, अलाव की मांग बढ़ गयी है। बढ़ती ठंढ को लेकर पूछे जाने पर सीओ ने बताया कि शनिवार से ही चौक चौराहे पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जा रही है।

### वार्ड सचिव का चयन, सुभाष रविदास निर्वाचित

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत कला पंचायत के वार्ड संख्या–5 गढ़िया पर में मंगलवार को वार्ड सचिव के चयन को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा की अध्यक्षता वार्ड सदस्य धनंजय कुमार ने की। वार्ड सचिव पद के लिए सुभाष रविदास एवं मुकेश रविदास ने अपनी-अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। दोनों उम्मीदवारों के मैदान में होने के कारण लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कराया गया। चुनाव में कुल 245 मत पड़े, जिनमें सुभाष रविदास को 170 मत प्राप्त हुए, जबकि मुकेश रविदास को 75 मत मिले। स्पष्ट बहुमत के साथ सुभाष रविदास को वार्ड सचिव पद के लिए चयनित घोषित किया गया। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद उपस्थित ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित वार्ड सचिव को बधाई दी और उनसे वार्ड के विकास कार्यों को पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर पंचायत के उप मुखिया जितेंद्र प्रसाद, पंचायत सचिव कृष्ण रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### यूडीआईडी कार्ड निर्माण को लेकर शिविर आयोजित

**हिलसा (नालंदा)।** मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हिलसा में दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड निर्माण तथा संबल योजना के तहत आवेदन भरने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों ने निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी अंकित कर संबंधित प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति संलग्न करते हुए आवेदन जमा किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुजीत कुमार बरनाला ने बताया कि नालंदा समाहरणालय स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, बिहारशरीफ के निर्देश पर यह शिविर आयोजित किया गया है। यूडीआईडी कार्ड बन जाने के बाद दिव्यांगजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कुल 10 दिव्यांगजनों ने आवेदन जमा किया। शिविर को लेकर दिव्यांगजनों में उत्साह देखा गया और प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर बीडीओ अमर कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पूनम सागर, रंजीत रंजन सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं संबंधित विभागों के कर्मी उपस्थित रहे।

### हजार लीटर देशी शराब जब्त

**नवादा।** जिले के रजौली थाना क्षेत्र में बिहार शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर पुलिस बलों के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बिहार-झारखंड सीमा क्षेत्र के घोड़तापी गांव के समीप जंगली के जंगल से बड़े पानी की टंकी में रखे लगभग 1000 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया।

**नए साल के जश्न में हो रही थी शराब की पैकिंग :** नए साल के जश्न में शराब पार्टी मनाने के लिए शराब के शौकीन लोग जुगाड़ करने में जुट गए हैं। वहीं शराब तस्कर भी शाकिनों को शराब आपूर्ति करने के लिए नए साल के पहले से ही तैयारी में जुट गए हैं।

थानाध्यक्ष सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि जंगल में शराब की पैकिंग को लेकर गुप्त सूचना मिली। गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर पीएसआई सचिन कुमार,एएसआई अमित कुमार,एएसआई सत्यदेव प्रसाद एवं एएसआई पवन कुमार के अलावे सशस्त्र बलों के साथ छापेमारी की गई।

**पानी की टंकी में रखी शराब बरामद, प्राथमिकी दर्ज :** छापेमारी के दौरान शराब पैकिंग में जुटे दो लोग पुलिस बलों को देखकर जंगली रास्तों के सहारे भागने लगे,जिसका पुलिस बलों ने काफी पीछा किया, किंतु वे पकड़ से बाहर रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं एवं सेवाओं की प्रगति हेतु जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ डीएम कुंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की। इस बैठक में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनोपयोगी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों की उपस्थिति, उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं तथा चिकित्सक रोस्टर प्रदर्शित करने की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा डॉक्टर रोस्टर को डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि आमजन को समय पर सही जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में बेहतर सेवा बहाल करें, सभी एमओआईसी अपने कार्यशैली में बदलाव लाएं, पीएचसी में प्रवेश होते ही मरीजों को यह आभास होना चाहिए कि सरकारी चिकित्सा व्यवस्था हर मरीज के सुविधा के लिए पूर्ण रूप से तत्पर है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल एवं जिला अस्पताल में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सतत रूप से उपलब्ध रहें। जिन संस्थानों में तकनीकी अथवा संसाधन संबंधी समस्या पाई गई है, उन्हें शीघ्र दूर करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिलेभर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर कार्य किये जा रहे हैं,आप सभी डॉक्टर एवं कर्मी बधाई के पात्र हैं। सख्त निर्देश देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा निर्देशों का अनुपालन नहीं करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, विशेषकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क प्रेगनेंसी को पूर्व से ही चिन्हित करें, एंबुलेंस, डॉक्टर्स , नर्स को प्रशिक्षित करें, ताकि ससमय पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। डब्लू एच ओ के गाइडलाइन का अक्षरशः पालन किया जाए। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी पीएचसी स्तर तक साफ सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, साफ सुथरा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें, पर्याप्त मात्रा में मेडिसिन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, पैथोलॉजी, एक्स-रे, सीटी स्कैन, सीबीसी मशीन को हर हाल में क्रियाशील रखें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी स्वास्थ्य संस्थान पूरी संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, डीपीओ आइसीडीएस, डीपीएम हेल्थ, डीएस, सभी एम ओ आई सी, हेल्थ मैनेजर, जिला स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारी गण, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## एसडीएम ने विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण



**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ के द्वारा बिहार शरीफ प्रखंड में अवस्थित विभिन्न कार्यालय का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अवस्थित आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के क्रम में सभी कर्मी उपस्थित पाए गए। सभी कर्मी का नेम प्लेट नहीं लगा पाया गया।

मनरेगा कार्यालय बिहार शरीफ के निरीक्षण में कार्यालय परिसर में काफी गंदगी पाया गया ।इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा बिहार शरीफ को कार्यालय परिसर की साफ सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। अंचल अभिलेखागार का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के क्रम में अभिलेखागार में लगे सीसीटीवी कैमरा खराब पाए गए। इस संबंध में राजस्व अधिकारी, बिहार शरीफ से पूछे जाने पर उनके द्वारा संतोषजनक प्रति उत्तर नहीं दिया गया। अंचल अधिकारी बिहार शरीफ को निर्देश दिया गया कि अभिलंब अभिलेखागार में सीसीटीवी कैमरा लगाएंगे।

प्रखंड कार्यालय परिसर में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय बिहार शरीफ का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में मात्र एक छात्र उपस्थित पाए गए। इस संबंध मे प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण किया गया है। अंचल कार्यालय के कर्मी कक्ष के निरीक्षण में सभी कर्मी के पास नेम प्लेट एवं कर्तव्य तालिका नहीं लगा पाया गया। कैश बुक, कर्म पुस्तिका, अद्यतन नहीं पाया गया। प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण में आगत-निर्गत पंजी विधिवत संधारित नहीं पाया गया। प्रखंड जनता दरबार से संबंधित आवेदन पत्र की मांग प्रखंड समन्वयक से किए जाने पर उनके द्वारा उपस्थापित नहीं किया गया। पंचायत सचिव प्रहलाद सिंह ग्राम पंचायत राज मेघी नगवां का बायोमेट्रिक उपस्थिति विवरणी की मांग की गई उनके द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। बाल विकास बाल विकास परियोजना कार्यालय बिहार शरीफ सदर के निरीक्षण में उपस्थित कमी के द्वारा बताया गया कि पूर्व लिपिक के द्वारा रोकर वही का प्रभार आज तक नहीं दिए जाने के कारण कैश बुक अद्यतन नहीं किया गया है इस संबंध में निर्देशित किया गया कि दो दिनों के अंदर संबंधित कर्मी से रोकड़ बही का प्रभार प्राप्त करेंगे।

## 160 से अधिक वाहनों पर 10 लाख से अधिक का जुर्माना

### जिले में चला सघन वाहन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय के निर्देशानुसार समाहरणालय गेट, हिसुआ, नारदीगंज रोड सहित जिले के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों में हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता, ट्रिपल लोडिंग, भारी वाहनों का फिटनेस, बीमा (इंश्योरेंस), प्रदूषण प्रमाण-पत्र, परमिट की वैधता, वाहन पर हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट सहित अन्य यातायात नियमों की सघन जांच की गई। जांच के क्रम में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 160 से अधिक वाहनों को चिन्हित करते हुए कुल 10.10 लाख से अधिक की दण्ड राशि अधिरोपित की गई।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रकार का जाँच अभियान आगे भी नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। आमजनों से अपील की गई है कि वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें तथा यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि दोपहिया वाहनों के परिचालन में हेलमेट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने हेतु "नो हेलमेट, नो पेट्रोल" की नीति को सख्ती से लागू किया जाएगा। सभी पेट्रोल पंप मालिकों/संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त नीति का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

## किसान दिवस पर याद किये गए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** राष्ट्रीय किसान दिवस पर मंगलवार को जेपी आश्रम परिसर अवस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अविन्द कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह समेत कृषि वैज्ञानिक अंगद कुमार,रौशन कुमार, डॉ० शशांक शेखर सिंह, रविकांत चौबे आदि ने पूर्व पीएम के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा किया।

## महाराजा बिजली पासी जयंती पर मूर्ति स्थापना हेतु होगा शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** गुरुवार को शिरोमणि महाराजा बिजली पासी की जयंती समारोह के अवसर पर उनकी मूर्ति स्थापना हेतु शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस पावन अवसर पर जिले भर से समाज के गणमान्य लोग, बुद्धिजीवी, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन सीतामढ़ी (मेसकौर) में किया जाएगा। समारोह की शुरुआत पूर्वाह्न 11 बजे होगी। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम समाज में एकता, सम्मान और प्रेरणा का संदेश देगा। महाराजा बिजली पासी को सामाजिक न्याय, वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है, और उनकी जयंती पर आयोजित यह आयोजन नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने का कार्य करेगा।

## सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम है डाक चौपाल : सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** हरनौत के बस्ती गांव में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कौशलेंद्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता को डाकघर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना है। कार्यक्रम में डाक अधीक्षक कुंदन कुमार, डाक निरीक्षक (दक्षिणी) रामाशिष प्रसाद, डाक निरीक्षक (पूर्वी) रंजीत कुमार रजक, डाक निरीक्षक (केंद्रीय) विकास राय, हरनौत पोस्टमास्टर संतोष कुमार, बिहारशरीफ पोस्टमास्टर मनीष आनंद एवं डिप्टी पोस्टमास्टर अमलेश कुमार उपस्थित थे। डाक चौपाल के दौरान डाकघर की प्रमुख सेवाओं जैसे स्पीड पोस्ट/पार्सल सेवा, आधार केंद्र, खाता खोलो अभियान, सुकन्या समृद्धि योजना, आइपीपीबी खाता सहित अन्य बचत योजनाओं पर विशेष कैंप लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान 3200 बचत खाते, 20 एसएसए खाते, 25 आईपीपीबी खाते खोले गए। साथ ही 15 नए आधार कार्ड, 20 आधार अपडेट एवं 20 बाल आधार बनाए गए। इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन एवं सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। डाक चौपाल जैसे कार्यक्रम आम जनता को सीधे लाभ पहुंचाते हैं। डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि डाक विभाग निरंतर प्रयासरत है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग, डिजिटल एवं आधार सेवाएं सुलभ हों और इसके लिए आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 डाक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने डाक विभाग की इस पहल की सराहना की।

## अंचलाधिकारी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नगरनौसा (नालंदा)।** शीतलहर और बढ़ती ठंड को देखते हुए नगरनौसा प्रखंड में प्रशासन ने राहत की गर्माहट पहुंचाई। अंचलाधिकारी राजीव कुमार रंजन के निर्देशन में तथा अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जरूरतमंद, गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण अभियान चलाया गया। इस क्रम में नगरनौसा, बादल बीघा, महानंदपुर, खजुरिया बीघा एवं तीनि गांव में सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहयोग से चिन्हित लाभुकों के बीच लगभग 70 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर लाभुकों के चेहरों पर राहत और संतोष स्पष्ट रूप से झलकता नजर आया। अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि ठंड के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए सरकार से प्राप्त निर्देशिका के आलोक में प्रखंड के सभी पात्र लाभुकों तक कंबल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान राजस्व कर्मचारी अंकित कुमार, जितेंद्र कुमार, आदित्य कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। प्रशासन की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है, जिससे ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिली है।

## सांसद ने नवादा की कुछ पंचायतों को नगर पंचायत में शामिल करने की मुख्यमंत्री से की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** सांसद विवेक ठाकुर ने क्षेत्र के तीव्र शहरीकरण, बढ़ती जनसंख्या एवं आधारभूत सुविधाओं की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने नवादा लोकसभा क्षेत्र की कुछ प्रमुख ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत में शामिल किए जाने की अपील की है। सांसद विवेक ठाकुर ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान में कई ग्राम पंचायतें शहरी स्वरूप ग्रहण कर चुकी हैं, जहां सड़कों, नालों, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, बाजार व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं स्वच्छता जैसी नगर निकाय स्तर की सुविधाओं की निरंतर आवश्यकता महसूस की जा रही है। ग्राम पंचायत की सीमित संरचना के कारण इन आवश्यकताओं की पूर्ति प्रभावी ढंग से संभव नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों द्वारा भी लगातार यह मांग की जा रही है कि इन ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत के अंतर्गत लाया जाए, ताकि क्षेत्र का संतुलित, योजनाबद्ध एवं सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके। सांसद विवेक ठाकुर ने जिन ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत में शामिल करने का अनुरोध किया है, उनमें प्रमुख रूप से पकरीबरावां, अकबरपुर, नारदीगंज, कौआकोल, रोह एवं सिरदला ग्राम पंचायत शामिल हैं। सांसद ने विश्वास व्यक्त किया है कि राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लिए जाने से क्षेत्रवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा बिहार के शहरी विकास को नई गति मिलेगी।

## फरियादियों की समस्याओं की हुई सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। इस क्रम में कुल 07 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से 05 मामलों का ऑन द स्पॉट निवारण कर दिया गया। द्वितीय अपील के अंतर्गत राघवेन्द्र कुमार (ग्राम एवं पो०–कहुआरा, थाना–नारदीगंज), सारंजय सिंह (सेवानिवृत्त कृषि पदाधिकारी, रजौली), मनीष कुमार (ग्राम–शिवगंज, पो०–मंझवे, थाना–सीतामढ़ी), प्रतिमा देवी (ग्राम–कलौंदा, पो०–सकरपुरा, प्रखंड–अकबरपुर) तथा रामचंद्र सिंह (ग्राम–ओढ़नपुर, पो०–ओढ़नपुर, प्रखंड एवं अंचल–नवादा) द्वारा पारित आदेश से असंतुष्ट होकर बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित मामलों में विभागीय पदाधिकारियों द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसके आधार पर शिकायतों का निपटारा कर दिया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर अधिकतम दो माह के भीतर निवारण किया जाता है। प्रखंड एवं पंचायत स्तर से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के लिए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय परिसर में लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन (मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर) में संचालित है। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष रूप से कार्रवाई की जाती है। लोक शिकायत निवारण की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। शिकायत दर्ज करने, सुनवाई एवं अपील दायर करने के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। आदेश से असंतुष्ट होने की स्थिति में निःशुल्क अपील की सुविधा भी उपलब्ध है। शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया को और सरल बनाया गया है। अब आम नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी शिकायतें एवं अपील दायर कर सकते हैं।

आमजन से अपील है कि वे बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

## मृत्यु उपरांत एम्बुलेंस के माध्यम से ही शवों को घर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से डीआरडीए सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गैर-संचारी रोग, टीबी उन्मूलन, टीकाकरण, एचपीवी वैक्सीनेशन, संस्थागत प्रसव, डायरिया नियंत्रण सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि जिले की 19 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की जा चुकी हैं। जिलाधिकारी द्वारा सभी एमओआईसी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि मृत्यु उपरांत एम्बुलेंस के माध्यम से ही शवों को घर तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत ईएमटी एवं एम्बुलेंस ड्राइवर का चयन रैंडमाइजेशन के माध्यम से करना सुनिश्चित करें तथा ईएमटी का परीक्षा उपरांत ही लेवल जांच किया जाए एवं अनुभवी ईएमटी के द्वारा ही कार्य संचालित किया जाए।जिला पदाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें एवं आने वाले रोगियों की समुचित जांच कर उनका उपचार करें। मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अस्पताल में उपलब्ध सभी संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि अस्पताल में मरीजों को अधिक समय तक प्रतीक्षा न करनी पड़े, इसके लिए भव्या ऐप का शत-प्रतिशत उपयोग किया जाए। मरीज को दी जा रही दवाओं की प्रविष्टि भी सुनिश्चित की जाए।

## कौआकोल में 24 दिवसीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण सम्पन्न

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल प्रखण्ड स्थित गायत्री प्रोजेक्ट बालिका इंटर विद्यालय में 26 नवम्बर से शुरू हुए 24 दिवसीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस विशेष शिविर में विद्यालय की कुल 95 छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त करना है,ताकि वे संकट की स्थितियों में अपनी सुरक्षा कर सकें। प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक अरविंद कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा की कई महत्वपूर्ण तकनीकों का अभ्यास कराया गया,जिनमें पंच, किक और ब्लॉक जैसी मूलभूत तकनीकें शामिल थी। उन्हें यह भी सिखाया गया कि आपातकालीन स्थिति में पेन, सेफ्टी पिन और मिर्ची स्प्रे जैसे सामान्य सुरक्षा उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे करें। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता और आत्मविश्वास के साथ प्रतिक्रिया देना ही सुरक्षा का पहला कदम होता है। इसके अतिरिक्त, छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई।

# मगध पुस्तक मेला एवं सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ

## ▸ केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने किया उद्घाटन ▸ मगही नाटक 'दशरथ मांझी' ने दर्शकों को किया भावविभोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** ऐतिहासिक गांधी मैदान, गया जी में मगध पुस्तक मेला सह सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र में सम्मानित अतिथि के रूप में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील सिंह एवं विशिष्ट शैक्षिक अतिथि के रूप में मगध विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर डॉक्टर बीके मंगलम एवं बोधगया मठ से स्वामी विवेकानंद गिरी सहित शहर के कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। अपने संबोधन में मांझी ने कहा कि पुस्तक मेले और सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में ज्ञान, विचार और संस्कृति का प्रसार होता है। ऐसे आयोजन युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को साहित्य, कला और अध्ययन से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मगध की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में यह महोत्सव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मांझी ने मगही भाषा में अपने संबोधन के माध्यम से स्थानीय संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की है। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए पुस्तक और साहित्य संस्कृति की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजय कुमार करण ने की एवं अनंत धीश अमन, एडवोकेट जावेद यूसुफ साहब, गया घर आने के संगीतकार राजन सिजूआर, अनंतधीश अमन, आदि मंचासिन थे। राज्य की चर्चित नाट्य संस्था प्रयास, पटना द्वारा प्रसिद्ध रंग निर्देशक एवं लेखक मिथिलेश सिंह के लिखित-निर्देशित चर्चित मगही नाटक दशरथ मांझी की शानदार प्रस्तुति दी गई। नाटक ने 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के संघर्ष, संकल्प और सामाजिक सरोकारों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से मंच पर जीवंत कर दिया है। दर्शकों ने हर सशक्त संवाद पर तालियों की गूंज से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया है। रंग निर्देशक मिथिलेश सिंह ने बताया कि इस नाटक का मंचन देश के विभिन्न शहरों में हो चुका है और गया में इसका यह 40वां प्रदर्शन रहा है। उन्होंने दशरथ मांझी से जुड़ी गहलौर-रेल परियोजना को शीघ्र प्रारंभ किए जाने तथा दशरथ मांझी को भारत रत्न प्रदान किए जाने की मांग भी दोहराई। नाटक में दशरथ मांझी की भूमिका उदय कुमार शंकर ने और फगुनिया की भूमिका रजनी शरण ने अत्यंत सशक्त अभिनय से निभाई है। फगुनिया का संवाद– छोड़ द जी, अब पानी-पानी हो गेलिव – पर पूरा प्रेक्षागृह तालियों से गूंज उठा। अन्य प्रमुख भूमिकाओं में दीपक आनंद, सदानंद पासवान, विनोद कुमार, गिरीश मोहन, वीणा गुप्ता, रामेश्वर कुमार एवं सौरभ कुमार ने भी अपने अभिनय से मंच को प्रभावी बनाया। सह-निर्देशक रवि भूषण बबलू द्वारा ध्वनि संचालन, राजीव राय की प्रकाश परिकल्पना, सुनील शर्मा का मंच निर्माण, संगीत संजय उपाध्याय तथा मंच संरचना पद्मश्री प्रो. श्याम शर्मा द्वारा की गई। इस महोत्सव में उपस्थित अतरी के विधायक रोमित कुमार ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कलाकारों को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# वजीरगंज के 10 विभूति बिहार आइकन अवार्ड से सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वजीरगंज।** अंतिम वर्ष 2025 एवं आरोग्य गुरु राष्ट्रीय मासिक पत्रिका के 10वें वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय हिन्दी मासिक स्वास्थ्य पत्रिका आरोग्य गुरु के तत्वावधान में रविवार को बिहारशरीफ के दीपनगर स्थित नालंदा वाटिका उत्सव हॉल में पूरे बिहार राज्य के चयनित 50 महान विभूतियों को बिहार आइकन अवार्ड -2025 से सम्मानित किया गया। बिहार के विभिन्न जिलों से चयनित 50 महान विभूतियों में से प्रखंड के मध्य विद्यालय दखिनगांव के शिक्षक प्रभाकर कुमार एवं शिक्षिका मधु सहित वजीरगंज के 10 लोगों को भी सम्मान मिला है जिसमें शिक्षक, समाजसेवी एवं अन्य लोग भी शामिल हैं जिन्हें उत्कृष्ट शिक्षण सेवा, समर्पण और सामाजिक योगदान के लिये बिहार आइकन अवार्ड -2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी के चीफ कैप्टन आर.के.पाण्डेय ने बिहार आइकन अवार्ड का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आयोजक आरोग्य गुरु के निदेशक सौरभ कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में योग्य शिक्षकों, समाजसेवियों एवं सभी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक संगठन के लोगों को समाज के सामने प्रेरणास्त्रोत के रूप में प्रस्तुत करना तथा शिक्षा जगत एवं अन्य क्षेत्रों में उनके योगदान को सार्वजनिक रूप में मान्यता देना है। सभी चयनित बिहार के 50 विभूतियों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में शिक्षा, राजनीति एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वजीरगंज के जिला पार्षद डॉ. पिंकी कुमारी, सक्षम स्किल्स डेवलपमेंट अकादमी के निदेशक संतोष कुमार, मध्य विद्यालय केनारडीह के प्रधानाध्यापक नवीन कुमार, मध्य विद्यालय बढ़ही बिगहा के शिक्षक शैलेन्द्र कुमार, एपेक्स क्लासेस के निदेशक दीपक कुमार, मध्य विद्यालय बिच्छा के शिक्षक कमलेश कुमार उर्फ मुन्ना सर, आवासीय नवोदित विद्यालय की प्राचार्या बबीता कुमारी, शिक्षिका श्रीमती प्रभा एवं प्रखंड के मिरगपुर निवासी सह इंजीनियरिंग कॉलेज औरंगाबाद के वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर ओम प्रकाश यादव को भी बिहार आईकन अवार्ड-2025 सम्मानित किया गया।

# केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा गारंटी हटाने के विरोध में प्रदर्शन, जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** कांग्रेस मुख्यालय राजेंद्र आश्रम से जिला समाहरणालय तक पैदल आक्रोश मार्च जिलाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में निकला गया जो समाहरणालय गेट के पास धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी के विरासत को मिटाने और मनरेगा के रोजगार गारंटी खत्म करने का जो प्रयास किया गया है यह सरकार की असफलता को दर्शाता है और कांग्रेस पार्टी इसका भरपूर विरोध करती हैं। धरना प्रदर्शन में कार्यकारी अध्यक्ष शहाबुद्दीन रहमानी समी अख्तर खां, बुद्ध सेवक कुशवाह, शौकत निशात उर्फ नवाब अली, मो. अजहरूद्दीन, केदार प्रसाद, कैलाश प्रसाद यादव, गीता पासवान, बबलू कुमार विश्वकर्मा, वीरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, नाथुन पासवान, वीरेंद्र सिंह, दीपक यादव रामनंदन प्रसाद, चंदन सिंह, जितेंद्र कुमार, गुड्डू यादव, अनिल पासवान, शिव शंकर कुशवाहा, प्रमोद पासवान, धीरज कुमार वर्मा, राज कपूर गुप्ता, संजय कुमार चंद्रवंशी, सविंदर चौधरी, शिवनाथ पासवान, संजय कुमार, चंदन कुशवाहा , आलोक डांगी, दीपक यादव, रामनंदन प्रसाद,और विद्या भूषण वर्मा, रौशन महतो, सुशील चौधरी, सुजीत चौधरी,जयप्रकाश कुशवाहा उपस्थित रहे।

# नाला निर्माण में अनियमितता का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**परैया।** परैया बाजार के अजमतगंत मुहल्ला (परैया -टेकारी सड़क) में हो रहे नाला निर्माण में मुहल्ला के निवासी मृत्युंजय प्रसाद, प्रमोद कुमार, पदमाकर शेखर, कुणाल कुमार आदि कई लोगों ने घटिया निर्माण का आरोप लगाते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पदाधिकारी, टेकारी को आवेदन देकर काम रूकवाकर स्टिमिट के अनुसार काम करवाने का मांग किया है। इस संबंध में मृत्युंजय प्रसाद ने बताया कि उक्त नाला परैया चौक से अशोक उच्च विद्यालय के पास ट्रांसफार्मर तक बनवाया जा रहा है। इस निर्माण में चार एम.एम सरिया एवं घटिया सीमेंट का इस्तेमाल के साथ-साथ गहराई में कमी किया जा रहा है। साथ ही साथ नाला को टेंढ मेढ़ा कर दिया गया है। निर्माणकर्ता द्वारा सही बात बताया नहीं जा रहा है उल्टे विरोध करने पर धमकी दिया जा रहा है। इनके द्वारा किया जा रहा इस अनैतिक कार्य से बाजार वासियों में काफी रोष है। इस संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

# कड़ाके की ठंड में निगम के सफाई कर्मियों के बीच बांटे गये ऊनी वस्त्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए शहर के आजाद पार्क में नगर निगम के सफाईकर्मियों के बीच ऊनी वस्त्र वितरित किया गया। इस दौरान प्रभारी नगर आयुक्त शशिकांत ने कहा कि प्रतिकूल परिस्थिति में यह सफाई कर्मी शहर को साफ और स्वच्छ रखते हैं यह वास्तव में स्वच्छता योद्धा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंड एवं शीतलहर को ध्यान में रखते हुए सफाईकर्मियों के बीच गर्म शॉल एवं अंग वस्त्र का वितरण किया गया। यह मानवीय एवं संवेदनशील पहल वार्ड संख्या 20 के पार्षद धर्मेंद्र कुमार की है। इस दौरान उन्होंने सफाईकर्मियों के बीच वस्त्र वितरित किया। उनके साथ लोक स्वच्छता पदाधिकारी शुभम कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रमोहन, भंडारपाल जितेंद्र कुमार, वार्ड निरीक्षक अनंत मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी को पार्षद धर्मेंद्र कुमार ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि लगभग 70 कर्मियों को उन्हें वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है जिसमें 19 महिलाएं भी शामिल है। महिलाओं को साड़ी शॉल स्वेटर व पुरुष को जींस जैकेट और गर्म टी शर्ट दिया गया। यह वह योद्धा है जिनके कारण नगर निगम लगातार नंबर वन रैंकिंग ला रहा है। इस दौरान वस्त्र और उनी कपड़े पाकर सभी सफाई कर्मी बहुत प्रसन्न दिखे। नगर निगम गयाजी अपने सफाई कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी शहर को स्वच्छ बनाए रखने वाले ये कर्मी वास्तव में हमारे स्वच्छता योद्धा हैं।

# स्कूली बच्चों ने नालंदा एवं राजगीर का किया परिभ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** प्रखंड के नाजरथ ग्लोबल एकेडमी के छात्र-छात्राओं का जत्था मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत शैक्षणिक परिभ्रमण पर राजगीर एवं नालंदा विश्विद्यालय देखने के लिए रवाना हुए। विद्यालय के निदेशक डॉ. आशुतोष प्रसाद सिंह ने बताया कि शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। बच्चे अपनी आंखों से स्वयं दर्शनीय स्थलों को अवलोकन कर अनुभव प्राप्त करते हैं। बच्चों ने नालंदा विश्वविद्यालय का खंडहर एवं राजगीर का परिभ्रमण कर इसके इतिहास को जाना एवं अवलोकन किया। इस दौरान बच्चों ने विदेशी शैलानियों से भी रूबरू हुए और सेल्फी ली। इस मौके पर विद्यालय संचालक कमलेश कुमार उर्फ मुन्ना सर सहित शिक्षक कृष्ण कुमार, राकेश कुमार, श्रुति कुमारी, सूरज कुमार, साध्वी कुमारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# वाहन से अवैध वसूली मामले में फर्जी डीटीओ सहित तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच पुलिस ने अवैध रूप से पिकअप वाहन चालकों से पैसा वसूलने और मारपीट करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए फर्जी डीटीओ सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देश पर की गई। डीएसपी टिकारी सुशांत कुमार चंचल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मामले में पीड़ित द्वारा 23 दिसंबर 2025 को लिखित आवेदन दिया गया था। आवेदन में बताया गया कि रात्रि में अपने दो पिकअप वाहन से प्याज लोड कर ले जाते समय कोंच थाना क्षेत्र अंतर्गत चिचौरा मोड़ के पास वाहन रोककर मोबाइल और पैसे छीन लिए तथा मारपीट की। आरोप है कि उनसे 10 हजार रुपये की अवैध मांग की गई। सूचना के आधार पर कोंच थाना में कांड संख्या 600/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और मंगलवार को जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में एसआई गौरव कुमार पिता मनोज शर्मा ग्राम तरवां, उनके सहयोगी गौतम कुमार पिता संजय शर्मा ग्राम हरिदासपुर दोनों के थाना घोषी एवं रंजीत कुमार सिंह पिता स्व.केदार सिंह ग्राम सुगमा जिला सहरसा शामिल हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस प्रकार की अवैध वसूली और मनमानी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान से सैकड़ों फुटपाथी दुकानदार प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी (ग्रामीण)।** शेरघाटी शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान से सैकड़ों रेहड़ी-पटरी और फुटपाथी दुकानदार प्रभावित हो रहे हैं। नगर परिषद की लगातार कार्रवाई के कारण कई छोटे दुकानदार बेरोजगार हो गए हैं जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मंगलवार को दुकानदारों ने बताया कि बिना किसी पूर्व सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था के उनकी दुकानों को हटाया जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि उनकी दुकान ही आजीविका का एकमात्र साधन है। दुकानें हटने से परिवार के भरण-पोषण और भोजन की समस्या उत्पन्न हो गई है। फुटपाथी दुकानदारों ने नगर परिषद से मांग की है कि अतिक्रमण हटाने से पहले उनके लिए वैकल्पिक स्थान या वेंडिंग जोन की व्यवस्था की जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना रोजगार जारी रख सकें। हालांकि इस मामले में नगर परिषद के अधिकारी अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दे पाए हैं जिससे दुकानदारों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# 11 साल बाद पीड़िता को मिला इंसाफ

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपित को 7 साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** करीब 11 वर्षों तक चली लंबी कानूनी लड़ाई के बाद नाबालिग लड़की को आखिरकार न्याय मिल गया। शादी का झांसा देकर नाबालिग से यौन शोषण करने के मामले में शेरघाटी की अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सख्त सजा सुनाई है। एडीजे-वन लवकुश कुमार की अदालत ने इमामगंज थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी सुनील कुमार दास को सात वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने पर आरोपी को छह माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा। यह मामला वर्ष 2014 का है जब पीड़िता की शिकायत पर इमामगंज थाना में कांड संख्या 35/2014 दर्ज किया गया था। अभियोजन के अनुसार घटना के समय पीड़िता नाबालिग थी और आरोपी ने उससे शादी का झांसा देकर लगातार उसका शोषण किया। घटना के बाद पीड़िता और उसके परिजनों को सामाजिक दबाव और कानूनी जटिलताओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने न्याय की उम्मीद नहीं छोड़ी। अभियोजन पदाधिकारी अब्दुल शमी ने बताया कि मुकदमे के दौरान कई अहम गवाहों के बयान और ठोस साक्ष्य अदालत में पेश किए गए जिनके आधार पर आरोपी की भूमिका स्पष्ट रूप से सामने आई। लंबी सुनवाई और गहन विचार के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए कहा कि नाबालिगों के साथ इस तरह के अपराध समाज की जड़ों को कमजोर करते हैं। अदालत ने अपने फैसले में यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कड़ी सजा जरूरी है। ताकि पीड़ितों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा बना रहे और भविष्य में ऐसे अपराधों पर रोक लग सके। यह फैसला पीड़ित पक्ष के लिए राहत और कानून के प्रति विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है।

# जमीन विवाद में प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप, गृह मंत्री से की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के कनौसी गांव निवासी रंजीत कुमार चौरसिया ने जमीन विवाद में पुलिस और अंचल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए बिहार के गृह मंत्री सहित वरीय अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि उनकी रैयती जमीन पर विपक्षी द्वारा जबरन कब्जा कराने में कोंच थाना के पुलिस पदाधिकारी और गुरारू अंचल अधिकारी की भूमिका संदिग्ध है। आवेदक के अनुसार अनुमंडल दंडाधिकारी टिकारी द्वारा 19 अक्टूबर 2025 को धारा 163 बीएनएसएस के तहत जांच का आदेश दिया गया था, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं भेजी गई। आरोप है कि विपक्ष से कथित रूप से मोटी रकम लेकर उनकी जमीन पर धान की फसल कटवा दी गई और रबी फसल भी लगवा दी गई। उन्होंने बताया कि भूमि उनके परिवार के नाम से पिछले कई दशकों से जमाबंदी में दर्ज है और शांतिपूर्ण कब्जे में रही है। बावजूद इसके विपक्ष द्वारा हथियार के बल पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे किसी भी समय बड़ी घटना की आशंका है। इस मामले की प्रतिलिपि मंगलवार को गृह मंत्री, आयुक्त मगध प्रमंडल, जिला पदाधिकारी गया और अनुमंडल पदाधिकारी टिकारी को भेजी गई है।

# किसान दिवस पर मशरूम के उत्पाद करने वाले रंजीत कुमार हुए सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** गया के कृषि विज्ञान केंद्र मानपुर में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को किसान दिवस के अवसर पर टिकारी के मशरूम के उत्पाद करने वाले रणजीत कुमार उर्फ मुखिया जी को सम्मानित किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में श्री कुमार को केंद्र की ओर से सम्मानित किया गया। जानकारी हो कि रणजीत उर्फ मुखिया जी कृषि विज्ञान केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर टिकारी के पंचदेवता मोरहर नदी के समीप मशरूम की खेती शुरू की है। टिकारी में बड़े पैमाने पर बाला जी मशरूम के नाम से रणजीत ने मशरूम उत्पादन की शुरुआत की है। किसान दिवस पर मिले सम्मान के बाद श्री कुमार ने कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रशिक्षकों व अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# बाइक-साइकिल की टक्कर में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** बाइक व साइकिल की हुई आमने सामने टक्कर में साइकिल सवार युवक की मौत हो गई वहीं बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना टिकारी पंचानपुर मुख्य मार्ग स्थित कॉलेज मोड़ के समीप मंगलवार को घटित हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार बाइक चालक ने ट्यूशन से लौट रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायल को अनुमण्डल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर मगध मेडिकल गया रेफर कर दिया।


**समाहरणालय, गढ़वा।**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा।**
**E-Mail ID-adssgarhwa2023@gmail.com**

**नियुक्ति विज्ञापन सूचना**

**मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाएँ (CPS) योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय संविदा आधारित चयन की सूचना।**

मिशन वात्सल्य–बाल संरक्षण सेवाएँ योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड, गढ़वा में संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आंमत्रित किया जाता है।

**शैक्षणिक योग्यता, उम्र, कार्यानुभव एवं मासिक परिलब्धि :–**

| क्र0 सं0 | पद का नाम | उम्र | शैक्षणिक योग्यता | कार्यानुभव | मासिक परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Counselor | 30-45 वर्ष | Graduate in Social Work /Sociology/Psychology/ Public Health/ Counselling from a recognized university. OR PG Diploma in Counselling and Communication. | At least 1 year of working experience with the Govt./NGO preferably in the field of Women &Child Development. Proficiency in Computers. | 18536.00 |
| 2 | Social Worker | 30-45 वर्ष | Graduate preferably in B.A in Social Work/ Sociology/Social Sciences from a recognized university. | Weightage for work experience candidate Proficiency in Computers | 18536.00 |
| 3 | Data Analyst | 30-45 वर्ष | Graduation in Statistics/ Mathematics/Economics/ Computer (BCA) from a recognized university. | Weightage for work experience candidate Proficiency in Computers | 18536.00 |

बाल कल्याण समिति (CWC) एवं किशोर न्याय बोर्ड (JJB), गढ़वा कार्यालय हेतु :–

| क्र0सं0 | पद का नाम | उम्र | शैक्षणिक योग्यता | कार्यानुभव | मासिक परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Assistant Cum Data Entry Operator (CWC) | 21-35 वर्ष | 12th pass from a recognized Board/ Equivalent Board with Diploma / Certificate in Computers. | Weightage for work experience candidate | 11916.00 |
| 2 | Assistant Cum Data Entry Operator (JJB) | 21-35 वर्ष | 12th pass from a recognized Board/ Equivalent Board with Diploma / Certificate in Computers. | Weightage for work experience candidate | 11916.00 |

जिला स्तर पर आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक–05.01.2026, समय अपराहन् 04:00 बजे तक है। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
नोट :– आवेदन हेतु प्रपत्र एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी अधिकृत वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
उपायुक्त, गढ़वा।

PR 369247 (Social Welfare,Women and Child Development) 25-26 (D)



**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्**
ई–मेल- msbspcb-bih@gov.in,
वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in
बिहार सरकार

**लोक–सुनवाई की सूचना (शुद्धि पत्र)**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष निम्नलिखित बालू घाटों का अरवल जिला में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है:–**

1. मेसर्स दमास सिविल कंस्ट्रक्सन इंडिया प्रा० लि०, आवेदकः श्री मुकेश कुमार, पिताः स्व. अभिराम शर्मा, फ्लैट सं०–602 घरौधा कम्पलेक्स, जगदेव पथ, बेली रोड, जिला– पटना–800014 द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन बलॉक सं०–1C, बालू घाट, मौजा–महमदपुर, प्रखंड–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद; एवं
2. मेसर्स शहाबाद कंस्ट्रक्सन एल० एल० पी०, पार्टनर–श्री कृष्णकांत वर्मा, पिताः श्री रामलखन वर्मा, ग्राम–परेओ, पोस्ट–परेओ, थाना–बिहटा, जिला–पटना द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन बलॉक सं०–28C बालुघाट, मौजा– मझौली, पो०+थाना–बारूण, प्रखंड–बारूण, जिला–औरंगाबाद।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी है तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक,जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते हैं। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

**परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया है :–**

| क्रमांक | दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालू घाट का मौजा | बालूघाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30.12.2025 | अपराहन 12:30 बजे | दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | महमदपुर | औरंगाबाद सोन ब्लॉक सं०–1C | प्रखंड कार्यालय, ओबरा, जिला–औरंगाबाद |
| 2. | 30.12.2025 | अपराहन0 3:30 बजे | बारूण, जिला–औरंगाबाद | मझौली | औरंगाबाद सोन ब्लॉक सं०–28C | प्रखंड कार्यालय, बारूण, जिला–औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव/विचार से अवगत करायेंगे।

सदस्य सचिव

PR- 020317 ( B & C ) 2025-26

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

संपादकीय

# बांग्लादेश चाहता क्या है?

पड़ोसी बांग्लादेश में शुक्रवार को हुई भारी हिंसा, एक हिंदू युवक की निर्मम हत्या के और हर घटना को भारत के खिलाफ मोड़ देने की साजिश के बाद यह सवाल उठ रहा है कि आखिर बांग्लादेश भारत से चाहता क्या है? भारत-बांग्लादेश के बीच तनाव तो पिछले साल पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्ता पलट और भारत द्वारा उन्हें शरण दिए जाने के बाद से ही वहां कट्टरपंथी भारत के खिलाफ लगातार आग उगलने का काम करते रहे हैं। अब इसमें नई चिंगारी भारत पूर्वोत्तर भारत को बाकी देश से अलग करने की है। बांग्लादेश की आंतरिक हालात बेहद खराब है और वहां फरवरी में चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव में भारत एक अहम मुद्दा है। हालत है कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग और देश भर में उसके सहायक उच्चायोगों को धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार और सेना उन्हें सुरक्षा देने में नाकाम रहे हैं। अब भारत के लिए यह मायने रखता है कि बांग्लादेश में फ़रवरी में होने वाले चुनाव में किसे जीत मिलती है। भारत को लेकर हालिया नाराज़गी 12 दिसंबर को 32 वर्षीय शरीफ़ उस्मान हादी की गोली मारकर हत्या से भड़की। हत्यारे अभी भी फरार है। इस बीच बांग्लादेश में यह अफवाह फैलाई गई कि हत्यारों को भारत ने शरण दे रखी है। गौरतलब है कि भारत विरोधी हादी को पिछले शुक्रवार ढाका में बाइक सवार नकाबपोश हमलावरों ने सिर में गोली मार दी थी। तब हादी 12 फ़रवरी को होने वाले चुनावों के लिए अपने अभियान की शुरुआत कर रहा था। इलाज के दौरान हादी की मौत हो गई थी। बांग्लादेश के चुनाव में कौन जीतता है, इस पर काफी कुछ निर्भर करता है। चूंकि वहां पूर्व में सत्तासीन अवामी लीग को बैन कर दिया गया है, इसलिए चुनाव निष्पक्ष तो वैसे भी नहीं हो रहे हैं, क्योंकि अवामी लीग अभी भी बांग्लादेश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। दूसरी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) है, जो सत्ता की दावेदार हैं। हालांकि उसके भी भारत के अच्छे संबंध नहीं रहे हैं। दूसरे, इस पार्टी की नेता और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष ख़ालिदा ज़िया गंभीर रूप से बीमार हैं। पिछले दिनों पीएम मोदी द्वारा खालिदा जिया की सेहत की दुआ के बाद माना जा रहा था कि बीएनपी सत्ता में आए तो बांग्लादेश से रिश्ते कुछ सुधर सकते हैं। हालांकि बीएनपी भी कट्टरपंथी पार्टी मानी जाती है। खालिदा जिया बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री रह चुकी हैं और देश में बहुदलीय लोकतंत्र की समर्थक रही हैं। लेकिन पिछले तीन चुनावों का बीएनपी ने बहिष्कार किया है। भारत की पूर्व विदेश सचिव निरूपमा राव मानती हैं कि अगर शेख़ हसीना सत्ता में होतीं तो बांग्लादेश जिस रास्ते पर बढ़ता दिख रहा है, वैसा नहीं होता। हसीना कोई क्रांतिकारी नहीं थीं बल्कि एक शत्रुतापूर्ण माहौल में देश-निर्माता थीं। एक स्थिर शक्ति थीं। उन्होंने जमात और उसके सहयोगी संगठनों को नियंत्रण में रखा। नागरिक-सैन्य संतुलन बनाए रखा। किसी भी यथार्थवादी विकल्प की तुलना में अल्पसंख्यकों की बेहतर सुरक्षा की और बांग्लादेश को आर्थिक के साथ भू-राजनीतिक रूप से प्रासंगिक बनाए रखा। हसीना पर दबाव बढ़ाने से लोकतंत्र समर्थक ताक़तें सशक्त नहीं हुईं। इसके बजाय सड़क की ताक़त, कट्टरपंथी तत्व और लोग मज़बूत हुए जो संस्थाओं के कमज़ोर पड़ते ही फलते-फूलते हैं। लेकिन बांग्लादेश में अब जो हो रहा है, वह कट्टरपंथी जमात ए इस्लामी और ऐसे ही संगठनों को सत्ता में लाने की साजिश ज्यादा लग रही है। दुख की बात यह है कि बांग्लादेश के लोगों ने इस्लामिक कट्टरपंथ के चलते भारत के सारे अहसानों को भुला दिया है। ऐसे में आगे बांग्लादेश पर भरोसा करना भारत के लिए खतरे से खाली नहीं होगा।

# सामाजिक भेद मिटाने, नारे नहीं नीयत जरूरी

**अजाक्स के प्रादेशिक सम्मेलन में उसके नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री संतोष वर्मा के विवादास्पद भाषण को लेकर प्रदेश व प्रदेश के बाहर भी बहस जारी है। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि श्री संतोष वर्मा ने जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है वह न तार्किक, न संवैधानिक न व्यावहारिक और ना ही नीतिगत है। उनके भाषण के उस अंश को मैं चूंकि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश से बाहर था अतः ठीक से विवरण सहित नहीं पढ़ सका और न सुन सका था। अपने साथियों से मैंने उनके विवरण का वह अंश मंगाया और उसे ठीक से सुना और अब मैं अपने विचार को ठीक ढंग से व्यक्त कर सकता हूं।**

**रघु ठाकुर**

यह हो सकता है कि अध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित होने के बाद श्री संतोष वर्मा अति उत्साह में ऐसे शब्द बोल गए हों, हालांकि बाद में उन्होंने इसका खंडन भी किया और यह सफाई भी दी कि अगर मेरे कहने से किसी को दुख पहुंचा हो तो मैं खेद व्यक्त करता हूं, उन्होंने अपने भाषण में जो बिंदु कहे और मैंने सुने वह निम्नानुसार हैं-

1. जो लोग पदोन्नति में आरक्षण का एक पीढ़ी के बाद विरोध करते हैं, वह इस आधार पर कि अब आरक्षण प्राप्त व्यक्ति आर्थिक रूप से समर्थ हो चुके हैं और आरक्षण के अधिकारी नहीं है तो मैं कहना चाहता हूं कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक की कोई ब्राह्मण अपनी बेटी को मेरे बेटे को दान न कर दे या उससे संबंध ना बना ले।

2. उन्होंने यह भी कहा कि अगर जातिवाद और भेदभाव मिट जाए तो मैं आरक्षण की बात नहीं करूंगा। उनके इस बयान के बाद ब्राह्मण समाज और सवर्ण समाज में तीखी प्रतिक्रियाएं हुई जो की स्वाभाविक भी हैं। ब्राह्मण समाज के कुछ प्रवक्ताओं को श्री संतोष वर्मा को उत्तर देने का कुछ आधार मिल गया है, यह भी तथ्य है कि ब्राह्मण समाज उस अर्थ में ज्यादा संगठित और कुछ आक्रमक भी है।

श्री संतोष वर्मा के भाषण को मैं निम्न आधार पर उचित नहीं मानता हूं।

1. भारतीय संविधान में सामाजिक और शैक्षणिक आधार को पिछड़ेपन का आधार माना गया है। अनुसूचित जाति जनजाति के लिए संविधान निर्माण के काफी पहले 1930 के दशक में आरक्षण महात्मा गांधी की पहल पर स्वीकृत हो चुका था। उस समय अनुसूचित जातियों में मुख्यतः वह जातियां थी जो अस्पृश्य थी, परंतु संविधान निर्माण के बाद अभी तक संविधान संशोधन और कानून के द्वारा अनेकों ऐसी जातियों को सूची में शामिल किया गया है जो अस्पृश्य नहीं है। यद्यपि सामाजिक व शैक्षणिक आधार की कसौटी पर वह नीचे के पायदान पर रही हैं। जहां तक पदोन्नति में आरक्षण का सवाल है तो श्री संतोष वर्मा का कथन नितांत अनुचित है और बारीकी से विश्लेषण किया जाए तो अनुसूचित जाति के शिक्षित और संपन्न या ताकतवर तबके के द्वारा अनुसूचित जाति के भाइयों का ही शोषण है। जब किसी परिवार में एक व्यक्ति को आरक्षण का लाभ मिल जाता है और वह किसी बड़े पद पर पहुंच जाता है तो वह स्वाभाविक रूप से शैक्षणिक या सामाजिक रूप से पिछड़ा नहीं रहता। वह उस अर्थ में अस्पृश्य भी नहीं रहता जिस अर्थ में अस्पृश्यता को अनुसूचित जाति का मूल आधार माना गया था और अगर उसके परिवार को यानी दूसरी पीढ़ी को आरक्षण नहीं मिलेगा तो वह आरक्षित पद उस अनुसूचित जाति के ही किसी अन्य व्यक्ति के हक में जाएगा जिसे एक बार भी आरक्षण का लाभ या अवसर नहीं मिला। मैं अनुसूचित जाति व जनजाति के अनेकों ऐसे परिवारों को जानता हूं जिनके घर में एक से अधिक आईएएस/आईपीएस हैं, क्योंकि एक अवसर मिला और उससे उन्हें जो सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास का अवसर मिला उससे उन्हें और उनके परिवार को आगे बढ़ने का अवसर मिल गया। अब भले ही वह जन्मना उस अनुसूचित जाति में जन्म लिये हो परंतु वे अब अपनी ही जाति के उन लोगों से बहुत आगे हैं जो आज भी शिक्षा, सुविधाओं और साधनों से वंचित है।

1. मैं अनुसूचित जाति या पिछड़ी जाति को आरक्षण सूची से हटाने की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि यह कह रहा हूं कि इन जातियों के समर्थ लोगों को स्वतः ही अपने असमर्थ भाइयों के लिए त्याग करने को तैयार रहना चाहिए। यह विचित्र है कि जो लोग दूसरे समर्थ लोगों से अपने लिए आरक्षण या विशेष अवसर चाहते हैं परंतु स्वयं समर्थ होने पर अपने ही भाइयों को, सजातीय भाईयों को वह त्याग करने को तैयार नहीं है। जहां तक आरक्षण का प्रश्न है वह आर्थिक विकास या रोजगार के लिए नहीं है बल्कि सामाजिक बराबरी और सहभागिता के लिए है। जो लोग आरक्षण का लाभ मिलने से बड़े पदों पर पहुंच जाते हैं उन्हें व्यक्ति के तौर पर सहभागिता और बराबरी काफी हद तक मिल जाती है। मैं उस नीति का पक्षधर हूं कि एक व्यक्ति को राजनीति, प्रशासनिक व्यवस्था में आरक्षण का लाभ एक बार मिल जाने के बाद उसकी दूसरी पीढ़ी को उसका लाभ नहीं देना चाहिए बल्कि उनकी ही जातियों के वंचित लोगों को लाभ देना चाहिए जिन्हें एक बार भी अवसर नहीं मिला। राजनीतिक क्षेत्र में ज्ञानी जैल सिंह, श्री राम विलास पासवान, श्री बूटा सिंह, सुश्री मायावती और ऐसे कितने ही अनुसूचित जाति या पिछड़ी जाति के राजनीतिक परिवारों का उल्लेख किया जा सकता है, जो मेरी राय में आरक्षण के लाभ के अब पात्र नहीं हैं। अब ऐसे लोग आरक्षण का लाभ लेकर अपनी ही जाति व वंचित समुदाय के लोगों के अवसरों को छींन रहे हैं।

2. यह अक्सर देखा गया है कि आरक्षित समुदाय के लोग आरक्षण का लाभ उठाकर बड़े पदों पर पहुंचे, अपनी दलित पत्नियों या उनकी लाचारी का लाभ उठाकर उनके जीते जी दूसरी शादियां सवर्ण लड़कियों से अपनी भोग इच्छाओं की पूर्ति के लिए कर लेते हैं इस पर क्या दलित व पिछड़े समुदाय को नहीं सोचना चाहिए? जो अपने पद व प्रतिष्ठा के बल पर अपनी ही जाति की अशिक्षित या उस अर्थ में असुंदर महिलाओं को छोड़कर अपनी भोग विलासता के लिए दूसरी शादी सुंदरता और अन्य आधारों पर करते हैं क्या वह अपनी जाति के साथ अन्याय नहीं करते? क्या ऐसे लोगों को अनुसूचित या पिछड़ी जाति का प्रतिनिधि माना जाना चाहिए? यद्यपि भारतीय दंड संहिता की धारा 500 और वर्तमान में न्याय संहिता की धारा के तहत एक पत्नी के रहते और बगैर उसकी अनुमति के बहु विवाह अपराध है परंतु वे गरीब व कमजोर परिवार की महिलाएं या उनके परिवार के लोग अफसरी या सत्ता की चमक दमक के आगे बोल नहीं पाते और बेचारी गांव में पड़ी-पड़ी मौत की शिकार हो जाती हैं। वे अपनी परंपराओं, कट्टरताओं के चलते अपने पति के विरुद्ध रिपोर्ट भी नहीं करती और न पैसे आदि की मांग करती है।

3. श्री संतोष वर्मा का यह कथन है कि तब तक आरक्षण रहना चाहिए जब तक ब्राह्मण अपनी बेटी को अनुसूचित जाति वालों को दान नहीं करते विचित्र और अनुचित है। अंतर जातियां शादियां हों या अनुलोम विलोम हो, यानी ऊपर शीर्ष वाले लोगों की नीचे वालों से शादी हो यह अच्छा है परतु शादी तो स्वेच्छा से ही होगी बाध्यता तो बलात्कार जैसा अपराध होगा। एक जाति के भीतर भी और न्यायपालिका के कई निर्णयों के अनुसार पति-पत्नी के बीच संबंध स्वेच्छा के आधार पर ही होंगे नहीं तो वह बलात्कार की श्रेणी में ही आएंगे।

अनेकों ऐसे प्रकरण सामने आए हैं जहां पर सवर्ण समाज या ब्राह्मण लड़कियों ने अनुसूचित जाति के लड़कों से शादी की है। स्वर्गीय पुखराज मारू की दूसरी शादी एक ब्राह्मण की बेटी से स्वेच्छा से हुई। अगर शादी-विवाह स्वेच्छा से होंगे तो इस पर कोई भी समाज आपत्ति नहीं करेगा और अगर करेगा तो कानून के अनुसार दंड का भागीदार होगा।

हालांकि हमारा भारतीय समाज इतना जटिल व क्रूर है कि अक्सर समाचार पत्रों में अंतर जाति, अंतरधर्मी शादी के करने के अपराध में परिवार वाले ही अपने बेटे बेटियों की हत्या कर देते हैं और जिसे मीडिया श्ऑनर किलिंग्य कहता है हाँलाकि यह ऑनर किलिंग नहीं है बल्कि व्यक्ति व संविधान की क्रूर हत्या है।

4. मुझे ऐसे भी कितने प्रकरणों की जानकारी है जहां सवर्ण समाज के लोगों ने अपनी बेटियों को आरक्षित वर्ग में नौकरी पाने के लिए बाकायदा लेन देन कर पंजीकृत शादियां कर दी जो केवल कागजों में थी और नौकरी लग जाने के बाद उन शादियों को तोड़ दिया। अब यह तो ब्राह्मण या सवर्ण कन्याओं का लिखित स्वेच्छिक दान था तो क्या इस आधार पर श्री संतोष वर्मा आरक्षण समाप्ति की मांग करेंगे। ब्राह्मण समाज की ओर से भी तीखी प्रतिक्रियायें हो रही है और अब श्री संतोष वर्मा के प्रशासनिक इतिहास के कई किस्से सही या गलत, जैसे उन्होंने कोर्ट से बरी होने को झूठा दस्तावेज दिया था, या किसी महिला का शारीरिक शोषण किया था आदि आदि। यह सब सोशल मीडिया पर निकलकर आ रहे हैं। इनमें कितने आरोप सही है या गलत हैं मेरी जानकारी में नहीं है, हो सकता है कि सही हो या प्रतिक्रिया हो। परंतु सामाजिक वातावरण में एक मानसिक कटुता रूपी पूर्ण विभाजन हो गया है और ब्राह्मण समाज की ओर से भी अब अनेकों ऐसे अतार्किक तर्क दिए जा रहे हैं जो गैर जरूरी है, जैसे नामकरण हम करते हैं, तर्पण हम कराते हैं, तो तेरहवीं भी हम कराएंगे, आदि आदि। मैं इनकी विवेचना या बहस में नहीं पड़ना चाहता हूं। समाज में जन्मना छोटे-बड़े का भेदभाव खत्म हो, इसके लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। श्री संतोष वर्मा का कहना कि श्जातिवाद भेदभाव समाप्त करें तो हम आरक्षण समाप्त कर देंगे्य यह एक निरर्थक जुमला है। उनकी बात केवल शाब्दिक भाषण बाजी है। जातिवाद कौन मिटाएगा? जातिवाद कोई सरकार या व्यवस्था अकेले नहीं मिटा सकती, वह कुछ कड़े कानून बना सकती है परंतु अंततः तो समाज के मन को ही बदलना होगा। अपने मन से यह स्वीकार करें कि जातिवाद और जाति अब दोनों ही अप्रसांगिक और निरर्थक हो चुकी है। मानव मानव एक जाति है।

अध्यात्म

## बस! अपने मां बाप की सेवा करो

एक छोटा सा बोर्ड रेहड़ी की छत से लटक रहा था, उस पर मोटे मारकर से लिखा हुआ था... घर मे कोई नही है, मेरी बूढ़ी माँ बीमार है, मुझे थोड़ी थोड़ी देर में उन्हें खाना, दवा और टायलट कराने के लिए घर जाना पड़ता है, अगर आपको जल्दी है तो अपनी मर्ज़ी से फल तौल ले और पैसे कोने पर गत्ते के नीचे रख दें, साथ ही रेट भी लिखे हुये हैं। और अगर आपके पास पैसे नही हो तो मेरी तरफ से ले लेना, इजाजत है! मैंने इधर उधर देखा, पास पड़े तराजू में दो किलो सेब तोले, दर्जन भर केले लिए, बैग में डाले, प्राइज लिस्ट से कीमत देखी, पैसे निकाल कर गत्ते को उठाया वहाँ सौ पच्चास और दस दस के नोट पड़े थे, मैंने भी पैसे उसमे रख कर उसे ढक दिया। बैग उठाया और अपने फ्लैट पे आ गया, रात को खाना खाने के बाद मैं और भाई उधर निकले तो देखा एक कमज़ोर सा आदमी, दाढ़ी आधी काली आधी सफ़ेद, मैले से कुर्ते पजामे में रेहड़ी को धक्का लगा कर बस जाने ही वाला था, वो हमें देख कर मुस्कुराया और बोला साहब! फल तो खत्म हो गए। नाम पूछाः तो बोला सीताराम... फिर हम सामने वाले ढाबे पर बैठ गए... चाय आयी, कहने लगा पिछले तीन साल से मेरी माता बिस्तर पर हैं, कुछ पागल सी भी हो गईं है, और अब तो फ़ालिज भी हो गया है, मेरी कोई संतान नही है, बीवी मर गयी है, सिर्फ मैं हूँ और मेरी माँ! माँ की देखभाल करने वाला कोई नही है इसलिए मुझे हर वक़्त माँ का ख्याल रखना पड़ता है। एक दिन मैंने माँ का पाँव दबाते हुए बड़ी नरमी से कहा, माँ! तेरी सेवा करने को तो बड़ा जी चाहता है। पर जेब खाली है और तू मुझे कमरे से बाहर निकलने नही देती, कहती है तू जाता है तो जी घबराने लगता है, तू ही बता मै क्या करूँ? अब क्या गले से खाना उतरेगा? न मेरे पास कोई जमा पूंजी है। ये सुन कर माँ ने हाँफते काँपते उठने की कोशिश की, मैंने तकिये की टेक लगवाई, उन्होंने झुर्रियों वाला चेहरा उठाया अपने कमजोर हाथों को ऊपर उठाया मन ही मन राम जी की स्तुति की फिर बोलीः तू रेहड़ी वहीं छोड़ आया कर हमारी किस्मत हमे इसी कमरे में बैठ कर मिलेगा। मैंने कहाः माँ क्या बात करती हो, वहाँ छोड़ आऊँगा तो कोई चोर उचक्का सब कुछ ले जायेगा, आजकल कौन लिहाज करता है? और बिना मालिक के कौन खरीदने आएगा? कहने लगीं: तू राम का नाम लेने के बाद बाद रेहड़ी को फलों से भरकर छोड़ कर आजा बस, ज्यादा बक बक नही कर, शाम को खाली रेहड़ी ले आया कर, अगर तेरा रुपया गया तो मुझे बोलियो। ढाई साल हो गए है भाई! सुबह रेहड़ी लगा आता हूँ शाम को ले जाता हूँ, लोग पैसे रख जाते है फल ले जाते हैं,एक धेला भी ऊपर नीचे नही होता, बल्कि कुछ तो ज्यादा भी रख जाते है, कभी कोई माँ के लिए फूल रख जाता है, कभी कोई और चीज़! परसों एक बच्ची पुलाव बना कर रख गयी साथ मे एक पर्ची भी थी अम्मा के लिए। एक डॉक्टर अपना कार्ड छोड़ गए पीछे लिखा था माँ की तबियत नाज़ुक हो तो मुझे काल कर लेना मैं आजाऊँगा, कोई खजूर रख जाता है, रोजाना कुछ न कुछ मेरे हक के साथ मौजूद होता है। न माँ हिलने देती है न मेरे राम कुछ कमी रहने देता है माँ कहती है तेरा फल मेरा राम अपने फरिश्तों से बिकवा देता है। आखिर में इतना ही कहूँगा की अपने मां बाप की सेवा करो, और देखो दुनिया की कामयाबियाँ कैसे हमारे कदम चूमती है।

# भय पैदा करने वाली घटनायें

**इस तस्वीर की हममें से शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि बाबरी मस्जिद की कहीं नींव डाली जाएगी और उसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद जिले में बेलडांगा से सटे इलाके में भीड़ के सामने प्रतीकात्मक तौर पर फीता काटकर मस्जिद की नींव रख दी। हुमायूं कबीर पश्चिम मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर से विधायक हैं। अचंभे की बात है कि हुमायूं कबीर लंबे समय से सार्वजनिक वक्तव्य दे रहे थे कि वह 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद के निर्माण की शुरुआत करेंगे। इस कारण पश्चिम बंगाल के अंदर और समूचे देश में तनाव और असहजता का वायुमंडल कायम हो रहा था। अलग-अलग मंचों से इसे रोकने की मांग भी की गई।**

**अवधेश कुमार**

अंततः हुमायूं कबीर ने बिना किसी रोक-टोक के हजारों मुसलमानों को इकट्ठा किया और पूरा वातावरण ऐसा था कि कोई रोकने जाता तो उसकी शामत आ जाती। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें रोकने की कोई कोशिश नहीं की। केवल तृणमूल कांग्रेस ने हुमायूं कबीर को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया। क्या ऐसे व्यक्ति को निलंबित करना ही पर्याप्त था?

कानून और व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्ध कोई भी राज्य इस तरह सांप्रदायिकता भड़काने और तनाव करने की योजना वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करता, हिरासत में लेता या कम से कम उसके घर में नजरबंद करता। इसके साथ ऐसे कार्यक्रम पर रोक भी लगाई जाती। मुर्शिदाबाद का दृश्य इसके विपरीत था। ऐसा लग रहा था जैसे पुलिस उस कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए वहां तैनात है। जब पुलिस प्रशासन को राजनीतिक नेतृत्व से रोकने का कोई आदेश नहीं था तो वह ऐसी ही भूमिका निभाएग? किसी को भी कानूनी रूप से वैध जमीन पर मंदिर या मस्जिद बनाने का अधिकार है। बाबर के नाम से बाबरी मस्जिद बनाना करोड़ हिंदुओं सिखों की भावनाओं को चोट पहुंचाना और जख्मों को कुरेदना है जो हर दृष्टि से अस्वीकार्य है। 1529 में बाबर के सेनापति मीर बकी द्वारा अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तोड़कर बाबरी मस्जिद निर्माण के विरुद्ध वर्षों का संघर्ष अब सबको पता है। अंततः स्वतंत्रता के बाद आंदोलन और फिर आगे न्यायिक संघर्ष से उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद मंदिर निर्माण किया गया। बावजूद देश का एक बड़ा वर्ग मानता है कि बाबर के साथ उसका जुड़ाव है, उससे प्रेरणा मिलती है और इसलिए मस्जिद हमें बनानी है तो यह भारत की एकता -अखंडता-सांप्रदायिक सद्भाव और भविष्य की दृष्टि से डरावना संकेत है। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जिस बाबर को उसके मूल स्थान उज़्बेकिस्तान में महत्व नहीं मिलता और वहां उसे लूटेरा तक बोला जाता है भारतीय मुसलमान स्वयं को उससे जोड़ते हैं। यह अभियान यहीं रुकने वाला नहीं दिखता। तहरीक मुस्लिम शब्बन नामक संगठन के अध्यक्ष मुश्ताक मलिक ने ग्रेटर हैदराबाद में बाबरी मस्जिद मेमोरियल और वेल्फेयर इंस्टीट्यूशन बनाने का ऐलान किया है। पता नहीं आगे कौन कहां बाबर के नाम पर और कुछ निर्माण की घोषणा कर दे। विडंबना देखिए कि उच्चतम न्यायालय ने आदेश में मुस्लिम समुदाय को मस्जिद बनाने के लिए 5 एकड़ जमीन दिया है। अनेक मुस्लिम नेताओं ने घोषित कर दिया कि उन्हें वह जमीन नहीं चाहिए। बेलडांगा की तस्वीर देखकर किसी को अगर डर पैदा नहीं होता तो साफ है कि वह इतिहास एवं वर्तमान दोनों से सीख लेने को तैयार नहीं है। भारत विभाजन के पीछे बंगाल वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप से कट्टरपंथियों के लिए बहुत बड़ी ताकत बना था। 16 अगस्त, 1946 को डायरेक्ट एक्शन दे यही हुआ था जिसमें सैंकड़ों हिंदुओं को सरेआम काटा गया महिलाओं की इज्जत से खिलवाड़ हुए ताकि गैर मुस्लिम डर जाएं ,कांग्रेस दबाव में आए एवं ब्रिटिश सरकार के सामने मुसलमानों के लिए अलग देश देने के अलावा चारा न बचे। आज बंगाल के अलावा भी देश में किसी ने किसी रूप में डायरेक्ट एक्शन दे चल रहा है। आखिर हुमायूं कबीर के साथ मुस्लिम समुदाय के इतने लोगों का खड़ा होना, कई करोड़ रूपया देना, माथे पर ईंट लेकर चलना, खतरनाक नारे लगाना तथा लगातार धन भेजते रहने का विश्लेषण आप कैसे करेंगे? समारोह स्थल पर 'नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर' के साथ हिंसक नारे भी लग रहे थे। पुलिस प्रशासन रोकने की औपचारिक भी नहीं निभा सका। कुछ लोग इसे पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख सकते हैं। हुमायूं कबीर ने असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ गठबंधन कर 135 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इनमें 90 स्पष्ट मुस्लिम प्रभाव वाले तथा 45 अन्य सीटें हैं। विश्लेषण किया जा सकता है कि उससे क्या तृणमूल को चुनाव में क्षति होगी? यह प्रश्न केवल चुनाव की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है देश के लिए डर पैदा होने वाली घटना है। अगर दो पार्टियां ही सही बाबर और फिर बाबरी मस्जिद के नाम पर मानती हैं कि उन्हें मुसलमानों का वोट मिल जाएगा तो इससे देश की स्थिति का अनुमान लगा लीजिए। ममता बनर्जी ने भी मुस्लिम वोट खिसकने के डर से ही हुमायूं कबीर को रोकने का कदम नहीं उठाया। अगर इतने बड़े समुदाय में बाबर के नाम पर वोट मिलने या कटने की उम्मीद या भय है तो इससे खतरनाक स्थिति कुछ नहीं हो सकती। हुमायूं कबीर की राजनीतिक पृष्ठभूमि सभी पार्टियों से है। पर उनकी सांप्रदायिक गैर मुस्लिम खासकर हिंदू विरोधी मानसिकता लंबे समय से सामने है। मई 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि, 'मुर्शिदाबाद में 70 फ़ीसदी जनसंख्या मुस्लिम है. बीजेपी के समर्थकों को भागीरथी नदी में फेंक देंगे।' मुर्शिदाबाद में भाजपा के समर्थक कौन लोग हैं किस समुदाय के लोग हैं?

पहले बंगाल के वामपंथी शासन और बाद ममता ने ऐसे खतरनाक कट्टर हिंसक शेर की सवारी की जो उनके लिए भी संकट बन रहा है और देश के लिए तो खैर भीषण समस्या हुआ ही है। अंदर की स्वाभाविक मजहबी कट्टरवादी सोच धीरे-धीरे सामने आने लगा। आज हम मुसलमानों के बड़े तपके को औरंगजेब, बाबर, गजनी स्वयं को गाजी घोषित करने वाले क्रूर हमलावरों के साथ सरेआम जोड़ते देख रहे हैं।

किसी भी समुदाय से उम्मीद की जानी चाहिए कि अगर इतिहास की कुछ बातें स्पष्ट हैं तो उन्हें स्वीकार कर दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। भारत में सारे दृश्य इसके उलट हैं। मुसलमानों के शायद सबसे बड़े संगठन के मौलाना मदनी सरेआम कहते हैं कि अगर जुल्म होगा तो जिहाद होगा। ध्यान रखिए उसके एक दिन पहले ही दिल्ली में डॉक्टर आतंकवादियों के समूह में से एक ने कार विस्फोट कर स्वयं को उड़ा लिया था। उसकी किसी संगठन ने स्वयं औपचारिक निंदा नहीं की। सीधा समर्थन न करते हुए किंतु परंतु के साथ सरकार एवं हिंदू संगठनों के व्यवहार को इसका कारण साबित करने की कोशिश की जा रही है। उच्चतम न्यायालय के अयोध्या मामले पर फैसले के बाद से किसी मुस्लिम संगठन के नेता ने इसे न्यायसंगत नहीं माना। फैसले को स्वीकार करने की जगह खुलेआम अपने को इस देश पर हमला करने, दूसरे पंथों, धर्म के स्थलों को ध्वस्त करने या उन पर मस्जिद या मजार आदि बनाने को इस्लामी मानता है तो उन्हें आप तथ्य और तर्कों से सहमत नहीं कर सकते। बाबरी मस्जिद की नींव के बाद देश को इस्लाम की स्वाभाविक कट्टरवाद के कटु यथार्थ समझना चाहिए और सरकार के साथ एक-एक व्यक्ति को तय करना चाहिए कि इनका मुकाबला कैसे करें। बंगाल और अन्य प्रदेश के मतदाता कम से कम अपने वोट से इसका विरोधकरें। मुस्लिम समुदाय के अंदर भी ऐसे लोगों हैं जो इस प्रकार के व्यवहार को उचित नहीं मानते और भारत की एकता अखंडता कायम रखना चाहते हैं। उन्हें भी आगे आकर विरोध करना पड़ेगा। उन्हें बताना पड़ेगा कि जिन्हें भारत में समस्या दिख रहा है वे पाकिस्तान, बांग्लादेश अफगानिस्तान आदि की स्थिति देख लें। वहां संघ तथा भाजपा नहीं है। यहां आप बहाने बना सकते हैं, उन देशों की हालत के लिए किस दोषी मानेंगे।

## आज का कार्टून

नीतीश के हिजाब खींचने से चर्चा में आई डॉक्टर नुसरत को 3 लाख मासिक वेतन, सरकारी आवास का झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री का ऑफर




## राशिफल

**मेष**
आज अनावश्यक खर्चों को लेकर परेशान हो सकते हैं। आसपास के लोगों से सावधान रहें। थकान की वजह से आप अपने कार्यों में अधिक ध्यान नहीं दे पायेंगे।

**वृषभ**
किसी बात से आप प्रसन्न होंगे उसी बात पर आपको दुखी होना पड़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बुरी नीयत वाले लोगों से सावधान रहें।

**मिथुन**
दिन अत्यन्त शुभ एवं उत्साहवर्धक रहेगा। अपने काम दूसरों पर डालने से बचें। अविवाहितों के विवाह सम्बन्धी बात आगे बढ़ सकती है।

**कर्क**
व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। लोग आपके विचारों से सहमत होंगे। अपने खर्चों पर धीरे-धीरे नियन्त्रण पा लेंगे।

**सिंह**
आपके स्वाभिमान को ठेस पहुँच सकती है। धैर्य और संयम के साथ काम करें। किसी पर भी आवश्यकता से अधिक विश्वास न करें।

**कन्या**
आज आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ी व्यापारिक डील मिल सकती है।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपके साथ दुर्व्यवहार कर सकते हैं। आज नये कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। अधिकारी वर्ग की आज्ञा का उल्लङ्घन न करें।

**वृश्चिक**
आपको नयी जॉब ऑफर हो सकती है। अपनी प्रतिभा को विकसित करने में सफल रहेंगे। सम्मानित लोगों के बीच आपकी पैठ मजबूत होगी।

**धनु**
व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम न मिलने के कारण कुछ बदलाव को लेकर सोच सकते हैं। विवाहेतर सम्बन्धों से दूर रहें। परिवार व समाज में प्रतिष्ठा की चिन्ता रहेगी।

**मकर**
रुके हुये कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में नये अनुबन्ध होने की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में आप भाग लेंगे। आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी। सभी तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे।

**कुंभ**
आय के साधनों में वृद्धि होगी। विवाह योग्य लोगों को उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे। अपनी कार्यशैली से सन्तुष्ट रहेंगे। परिजनों के साथ अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

**मीन**
उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी। गुरुजनों से चर्चा और विचार-विमर्श करके ही नया काम शुरू करें। आपके सद्गुणों की लोग प्रशंसा करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक-छपरा एसएच-90 पर प्रखंड कार्यालय के समीप सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को बरामद किया। प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, जिसमें किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत हुई है। मृतक की उम्र लगभग 50 से 60 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। समाचार प्रेषण तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है और आसपास के क्षेत्रों में पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### आज 10 से 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के चैनपुर स्थित पावर ग्रिड में शीतकालीन मरम्मत कार्य के कारण आगामी 24 दिसंबर को क्षेत्र के कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी पावर ग्रिड के जेई अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस दौरान 33 केवीए पावर सब-स्टेशन मशरक, इसुआपुर, उसरी एवं पानापुर से जुड़े सभी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। जेई अमित कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित अवधि को ध्यान में रखते हुए पहले से पेयजल का भंडारण कर लें तथा बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य समय से निपटा लें। मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी।

### पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह की जयंती मनी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के 123 जयंती पर किसान दिवस के रूप में मनाया गया। किसान भवन में किसानों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के याद करते हुए उनके तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन ईख काश्तकार संघ के द्वारा किया गया था। वही मुख्य अतिथि के रूप में बगहा नगर के सभापति प्रतिनिधि अमित गुप्ता उर्फ पप्पू गुप्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए सभापति प्रतिनिधि पप्पू गुप्ता ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसान परिवार के थे साथ ही साथ उनके द्वारा किसानों के हित में किये गये कार्य के कारण उनके जन्मदिन को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। वही काश्तकार संघ के प्रदेश सचिव छोटे श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों के लिए भूमि संरक्षण का कानून उनके द्वारा लाया गया। जो किसान हित के लिए काफी हितकारी साबित हुआ। इस अवसर पर किसान राजेंद्र पाल ,रामजी काजी, नाथू कुशवाहा, गोविंद बनर्जी,अबिका राम, धनंजय सिंह, सोहन गुप्ता आदि मौजूद थे।

### मतदाता सूची में रंगीन फोटो लगाने का निर्देश

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मतदाता सूची में व्याप्त त्रुटियां व अस्पष्ट प्रविष्टियां को दूर किया जाएगा। साथ ही साथ मतदाता सूची में धुंधली तस्वीरों के साथ-साथ त्रुटियों का निराकरण किया जाएगा। इसको लेकर बीएलओ के द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। ताकि त्रुटिहीन मतदाता सूची बनाया जा सके। इसको लेकर मंगलवार को प्रखंड बगहा दो सभागार में बाल्मीकि नगर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी की बैठक हुई। तीन पालियों में आयोजित इस बैठक में सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी को मतदान का सूची में व्याप्त गड़बड़ियों को लेकर फॉर्मेट उपलब्ध कराया गया। प्रखंड बगहा दो बीडीओ विद्दु राम ने बताया कि सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी को मतदाता सूची में व्याप्त गड़बड़ियों को दूर करने को लेकर निर्देशित किया गया है। यह कार्य का समय संपादित को इसको लेकर भी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### मतदाता सूची में सुधार को लेकर बीएलओ को निर्देश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभाकक्ष में मंगलवार को मतदाता सूची में आवश्यक सुधार को लेकर सभी बीएलओ की बैठक बीडीओ सूरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान बीडीओ श्री सिंह ने मतदाता सूची में आवश्यक सुधार करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में जिन मतदाताओं की रंगीन फोटो लेकर अपडेट करना है। इसके अलावा नाम, संबंध व पता आदि में भी हुए गडबडी को दूर करने का सख्त निर्देश दिया। वही जिनका नाम एसआइआर प्रक्रिया के दौरान कागजात नही जमा कराने से नाम कट गया था। वैसे मतदाता भी वैध कागजात संलग्न कर अपने नाम को जुड़वा सकते है।

### 30 लीटर चुलाई शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए भावल गांव से 30 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि भावल निवासी चईत मुसहर के घर पर छापेमारी के दौरान आरोपी बासवाड़ी में शराब छुपाते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया। इस मामले में एसआई राजीव साफी के बयान पर थाना कांड संख्या 749/25 के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया। वहीं धर-पकड़ अभियान में दो वारंटी प्रमोद कुमार और रामेश्वर राम को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### एसएसबी की कार्यवाही से तस्करों में हड़कंप

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएसबी के आसूचना शाखा को सूचना मिली कि 3 से 4 शराब तस्कर बड़ी मात्रा में शराब लेकर नेपाल से भारत आने वाले हैं, सूचना के आधार पर 71 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के ए समवाय अठमोहन के कंपनी कमांडर श्री विजय कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झरोखड़ थाना के थानाध्यक्ष असलम अंसारी को सूचना दिया एवं पुलिस और एसएसबी का एक संयुक्त टीम गठित करके सीमा स्तंभ संख्या 358/5 के समीप नाका लगा कर मुस्तैद हो गया, रात्रि के करीब 7.45 बजे करीब 3 से 4 तस्कर सर पर बोरी रखकर नेपाल से भारत की ओर प्रवेश करके अठमोहान गांव के तरफ आते हुए दिखाई दिया, तस्कर को देखकर नाका पार्टी खदेड़ने लगी, जिसमें अंधेरे का फायदा उठाकर नेपाल से करीब होने के कारण सभी तस्कर शराब से भरी बोरी (कुल 300 बोतल) को फेंककर नेपाल में घुस गए, उक्त शराब को नाका पार्टी ने जब्त करके पुलिस को सौंप दिया,, इस टीम का नेतृत्व सशस्त्र सीमा बल के उप निरीक्षक संजय यादव झरोखर थाना के एसआई अनिल चौबे कर रहे थे एवं इस टीम में जवान आर्यन कुमार आर्या, वाकडे अनिल, नीतेश निवारे, गजाधर सिंह सहित अन्य बल कर्मी मौजूद थे।



### उपभोक्ता फोरम ने लगाया 22,600 का जुर्माना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लाल बाजार स्थित चित्रलेखा शॉपिंग मॉल से ऑनलाइन भुगतान के बावजूद सामान नहीं देने के मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने मॉल प्रबंधन को दोषी ठहराया है। आयोग के अध्यक्ष गिरीश मिश्र ने मॉल के प्रोपराइटर और एकाउंटेंट को ग्राहक को 22,600 रुपये की राशि 9 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है।इसके अलावा मानसिक प्रताड़ना के लिए 20 हजार रुपये क्षतिपूर्ति और मुकदमे के खर्च के रूप में 5 हजार रुपये भुगतान करने का निर्देश दिया गया है।मामले में नौतन थाना क्षेत्र के मंगलपुर गुदरिया निवासी अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने 4 नवंबर 2024 को छठ पर्व के अवसर पर मॉल से कपड़ों की खरीदारी कर पे-फोन ऐप से भुगतान किया था, लेकिन राशि कटने के बावजूद उन्हें सामान नहीं दिया गया। बाद में उन्होंने 11 नवंबर 2024 को आयोग में परिवाद दायर किया था, जिस पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया गया।

### चाकूबाजी कांड के आरोपी सोनू ने किया सरेंडर

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चाकुबाजी कांड का आरोपी ने सोमवार को पुरूषोतमपूर थाने में सरेंडर कर दिया। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि भेडीहारी के सोनू कुमार ने थाने में सरेंडर कर दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस कांड में नामजद पांच आरोपीयों में दो आरोपीयों को पुलिस ने पुर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि दो आरोपीयों ने सरेंडर कर दिया है। एक आरोपी की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है। विदित हो कि बिते 5 दिसंबर को मरजदवा बाजार में सैलून में बाल कटाने के दौरान हुई उत्पन्न विवाद में चाकू के हमले में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# धूमल सिंह को पर्यटन-उद्योग समिति का सभापति बनाए जाने पर हर्ष

## वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू भैया ने मुलाकात कर दी बधाई

**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित जदयू विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह को बिहार विधान सभा के पर्यटन-उद्योग समिति का सभापति बनाए जाने पर एकमा व रसूलपुर क्षेत्र समेत पूरे जिले में उत्साह व हर्ष का माहौल है। क्षेत्र में जश्न का दौर जारी है और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, व्यवसायी व गणमान्य लोग लगातार विधायक धूमल सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं देने पहुंच रहे हैं। वहीं बिहार सरकार के विधायक व मंत्री भी उन्हें फोन व व्यक्तिगत रूप से शुभेच्छाएं प्रेषित कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को सदर प्रखंड क्षेत्र के उमधा गांव निवासी व जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू भैया ने एकमा विधानसभा क्षेत्र में मांझी प्रखंड



के भजौना गांव स्थित विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह के आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर धूमल सिंह को सम्मानित किया। साथ ही पप्पू भैया ने पर्यटन व उद्योग समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर धूमल सिंह को हार्दिक बधाई देते हुए इसे एकमा विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।बताया गया कि बीते दिनों विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह को बिहार विधान सभा के पर्यटन-उद्योग समिति का सभापति बनाए जाने पर बधाई देने पहुंचने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा तिवारी, मनोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू भैया, एकमा प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह, युवा नेता संदीप कुमार सिंह मन्नु, जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी, आमडाढ़ी के पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह, डॉ. अमित तिवारी, मुखिया परमेंद्र कुमार सिंह उर्फ मनीष सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह उर्फ अंतिम सिंह, पूर्व मुखिया वेदप्रकाश सिंह उर्फ भोला सिंह, गणेश कुमार, रंजीत यादव, विकास कुमार, मुरली सोनी, विपिन सिंह, रौशन भवानी, जितेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र सिंह भवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेन्द्रनाथ सिंह, भाजपा नेता बंटी ओझा, अविनाश चन्द्र उपाध्याय, विकेश तिवारी, जय राम तिवारी, मनोज कुमार सिंह, सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी व गणमान्य लोग शामिल हैं। स्थानीय कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों ने इसे एकमा विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताया है। लोगों का कहना है कि पहली बार एकमा विधानसभा क्षेत्र से किसी विधायक को इतनी महत्वपूर्ण समिति की जिम्मेदारी मिली है। संगठन के इस निर्णय से क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। विधायक धूमल सिंह को लगातार बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है।

## सड़क दुर्घटना में व्यवसायी की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपूर थाना क्षेत्र अंतर्गत इनरवा के समीप नहर के पुल के नीचे एक व्यक्ति का शव देखकर इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मृतक के शव व बाइक को बरामद किया है। मृतक की पहचान शहर के वार्ड संख्या एक निवासी 48 वर्षीय ललन श्रीवास्तव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह किराना और मसाला सप्लाई का काम करते थे। परिजनों के अनुसार प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी ग्रामीण क्षेत्रों में किराना सामान की सप्लाई और वसूली के लिए गए थे। देर रात तक वह घर नहीं लौटे और उनका मोबाइल भी बंद था। वही मंगलवार सुबह शिकारपूर पंचायत के इनरवा के समीप राहगीरों ने पुल के नीचे नहर में एक बाइक के साथ उसे गिरा हुआ देखकर लोग इकठ्ठा हो गए।

# किसानों को सहजता से उर्वरक उपलब्ध कराएं : जिलाधिकारी



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय में जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने स्पष्ट कहा कि किसानों के हितों की रक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति में उनका शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी ने रबी 2025-26 के लिए उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी देते हुए बताया कि जिले को यूरिया, डीएपी, पोटाश, एनपीके और एसएसपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया गया है, हालांकि रबी सीजन में अतिरिक्त मांग बनी हुई है।उर्वरक बिक्री में अनियमितताओं पर कार्रवाई करते हुए बताया गया कि 394 प्रतिष्ठानों की जांच में 17 मामलों में गड़बड़ी पाई गई, जिसमें एक पर प्राथमिकी, पांच की अनुज्ञप्ति रद्द, तीन निलंबित और आठ को शोकॉज किया गया है।डीएम ने किसानों को समान रूप से उर्वरक वितरण, 247 कंट्रोल रूम संचालन, शिकायतों के त्वरित निपटारे और गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

# जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी द्वारा बनियापुर प्रखंड अंतर्गत भूमिहारा गांव में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को बदलते जलवायु परिदृश्य के अनुरूप आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों से अवगत कराना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य फोकस रबी फसलों की सीधी बुवाई पर केंद्रित था। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी के उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम की अवधारणा, इसके लाभ, रबी फसलों को पाले से बचाने के उपाय, पोषण



वाटिका की स्थापना तथा फलों के बागों के वैज्ञानिक प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने की तकनीकों से भी अवगत कराया। वहीं कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. सुषमा टम्टा ने जलवायु अनुकूल कृषि की तकनीकों जैसे गेहूँ की सीधी बुवाई, उच्च क्यारी विधि से मक्का की बुवाई एवं कृषि में उपयोग होने वाली आधुनिक मशीनों की जानकारी दी। उन्होंने इन तकनीकों के लाभ बताते हुए कहा कि इससे पानी, श्रम और समय की बचत के साथ-साथ उत्पादन में भी वृद्धि होती है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने किसानों के गेहूँ के खेत, फलों के बाग, पोषण वाटिका एवं गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया और मौके पर ही व्यावहारिक सुझाव भी दिए। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के प्रति तैयार करना तथा वैज्ञानिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पतीराम सिंह, विनय कुमार सिंह, सुदेश्वर कुमार सिंह, बिट्टू सिग्रीवाल, ओमप्रकाश सिंह, विनोद सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, जगमोहन सिंह, रूपलाल ठाकुर, चंदेश्वर सिंह सहित कुल 40 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और नई तकनीकों को अपनाने के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

# छह ठिकानों से 1977 बोरा यूरिया खाद जब्त

## भारत-नेपाल सीमा के रेंगनिया में पुलिस और एसएसबी की छापेमारी से तस्करों में मचा हड़कंप



**वनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर खाद तस्करी के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में यूरिया खाद जब्त किया है। इस कार्रवाई से सीमावर्ती इलाकों में तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई जितना थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव रेगनिया में की गई। छापेमारी का नेतृत्व सिकरहना एसडीओ साकेत कुमार, सिकरहना एसडीपीओ उदयशंकर,जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार और एसएसबी के सहायक कमांडेंट विजय कुमार ने किया।प्रशासन को सूचना मिली थी कि कुछ लोग नेपाल में तस्करी के उद्देश्य से बड़ी मात्रा में यूरिया खाद का अवैध भंडारण कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर टीम गठित कर एक साथ छह अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कुल 1977 बोरा यूरिया खाद बरामद किया गया, जो अलग-अलग गोदामों में छिपाकर रखा गया था। रेगनिया गांव में अरविंद यादव के गोदाम से 80 बोरा, जावेद मियां के गोदाम से 370 बोरा, अनिल कवाली के गोदाम से 700 बोरा यूरिया और 50 बोरा एमओपी, आकाश के गोदाम से 81 बोरा, प्रमोद के गोदाम से 650 बोरा तथा मदन के गोदाम से 25 बोरा यूरिया बरामद किया गया।एसडीपीओ उदयशंकर ने बताया कि जब्त खाद की जांच और सत्यापन कृषि विभाग द्वारा कराया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में खाद तस्करों में सतर्कता बढ़ गई है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## आशा कार्यकर्ताओं ने चरणबद्ध आंदोलन का किया ऐलान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बलिराम भवन सभागार में बिहार राज्य आशा संघ (एटक) की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पुष्पा देवी ने की। बैठक में आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि पिछले पांच माह से प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होने से उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। वक्ताओं ने कहा कि आशा और आशा फैसिलिटेटर स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, लेकिन भुगतान के मामले में सरकार और स्वास्थ्य विभाग संवेदनहीन बने हुए हैं। लंबे संघर्ष के बाद घोषित 2000 प्रोत्साहन वृद्धि का भुगतान भी अब तक शुरू नहीं किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 15 जनवरी तक बकाया भुगतान शुरू नहीं हुआ तो बिहार राज्य आशा संघ चरणबद्ध आंदोलन करेगा।

# रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ. एस.पी. सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज प्रबंधन एवं कॉलेज के प्रिंसिपल के द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार भारती - सह - अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण), पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी, को प्लांट एवं बुके भेट कर सम्मानित किया गया। इस आयोजित कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष के साथ - साथ डॉ. एस. पी. सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, मोतिहारी के कॉलेज प्रबंधन डॉ. एस.पी. सिंह चेयरमैन एवं कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. डीएन सिंह की उपस्थिति में रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया



गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार भारती-सह-अपर समाहर्ता ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। रक्तदान करने से स्वास्थ्य के प्रति कई मायने में लाभ होता है' रक्तदान एक महान मानवसेवा है, जिससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है।

# प्लस टू उच्य विद्यालय मथुरा में टीएलएम मेला का आयोजन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के गोखुला पंचायत अंतर्गत राजकीय रामचंद्र लालजी प्लस टू उच्य विद्या मंदिर मथुरा में टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में बतौर अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि रौशन व्याहुत शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित के साथ शुरू की गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधान शिक्षक किशोरी दास ने टीएलएम मेला को लेकर शिक्षण व्यवस्था में



सुधार व बच्चों को सुगमता पूर्वक सीखने और अध्ययन करने पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में टीएलएम एक आम तौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला संक्षिप्त नाम है,जिसका मतलब शिक्षण-अधिगम सामग्री है। यह शब्द शैक्षिक सामग्रियों के एक स्पेक्ट्रम को संदर्भित करता है,जिसका उपयोग शिक्षक कक्षा में विशिष्ट शिक्षण उद्देश्यों का समर्थन करने के लिए करते हैं,जैसा कि पाठ योजनाओं में निर्धारित होता है। टीएलएम बच्चों के लिए अधिगम को वास्तविक,व्यावहारिक और मजेदार बनाने के लिए है। साथ ही कहा कि शिक्षक एक कौशल, तथ्य या विचार को चित्रित या सुदृढ़ करने के लिए टीएलएम का उपयोग करते हैं। टीएलएम शिक्षण में नवीनता और ताजगी लाने में भी मदद करते हैं क्योंकि यह अधिगमकर्ता को चिंता,भय और ऊब से छुटकारा दिलाता है। वही अपने संबोधन के दौरान युवा समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि रौशन व्याहुत ने कहा कि निपुण बिहार मिशन के तहत टीएलएम मेले का आयोजन शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, शिक्षकों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने और बच्चों के लिए सीखने को मजेदार बनाने के उद्देश्य से किया जाता है। इसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारना, शिक्षकों की बौद्धिक क्षमता और रचनात्मकता को प्रदर्शित करना,मुश्किल विषयों को खेल-खेल में आसान बनाना, जिससे सीखना मनोरंजक हो। बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करना है।

# धावा दल की टीम ने दो बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, चकिया के नेतृत्व में चकिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के 23.12. 2025 को द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में चकिया प्रखंड के कुल-02 प्रतिष्ठानों से 01-01 बाल श्रमिक को अर्थात कुल-02 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा। बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुर्माना और 2 वर्षो तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- रू. प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, चकिया, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, फेनहरा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बनकटवा, प्रथम संस्था के प्रतिनिधि एवं चकिया थाना से 06 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।



# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री नितिन त्रिपाठी ने की। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. आर. बी. श्रीवास्तव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, सुश्री निधि कुमारी, वरीय उप समाहर्ता,आईसीडीएस से सुश्री निधि कुमारी, प्रयास संस्था से सुश्री आरती कुमारी, अक्षय कुमार सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में बाल विवाह पर पूर्णतः अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जिसका प्रभाव बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास पर गंभीर रूप से पड़ता है। इसे समाप्त करने के लिए सभी विभागों को समन्वित एवं सतत प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए चलाया गया है। इसका लक्ष्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाना एवं लड़कियों को सशक्त बनाना है। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष अभियान, ग्राम स्तर पर निगरानी, तथा संभावित बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने बताया कि पूर्वी चंपारण जिला में 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें कानूनी जागरूकता और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 का व्यापक प्रचार प्रचार किया जाएगा। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पुलिस प्रशासन तथा सामाजिक संस्थाओं के आपसी समन्वय से जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प दोहराया गया। अंत में यह निर्णय लिया गया कि सौ दिवसीय अभियान के दौरान नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएगी, ताकि अभियान की प्रगति की निगरानी की जा सके।



# राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सारण के दो दर्जन कलाकार होंगे शामिल

## मधुबनी में बिखेरेंगे कला के रंग

**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार द्वारा मधुबनी में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2025 में सारण जिले से विभिन्न विधाओं के कुल 26 चयनित कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह उत्सव कला, संस्कृति और युवा प्रतिभाओं को राज्य स्तर पर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग की जिला पदाधिकारी डॉ. विभा भारती ने सोमवार को चयनित कलाकारों की टीम को हरी झंडी दिखाकर मधुबनी के लिए रवाना किया। उन्होंने कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सारण के कलाकारों में अपार प्रतिभा है और उन्हें विश्वास है कि वे राज्य स्तरीय मंच पर जिले का नाम रोशन करेंगे। बताया गया कि इस दल के साथ जिले से शिक्षक गोविंद बल्लभ एवं प्रियंका कुमारी को प्रतिनियुक्त किया गया है, जो पूरे कार्यक्रम के दौरान कलाकारों का मार्गदर्शन एवं समन्वय करेंगे। कलाकारों का चयन विभिन्न विधाओं में किया गया है।



# जिलाधिकारी ने बराबर पहाड़ी क्षेत्र में रोपवे कार्यों का किया निरीक्षण





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** ऐतिहासिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण 'बराबर पहाड़' क्षेत्र को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कड़ी में मंगलवार को जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के द्वारा निर्माणाधीन रोपवे परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

**गुणवत्ता और समय सीमाः** जिलाधिकारी ने बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिया कि रोपवे निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। साथ ही उन्होंने परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान कार्यपालक अभियंता (विद्युत विभाग) को रोपवे संचालन के लिए आवश्यक बिजली बुनियादी ढांचे और संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।

**पर्यटन को मिलेगा बढ़ावाः** निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चल रहे कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बराबर पहाड़ का ऐतिहासिक महत्व है और रोपवे के शुरू होने से यहां आने वाले पर्यटकों, विशेषकर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को काफी सुविधा होगी। जिलाधिकारी ने अंत में सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया ताकि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जल्द से जल्द आम जनता और पर्यटकों के लिए समर्पित किया जा सके।

## छापेमारी में तीन गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** विशेष छापेमारी अभियान के दौरान कुटुंबा थाना की पुलिस ने सोमवार की रात्रि दो अजमानतीय वारंटी और मद्य निषेध कांड के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के पिपरा बगाही गांव निवासी राजू कुमार रजक, सिमरी बाली गांव निवासी विजय पासवान तथा सिमरा गांव के रहने वाले ओम प्रकाश कुमार के रूप में हुई है। यह कार्यवाही थानाध्यक्ष इमरान आलम ने की। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर छापेमारी कर उक्त तीनों लोगों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

# भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद में कड़ाके की ठंड को देखते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जहानाबाद की ओर से मानवता की मिसाल पेश करते हुए अति-जरूरतमंद लोगों के बीच लगभग 100 कंबलों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम पश्चिम गांधी मैदान स्थित रेडक्रॉस भवन के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव राजकिशोर प्रसाद ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन सचिन इबरार द्वारा किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सोसायटी के चेयरमैन डॉ. सत्येंद्र कुमार एवं वाइस-चेयरमैन इबरार अहमद द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सत्येंद्र कुमार ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना रेडक्रॉस सोसायटी का मूल कार्य क्षेत्र है। उन्होंने बताया कि भीषण ठंड के इस दौर में कंबल वितरण कर रेडक्रॉस सोसायटी, जहानाबाद अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी सोसायटी अपनी क्षमता के अनुसार जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। वहीं रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस-चेयरमैन इबरार अहमद, सचिव राजकिशोर प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी मानवता के पक्ष में हमेशा खड़ी रही है और संकट की हर घड़ी में जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहती है। इसके उपरांत चयनित लाभार्थियों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। बताया गया कि जिन लोगों को कंबल प्रदान किए गए, वे सभी अति-जरूरतमंद थे। उनके नामों का चयन रेडक्रॉस सोसाइटी, जहानाबाद की प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा किया गया था। देखा गया कि इस अवसर पर कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में प्रबंध समिति सदस्य रंजन कुमार, रजनीश कुमार, आजीवन सदस्य विभूति नारायण सिंह, पंकज कुमार, भारत स्काउट एंड गाइड के हरिशंकर कुमार, शुभम कुमार, निशा भारती, खुशी कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची सुधार को लेकर बीएलओ की बैठक



**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभाकक्ष में मतदाता सूची सुधार संबंधी बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने प्रखंड सभी बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में बीएलओ ट्रेनर नीरज कुमार, सुभाष चन्द्र मिश्रा, राजकुमार ठाकुर ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची सुधार संबंधी फार्म भरने की जानकारी दी गई। बताया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मतदाता सूची में शामिल सभी लोगों का फोटो रंगीन रखना है। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा इस कार्य में बीएलओ निष्पक्ष रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा अगर नाम के उच्चारण में अक्षर गलत है तो प्रपत्र फार्म भरकर सुधार हरहाल में करना है। बीएलओ सत्यजीत प्रसाद, संतोष खत्री, कमलेश कुमार, श्रीकांत प्रजापति, प्रवीण कुमार पप्पू, रवि कुमार ने बताया ने कि कुल 130 बीएलओ बैठक में शामिल थे। जिन्हें पहला चरण का कार्य के लिए मतदाता सूची के साथ एक पत्र दिया गया है। जिसमें पूरी जानकारी दी गई है। बताया जाता है की मतदाता सूची में सभी लोगों का रंगीन फोटो रहेगा।

# वाणावर महोत्सव कार्यक्रम स्थल का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद के जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को वाणावर महोत्सव की आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ ब्रिफिंग आयोजित कर संबंधित विभागों के पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

जैसा कि ज्ञात हो पर्यटन विभाग, बिहार एवं जिला प्रशासन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत वाणावर पहाड़ी के तलहटी में आयोजित होने वाले ''वाणावर महोत्सव, 2025'' के लिए 24 दिसम्बर, 2025 को समय निर्धारित किया गया है।

बता दें कि जहानाबाद जिला के मखदुमपुर प्रखंड स्थित प्राचीन वास्तुकला की अमूल्य धरोहर वाणावर पहाड़ियों की तलहटी में वाणावार महोत्सव, 2025 का उद्घाटन बिहार सरकार के पर्यटन विभाग सह कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा 24 दिसम्बर, 2025 (बुधवार) को पूर्वाह्न - 11:00 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य कलाकार पद्मश्री मालिनी अवस्थी लोक गायिका तथा राज्य स्तरीय कलाकार लोक गायक सत्येन्द्र कुमार संगीत एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा अन्य आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न विभागों को महोत्सव के सफल संचालन हेतु बिंदुवार निर्देश दिए गए, जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, मखदुमपुर को वाणावर महोत्सव स्थल, मंदिर तथा पूरे बराबर क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था एवं कचरा प्रबंधन का दायित्व देते हुए आवश्यक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला नजारत उप समाहर्ता को इस महोत्सव के आयोजन में कलाकारों के आवास एवं आगत अतिथियों के स्वागत की पूरी तैयारी करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को महोत्सव के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार करने, समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु निर्देश दिया गया। विधि व्यवस्था के संधारण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दायित्व दिया गया।

# किशोरियों को बताया गया आत्मनिर्भर बनने का उपाय



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय, गोह, हसपुरा, ओबरा एवं देव के तत्वावधान में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना के अंतर्गत संबंधित प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में गठित किशोरी समूहों की किशोरियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को बाल विवाह उन्मूलन से संबंधित शपथ दिलाई गई तथा उपस्थित किशोरियों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। साथ ही किशोरियों को शिक्षा को अपना प्रमुख लक्ष्य बनाने, आत्मनिर्भर बनने तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम विनय प्रताप सिंह, जिला मिशन समन्वयक, हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन मिथलेश कुमार, जेंडर विशेषज्ञ चंदन कुमार, परियोजना क्षेत्र की सभी महिला सुपरवाइजर, अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी तथा दिव्य ज्योति संस्था की सरिता कुमारी उपस्थित रहीं।

# जानलेवा हमले के प्रयास मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** दो वर्ष पूर्व लूटपाट के दौरान जानलेवा हमला करने के प्रयास के एक गंभीर मामले में एडीजे-3 राजेश पांडे की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाई है। सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने दोषी करार दिए गए अमन कुमार उर्फ सन्नी कुमार एवं अभिषेक कुमार उर्फ मिंटू कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (जानलेवा हमला करने का प्रयास) के तहत आजीवन कारावास की सजा दी। इसके साथ ही लूट के दौरान गोली मारकर जख्मी करने के आरोप में धारा 394 के तहत आजीवन कारावास तथा घातक हथियार से गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में धारा 326 के तहत भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

इसके अलावा न्यायालय ने दोनों आरोपियों को चोरी का सामान खरीदने के आरोप में भादवि की धारा 411 के तहत 3 वर्ष का कठोर कारावास, आदतन चोरी का सामान रखने के आरोप में धारा 413 के तहत 10 वर्ष का कठोर कारावास तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-b)(a) के तहत 5 वर्ष का कठोर कारावास भुगतने का आदेश दिया। वहीं इस कांड के एक अन्य अभियुक्त सूरज कुमार को चोरी के सामान को छुपाने में सहायता करने के आरोप में भादवि की धारा 414 के तहत 3 वर्ष का साधारण कारावास तथा षड्यंत्र रचने के आरोप में धारा 120-बी के तहत 6 महीने के कारावास की सजा सुनाई गई। जबकि एक अन्य अभियुक्त राजू कुमार उर्फ राजू यादव को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला परसबीघा थाना कांड संख्या 234/23 से संबंधित है। इस मामले के सूचक मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पलेया गांव निवासी एवं अरवल भवन निर्माण विभाग में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत कुमुद रंजन हैं। सूचक के अनुसार 11 नवंबर 2023 की शाम करीब 6 बजे वे कार्यालय से कार्य कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर न्यू बाइपास रोड के समीप तीन अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने पीछे से आकर उनकी बुलेट मोटरसाइकिल को ओवरटेक किया और उन्हें गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। अपराधियों ने उनकी बुलेट मोटरसाइकिल, शोल्डर बैग, 3000 नकद तथा एटीएम कार्ड लूट लिए। मामले के अनुसंधान के बाद पुलिस ने चार अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से सूचक, चिकित्सक, अनुसंधानकर्ता सहित आठ गवाहों की गवाही प्रस्तुत की गई, जिसके आधार पर न्यायालय ने यह कठोर फैसला सुनाया।

# आइसीडीएस के तहत 'बेटी बचाओ बेटी पढाओ' को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय स्थित ई - किसान भवन के सभाकक्ष में आईसीडीएस के तहत बेटी बचाओ बेटी पढाओ, कुपोषण से बचाव तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रखंड के सभी पंचायत से 50 किशोरी शामिल हुए। जिला परियोजना प्रबंधक विनय प्रताप, सीडीपीओ ओनम , प्रखंड कल्याण पदाधिकारी प्रिति कुमारी ने महादलित किशोरियों को विस्तार से जानकारी दी। कहा सबसे पहले शिक्षित होना जरूरी है। जब आप शिक्षित होंगे तो बालविवाह प्रथा को आसानी से दुर भगाएंगे। इसके लिए सरकारी स्तर से कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका जानकारी विकास मित्र, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, सेविका महादलित टोला में जागरूकता अभियान से दे रहे हैं। जागरूकता बैठक में विकास मित्र दिलीप कुमार, प्रकाश चौधरी, संतोषी कुमारी, सुजाता कुमारी सहित सभी विकास मित्रों ने अपने-अपने पंचायत के महादलित किशोरी बच्चियों को इस कार्यक्रम से अवगत कराया।

## भूमि विवाद को ले हुई मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के सिहुली खैरा बिगहा में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में संतोष यादव एवं दीप माला कुमारी दोनो घायल हो गए, रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। संतोष यादव ने इसके भतीजा सुमित कुमार, अमित कुमार, मीना देवी, लालसा कुमारी को नामजद आरोपित बनाते हुए यह उल्लेख किया के मुझे कमजोर समझकर लाठी डंडे से मारते रहते हैं और खेत में फसल लगाने से मना करते हैं, और जान से मारने का धमकी देते हैं। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# संजय सिंह यादव महाविद्यालय में स्थापना दिवस व चौधरी चरण सिंह जयंती समारोह संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज स्थित संजय सिंह यादव महाविद्यालय में 15वें स्थापना दिवस एवं भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर एक भव्य और गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षा, स्मृति और संकल्प के संगम से सजा यह आयोजन महाविद्यालय के स्वर्णिम भविष्य की ओर संकेत करता दिखा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह यादव, प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार मिश्रा, पूर्व प्राचार्य रामचन्द्र सिंह, सचिव कारू प्रसाद यादव तथा प्रबंध समिति के सदस्य सत्येन्द्र यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. संजय सिंह यादव ने कहा कि महाविद्यालय की 15 वर्षों की यात्रा संघर्ष, समर्पण और सतत प्रगति की जीवंत कहानी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले वर्षों में संस्थान को शिक्षा, शोध, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना ही प्रमुख लक्ष्य है। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार मिश्रा ने महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, संसाधनों के विस्तार और भावी विकास योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, प्रबंध समिति के सदस्य सत्येन्द्र यादव ने महाविद्यालय के इतिहास, समाज के प्रति उसके योगदान और शैक्षणिक भूमिका को रेखांकित किया। समारोह को प्रो. रामाशीष यादव, प्रो. रामनाथ मिस्त्री, प्रो. राजनंदन प्रसाद, प्रो. अभिनव यादव, प्रो. उमेश कुमार, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. मुन्ना कुमार सहित कई शिक्षाविदों एवं वक्ताओं ने संबोधित किया।

# किसान मेला-सह-पशु प्रदर्शनी में किसानों को मिली योजनाओं की विस्तृत जानकारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जहानाबाद। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), जहानाबाद के तत्वावधान में काको रोड स्थित संयुक्त कृषि भवन परिसर में जिला स्तरीय दो दिवसीय किसान मेला-सह-पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता विनय कुमार सिंह ने कहा कि यह मेला कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के पदाधिकारियों और कर्मियों के समन्वित सहयोग से आयोजित किया गया है। उन्होंने किसानों से विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर नवीन तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का आह्वान किया। साथ ही उन्नत एवं व्यवसायिक कृषि के लिए बैंकों एवं नाबार्ड से संपर्क कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। इसके उपरांत उन्होंने किसान मेला में लगे विभिन्न स्टॉलों एवं पशु प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया। जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने अपने संबोधन में किसानों से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक (आत्मा) संभावना ने आत्मा योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मेले में पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यान, पशुपालन, मत्स्यपालन, इफको, नाबार्ड एवं बैंकों के स्टॉल लगाए गए हैं। साथ ही गाय, भैंस, बकरी एवं श्वान (डॉग) की पशु प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार ने बताया कि गायपालन, बकरीपालन एवं भैंसपालन के माध्यम से स्वरोजगार की असीम संभावनाएं हैं, जिसके लिए विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पशुपालक पशुओं से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही पशुओं की टैगिंग अनिवार्य रूप से कराने की अपील की, ताकि मुआवजा सहित सभी लाभ नियमानुसार प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी अहमद अली रजा, कृषि विज्ञान केंद्र गंधार के वैज्ञानिक डॉ. दिनेश महतो, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण अजय कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी रूपेश कुमार अग्रवाल, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण जावेद आलम, उप परियोजना निदेशक आत्मा राकेश कुमार एवं अनुप्रिति माला, सहायक निदेशक प्रक्षेत्र रामलखन ठाकुर सहित जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मीगण तथा सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।

# सुही महादलित टोला पोखरा पर जाने वाली सड़क बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत सुही पंचायत के वार्ड नं- नौ महादलित टोला पोखरा पर के लोग आज भी विकास कार्य हे कोसो दूर है। उक्त गांव के ग्रामीणों को आने जाने के लिए न तो सड़क का निर्माण कराया गया है व न हीं नल जल योजना से पेयजल की आपूर्ति कराई गई है। ग्रामीणों के माने तो आजादी के इतने दिन बीतने के बावजूद भी वे लोग 20वीं सदी में जीने को मजबूर हैं। ग्रामीण भगवान भरोसे हैं। पोखरा पर गांव सुही से लगभग 1.3 किलोमीटर दूरी पर पूरब दिशा में महुअरी नहर के दोनो किनारे अवस्थित है। उस गांव में कोइरी, धोबी व चमार व लोहार जाति के लोग रहते है। 30-35 घर की बस्ती में 300 से ऊपर की आबादी है। गांव के श्रीराम मिस्त्री, जगदीश मेहता, शंभू राम, शिवशंकर बैठा, सहित ने बताया कि सुगम संपर्क के लिए प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष कई बार गुहार लगाई पर किसी ने पहल नही की है। अब तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। गांव के लोग महुअरी नहर पर बिजली के पोल रखकर आवागमन करते हैं। बरसात के दिनों में बारिश होने के बाद नहर का दोनों किनारा किचड़ पट जाता है जिससे आवागमन करने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी तो स्कूली बच्चे, महिलाओं व बीमार पड़े मरीजों को होती है। गर्मी के दिनों में लोग खेता-खेती से होते हुए लोग आवागमन कर लेते हैं। यहां तक की बरसात के दिनों में ग्रामीणों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। महादलित बस्ती के चारो तरफ से पानी बहता है। इसके चलते घर में सर्प, बिच्छू प्रवेश कर जाते हैं। अक्सर बिच्छू डंक मारने से लोग आक्रांत होते रहते है, उन्हे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की जरूरत होती है। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग सरकारी सुख सुविधा से वंचित है। पोखरा पर गांव के लोग जान जोखिम मे सड़क से आवागमन करते हैं। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान सड़क निर्माण के प्रति नहीं है।

# सरकारी स्तर से असहायों के बीच कंबल वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रखंड के सभी पंचायतों से आये असहाय लोगों के बीच सरकारी स्तर से कंबल वितरण किया गया। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, सीओ कौशल्या कुमारी, बीपीआरओ मनोज कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना, जदयू नेता डा. देवलाल पासवान, पूर्व पंचायत समिति रामजीत राम, सवेरा दिव्यांग फाउंडेशन के प्रखंड अध्यक्ष सागर कुमार, शिक्षक रविंद्र कुमार ने असहायों के बीच कंबल वितरण किया। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी व सीओ कौशल्या कुमारी ने कहा सरकारी कर्मियों द्वारा पंचायत स्तरीय असहायों का लिस्ट तैयार किया था और उन सभी असहायों कौ प्रखंड कार्यालय परिसर बुला कर सामूहिक रुप से सभी लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। बीडीओ ने कहा पहली सूची में 57 असहायों का लिस्ट तैयार किया गया था। कड़ाके की ठंड में असहायों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। असहाय लोगों को मदद के लिए सरकार पूरी तरह तैयार है।

## पंचायत रोजगार सेवक की सेवानिवृति पर विदाई समारोह आयोजित

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य पंचायत रोजगार सेवक संघ -जहानावाद की ओर से मखदुमपुर प्रखण्ड - मनरेगा कार्यालय में कार्यरत लालमनी प्रसाद के सेवानिवृति के उपरांत विदाई सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विदाई कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सेवानिवृत्त कर्मी के स्वस्थ एवं सफल जीवन का कामना किया। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मी को साथियों ने अंगवस्त्र, फूलमाला और अन्य गिफ्ट देकर भावपूर्ण विदाई दी। इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुऐ संगठन के प्रदेश महामंत्री रंजीत कुमार ने जोर देकर माँग किया की पंचायत रोजगार सेवक के पिछले 20 वर्षों से बढ़ते कार्य एवं उत्तरदायित्व को ध्यान में रखकर पंचायत रोजगार सेवक को पंचायत सचिव के पद पर नियमित किया जाए। समारोह को संबोधित करते हुऐ पूर्व जिलाध्यक्ष किसलय कुमार, प्रनदेव कुमार, अशोक कुमार ने सरकार द्वारा मनरेगा की जगह विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजिविका मिशन ग्रामीण (वि.बी.जी राम) पर विस्तृत चर्चा की एवं इसके उद्देदश्य को पुरा करने का संकल्प लिया।इस समारोह में कई पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

# राष्ट्रीय बजरंग दल ने जहानाबाद में निकाला आक्रोश मार्च



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में जहानाबाद में राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से आक्रोश मार्च निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया और भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। आक्रोश मार्च राष्ट्रीय बजरंग दल के सह जिला अध्यक्ष मंटू चौहान की अध्यक्षता में निकाला गया। मार्च की शुरुआत ऊंटा मोड़ से हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए अस्पताल मोड़ पहुंचकर संपन्न हुई। मार्च में शामिल कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ नारे लगाए और विश्व समुदाय से इस मुद्दे पर संज्ञान लेने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, जो मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की कि वे इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप कर वहां के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराएं। आक्रोश मार्च के समापन पर अस्पताल मोड़ के पास बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। पुतला दहन के दौरान भी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरौनी रिफाइनरी में सुरक्षा सप्ताह का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में सुरक्षा सप्ताह का भव्य समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। बरौनी रिफाइनरी स्थित अधिगम एवं विकास केंद्र में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। जो समर्पण, प्रतिबद्धता और कौशल के एक सप्ताह के उत्सव के सफल समापन का प्रतीक था।इस अवसर पर बरौनी रिफाइनरी में विभिन्न हितधारकों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित सप्ताह भर की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक




(परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हाजरिका, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एस के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (कोर ग्रुप) राजू मशहरी, सहायक कमांडेंट, सीआईएसएफ रणेन्द्र कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। श्री प्रकाश ने सुरक्षा बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी की अवधारणा को रेखांकित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की उत्साही भागीदारी की सराहना की और उनसे अपने दैनिक जीवन और कार्य में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने का आग्रह किया। सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह में सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शिनी, पदयात्रा, गृहिणियों के लिए अनलाइन क्विज, डीजीआर के लिए वॉलीबाल, सीआईएसएफ के लिए खो-खो, ऑनलाइन वेबिनार तथा कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं ने ऐसा माहौल बनाने में मदद की जहाँ हर कोई सुरक्षा में योगदान करने के लिए सशक्त महसूस करेगा। यह समारोह सुरक्षा और सतर्कता के मूल्यों को बढ़ावा देने और बनाए रखने में पूरे समुदाय के सामूहिक प्रयासों का एक प्रमाण था। बरौनी रिफाइनरी सुरक्षा उद्देश्य की भावना को प्रेरित करने तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सदैव तत्पर है।

# जिले में औद्योगिक विकास को गति देना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

## इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर के कांफ्रेंस हाल में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग संवाद का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बरौनी प्रखण्ड स्थित इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर के कन्फ्रेंस हल में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में उद्योग संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के स्थानीय उद्यमियों एवं निवेशकों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु एक सशक्त मंच प्रदान करना था।कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में जिले के निवेशक एवं उद्यमी उपस्थित रहे। संवाद के दौरान उद्यमियों द्वारा जिले में उद्योग संचालन से जुड़ी अनेक समस्याओं एवं चुनौतियों को जिला



प्रशासन के समक्ष रखा गया। इनमें सड़क व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, सीवरेज प्रणाली, अग्निशमन (फायर सेफ्टी) व्यवस्था, बैंकिंग सुविधाएं तथा ट्रैफिक प्रबंधन से संबंधित विषय प्रमुख रूप से शामिल थे।जिला पदाधिकारी श्री शास्त्री ने उद्यमियों द्वारा उठाई गई।सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास को गति देना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। और इसके लिए उद्यमियों को अनुकूल एवं सहयोगात्मक वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है।बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्, उपमहाप्रबंधक बियाडा बेगूसराय तथा अग्रणी जिला प्रबंधक बेगूसराय सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी श्री शास्त्री द्वारा उपस्थित सभी उद्यमियों, निवेशकों एवं पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।तथा उद्योग संवाद की कार्यवाही का समापन किया गया।

# रिफाइनरी ने हाई परफार्मेंस पेट्रोल के प्रचार हेतु निकाली बाइक रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** देश की अग्रणी ऊर्जा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन अयल कर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा ग्राहकों को उन्नत एवं उच्च गुणवत्ता वाले ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को बेगूसराय स्थित स्वागतम रिटेल आउटलेट पर एक्सपी95 हाई परफर्मेंस पेट्रोल के प्रचार-प्रसार हेतु एक भव्य प्रमोशनल बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शोभा कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश ने बढाई। उल्लेखनीय है कि बरौनी रिफाइनरी इंडियन अयल की एक प्रमुख रिफाइनरी के रूप में, पूर्वी भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाले पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों ने एक्सपी95 ईंधन के उपयोग से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह ईंधन वाहन को सुगम एवं झटकेरहित संचालन, बेहतर त्वरण तथा अधिक प्रभावी इंजन शक्ति संचार प्रदान करता है। ग्राहकों ने यह भी कहा कि एक्सपी95 से इंजन की कार्यक्षमता में सुधार के साथ-साथ ड्राइविंग अनुभव अधिक आरामदायक और भरोसेमंद बनता है। प्रचार अभियान के अंतर्गत लगभग 20 किलोमीटर लंबी बाइक रैली आयोजित की गई। जिसमें 650 सीसी तक की इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रैली ने न केवल एक्सपी95 ईंधन की उच्च प्रदर्शन क्षमता को प्रदर्शित किया। बल्कि युवाओं और प्रीमियम सेगमेंट के ग्राहकों के बीच इसके प्रति जागरूकता भी बढ़ाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राहकों और प्रतिभागियों की उत्साही भागीदारी देखने को मिली। यह आयोजन इंडियन अयल कर्पोरेशन लिमिटेड की ग्राहक-केंद्रित सोच और बरौनी रिफाइनरी के माध्यम से क्षेत्रीय विकास एवं ऊर्जा सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से दर्शाता है।

# पंस की बैठक में लेबर कार्ड बनाने में वसूली का उठा मामला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार भवन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने की। बैठक में पूर्व की बैठक की संपुष्टि के बाद सदन की कार्रवाई शुरू की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न मुद्दों पर जोर देते हुये सदन को अवगत कराया। साथ ही कई मामलों को प्रस्ताव में भी शामिल करवाया गया।वहीं बैठक में विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा छाया रहा। कर्मियों कागजातों बनाने में 200 रुपये अवैध वसूली का मामला उठाया गया जिसे कर्मियों के द्वारा स्वीकार भी किया गया। जिस पर सभी कर्मियों को चेतावनी देकर भेज दिया गया। सुरक्षा के मुद्दों पर ताजपुर पंचायत के मुखिया शिवनंदन कुमार ने थाना क्षेत्र के दियारा इलाके में पुलिस गश्त नहीं होने की शिकायत की साथ ही उन्होंने लेबर कार्ड में हो रहे धांधली को लेकर लेबर इंस्पेक्टर सोनु कुमार को आडे हाथ लेते हुये लेबर कार्ड बनाने में बिचौलिये के हाबी रहने व लाभुकों से अवैध वसूली की बात कही. जनप्रतिनिधियों ने बलिया प्रखंड क्षेत्र में बनाये गये लेबर कार्ड की प्रखंड स्तर पर जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गयी। जिसे प्रस्ताव में भी लिया गया। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति पर कई सदस्यों ने संबंधित वार्ड के पोषक क्षेत्र में आंगनबाड़ी नहीं चलने की शिकायत की। जिस पर सीडीपीओ रश्मि कुमारी के द्वारा जांच कर वैसे आंगनबाड़ी केन्द्रों को पोषक क्षेत्र में स्थापित करने का आश्वासन दिया. साथ ही पंसस गोपेश कुमार के द्वारा क्रय वाउचर के नाम पर आंगनबाड़ी सेविकाओं से एलएस एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर के द्वारा 100 रूपये अवैध तरीके से लेने की शिकायत भी की गयी. जिस पर सीडीपीओ के द्वारा जांच कर वैसे एलएस एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर पर कार्रवाई करने का आश्वासन सदन को दिया गया। सालेहचक पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फैजुर रहमान के द्वारा विगत 21 दिसंबर को उर्दू मध्य विद्यालय कुंजर टोली में एक भी छात्र की उपस्थिति नहीं रहने के बावजूद भी 525 बच्चों की उपस्थिति पंजी में दर्ज करने की शिकायत बीईओ सुरेंद्र कुमार पांडे से की गयी। ताजपुर के मुखिया शिवनंदन कुमार के द्वारा प्लस टू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोखले नगर विष्णुपुर में भवन की कमी पर विधायक से भवन की मांग की गयी जिस पर विधायक सत्तानंद संबुद्ध ने सदन में ही स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रस्ताव भेजने की बात कही। मुखिया प्रतिनीधि मो राशीद ने बडी बलिया उत्तरी के दो विद्यालय को उत्क्रमित करने की मांग की गयी। बैठक में बीडीओ सन्नी कुमार ने मनरेगा का नाम बी जी राम जी किये जाने पर आगामी 26 दिसंबर से पहले सभी पंचायत में विशेष आमसभा का आयोजन करने की जानकारी सभी जनप्रतिनिधियों को दी। साथ ही उन्होंने बताया कि इस आम सभा में जी राम जी योजना के तहत सभी जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी जायेगी। बैठक में स्थानीय विधायक सत्तानंद संबुद्ध उर्फ ललन यादव, उप प्रमुख सच्चिदानंद पासवान, पूर्व प्रमुख कुंदन यादव, पंसस परमानंद चौधरी, गोपेश कुमार, अर्जुन प्रसाद रंजन, भाग्यश्री बाला, मंजू देवी, मुखिया कुमरेश यादव, शिवनंदन कुमार, दिलीप सिंह, हीरा देवी, मुखिया प्रतिनिधि फैजुर रहमान, मो राशिद, बीडीओ सन्नी कुमार, एआरओ बिहारी सिंह, बीईओ सुरेंद्र कुमार पांडे, बीपीआरओ दीप शिखा, सीडीपीओ रश्मि कुमारी, ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता अमरेन्द्र कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजुद थे।

# पत्नी ने पीट-पीट कर की पति की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मंसूरचक।** असम पुलिस में कार्यरत जवान की सोमवार को करीब सात बजे घर से सौ मीटर दूर गेंहू खेत में पीट पीट कर हत्या कर दिया दी। मृतक सिमरतल्ला चौक पर से अपने घर के लिए (लोकपरिया) पगडंडी के रास्ते से जा रहा था। करीब घर से करीब सौ मीटर दूरी पर गेहूं की खेत में पीट पीट कर घायल कर दिया। शोर होने पर ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। मृतक की पहचान मंसूरचक पंचायत के वार्ड संख्या 14 निवासी स्वर्गीय जागेश्वर मलिक 57 वर्षीय पुत्र जंगली मलिक के रूप में की गई जो असम पुलिस में कार्यरत था और छुट्टी में घर आया हुआ था। जिसे घायल अवस्था में बेगूसराय भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। समाचार प्रेषण तक पोस्टमार्टम होकर शव मंसूरचक नहीं आया था। लेकिन सुबह होते मंसूरचक में हत्या की खबर से हड़कंप मच गया। थानाध्यक्ष गोविन्द कुमार पाण्डेय ने मामले को संज्ञान में लेकर छापेमारी की। इस दौरान मृतक की पत्नी 37 वर्षीय सुमित्रा देवी को उसके पुत्र संजय मलिक के साथ गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसकी बेटी को भी हिरासत में लिया है। जंगली मलिक की हत्या पुरानी रंजिश को जोड़ कर देखी जा रही है। वहीं पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी असम में किये जाने की बात कही जा रही है। जंगली मलिक पुराने घर के ठीक बगल में गणपतौल पंचायत में पक्का मकान बनाया जो अधूरा है। हत्या के बाद जंगली मलिक के घर के अंदर लूटपाट भी जैसा दृश्य था। क्योंकि घटना को दूसरा रूप देने का प्रयास किया गया है। लेकिन पुलिस के गिरफ्त में आये पुत्र संजय मलिक ने हत्या की बात स्वीकार कर ली है और पुलिस अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इधर डीएसपी तेघड़ा कृष्ण कुमार पहुंच कर घटना की जांच पड़ताल की और कहा कि थानाध्यक्ष गोविन्द कुमार पाण्डेय के सक्रियता के कारण घटना होने तुरंत बाद ही मामले का खुलासा कर लिया और संदिग्धता के आधार पर मां सुमित्रा देवी और पुत्र संजय मलिक सहित दो चार लोगों को अरेस्ट किया गया है। डीएसपी कृष्ण कुमार ने बताया कि पारिवारिक विवाद चल रहा था। जिसमें जंगली मलिक की पीट पाट कर हत्या कर दी गई। घटना स्थल को चारों ओर से घेर दिया गया। और जंगली मलिक के दूसरी पत्नी रीता देवी के आवेदन पर पुलिस मामला दर्ज करेगी।

## स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी का निधन

**मंसूरचक (नबिटा संवाददाता)।** प्रखण्ड के समसा गांव निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्व रामखेलावन गुप्ता की करीब 90 वर्षीय पत्नी चन्द्रकला देवी का मंगलवार को हृदय गति रूकने से निधन हो गया।उनके निधन पर मंसूरचक वीडियो आदि पहुंचकर श्रद्धांजलि दिया। उनके निधन पर उनके पुत्र शंकर गुप्ता अमर गुप्ता ने बताया की मां बराबर बीमार चल रही थी। उनके निधन पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बालेश्वर महतो, भाकपा राज्य परिषद सदस्य सत्यनारायण महतो, धर्मेंद्रजक आदि ने भी शोक प्रकट करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वीकेएसयू के नये डीएसडब्लू ने कार्यभार संभाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी, आरा के नये डीएसडब्लू ओमप्रकाश राय के आने के बाद शिक्षा से जुड़े छात्र व अन्य मिलकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान भूषण सिंह ने यूनिवर्सिटी के छात्रों के भविष्य को लेकर कई बातों को रखा। जहां सकारात्मक आशा दिखाई दिया। बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत वीकेएसयू को नया नेतृत्व मिल गया है। ओमप्रकाश राय ने वीकेएसयू आरा के डीएसडब्लू कार्यभार विधिवत रूप से ग्रहण

## लोगों ने दीं शुभकामनाएं

कर लिए हैं। ओमप्रकाश राय ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखते हुए वे शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, और नवाचार को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए यूनिवर्सिटी में नई योजनाओं को लागू किया जाएगा। इसी अवसर पर समाजसेवी एवं शिक्षा के प्रति विशेष रुचि रखने वाले भूषण सिंह ने वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी पहुंचकर ओमप्रकाश राय से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रो. राय जैसे अनुभवी और कुशल प्रशासक के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी निश्चित ही नई ऊंचाइयों को छूएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यूनिवर्सिटी में शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा, जिससे छात्राओं को प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

# बरौनी को हराकर मधुबनी कॉलेज बना विजेता

**बरौनी (नबिटा संवाददाता)।** एपीएसएम कॉलेज बरौनी के प्रांगण में मिथिला विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन मंगलवार को बरौनी को हराकर मधुबनी विजेता हुई। मंगलवार को सेमीफइनल मैच में एपीएसएम कॉलेज बरौनी का सामना आरके कॉलेज मधुबनी के साथ हुआ। जिसमें आर के कालेज मधुबनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 175 रन बनाये। आरके कलेज की ओर से शिवम ने 48 और अनीस ने 44 रनों की पारी खेली। जबाब में एपीएसएम की टीम निर्धारित 15 ओवरों में छह विकेट खोकर 160 रन ही बना सकी। एपीएसएम की ओर से पीयूष ने सर्वाधिक 55 रन बनाए। ज्ञात हो कि पीजी एथलेटिक्स की टीम पहले ही प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान बना चुकी है। कल प्रतियोगिता के फाइनल में आरके कलेज मधुबनी का मुकाबला पीजी एथलेटिक्स से होगा। चयन समिति के सदस्यों में अजित कुमार, सुजीत ठाकुर, आर अंकुर, व सुशील यादव की अहम भूमिका रही। महाविद्यालय आयोजन समिति में ड नन्दकिशोर पंडित, व डा. श्रवण कुमार की अहम एवं उल्लेखनीय भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से डा. सुशील कुमार, प्रो रामागार प्रसाद, डा. विकास कुमार सोनू, प्रो मनोज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# जय मां काली बखोरापुर के मंदिर ट्रस्ट कार्यालय का हुआ उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर का गौरव बड़हरा प्रखंड स्थित जय मां बखोरापुरवाली मंदिर ट्रस्ट के अत्याधुनिक, सुसज्जित और बिहार के मंदिरों में सर्वप्रथम स्थान रखने वाला मंदिर ट्रस्ट कार्यालय का विधिवत उद्घाटन हुआ। मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मंगल सिंह, सह-मुख्य-संरक्षक रविशंकर सिंह, मुख्य-संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, वरिष्ठ-मेंबर सिद्धार्थ कुमार उर्फ दीपू, प्रशासक कंचन कुमार, पुजारी पप्पू बाबा एवं दर्जनों पदाधारियो और सैकड़ों ग्रामवासियों, पर्यटकों, भक्तों की उपस्थिति में कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस कार्यालय में देश-विदेश से आने वाले लाखों भक्तों को पूजन से पूर्व एवं बाद में मंदिर ट्रस्ट स्वागत करेगा। बिहार में शायद इतना बड़ा सुसज्जित कार्यालय किसी मठ-मंदिर में नहीं है। यह आज का उद्घाटन की चर्चा लाखों भक्तों की जुबान पर है। मंदिर परिसर स्थिति गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 101 को अत्याधुनिक रुप दिया गया है। जो वीवीआईपी एवं वीआईपी अतिथियों को ठहरने की व्यवस्था प्रदान की गई है।

## पुलिस ने मोबाइल चोर को पकड़ कर भेजा जेल

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डफरपुर पंचायत के अब्बूपुर से पुलिस ने एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार मोबाइल चोर गाँव के ही अनुराग कुमार है। इस संबंध में अब्बूपुर के दिलीप कुमार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर उस पर घर में घुस कर मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने थाने में दिये आवेदन में कहा है कि सोमवार की मध्य रात्रि में अनुराग कुमार उसके घर में घुस कर भिभो कंपनी का एंड्राइड मोबाइल जिसकी कीमत 15 हजार रूपए की है चोरी कर लिया। उसकी आंख खुली तो उसे घर से निकल कर भागते देखा। ग्रामीणों के समक्ष उसकी तलाशी ली गई तो उसके जेब से चुराया गया मोबाइल बरामद हुआ। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुँच कर मामले की तहकीकात की तथा अनुराग कुमार को हिरासत में ले लिया।

# आयुष्मान आरोग्य सेंटर बखोरापुर का टीम ने किया मूल्यांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड स्थित आयुष्मान आरोग्य सेंटर, बखोरापुर का केंद्रीय टीम द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) के तहत मूल्यांकन किया गया है। सेंटर के मूल्यांकन का कार्य सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया। इस कार्य में बड़हरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक शिवशंकर कुमार, डॉ. ऋचा, डीपीसी प्रेम रंजन मोदी के कुशल मार्गदर्शन में टीम ने उत्कृष्ट

## गुणवत्ता सुधार में बताई अहम भूमिका

प्रदर्शन किया। डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि सीएचओ सत्य रंजन कुमार, एएनएम प्रमिला कुमारी, कंचन कुमारी तथा पिरामल टीम से शिखा मिश्रा ने अपनी निष्ठा और मेहनत से कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न कराया। वहीं आशा फैसिलिटेटर एवं आशा कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभाई।

# आग लगने से घर जलकर राख

**नावकोठी (नबिटा संवाददाता)।** प्रखण्ड के डफरपुर पंचायत के टेकनपुरा में आग लगने से एक फूस का घर जल कर राख हो गया। घटना सोमवार की आधी रात की है। अगलगी के कारण का पता नहीं चल सका। पीड़ित स्व फूलो राम का पुत्र महेश राम है। उसने बताया कि सोमवार की रात में खा पीकर सभी सदस्य सो गए। अचानक शोरगुल की आवाज सुनकर नींद खुली तो घर को जलता हुआ देखा। सभी सदस्य घर से बाहर निकले। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में कामयाब हुए पर घर में रखे कपड़े, बर्तन, बिछावन तथा अनाज जलकर राख हो गया। घर के पिछवाडे में खूंटा से बंधी गाय बुरी तरह झुलस गई। मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार ने इसकी सूचना पशु चिकित्सा पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर डा विष्णु प्रभाकर अपनी टीम के साथ सूचना स्थल पर पहुँच कर झुलसी हुई गाय की चिकित्सा की। इस अगलगी में लगभग 50 हजार रूपए क्षति का अनुमान लगाया गया है।

**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**—: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :—**

सभी संबंधित पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025—26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पलामू जिला में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं **(बकरा विकास योजना 8+2, सूकर विकास योजना 4+1, लेयर कुक्कुट लो इनपुट 400 चूजा, ब्रायलर कुक्कुट 500 चूजा एवं बत्तख विकास योजना)** के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 31.10.2025 को उपायुक्त महोदया, पलामू की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में अंतिम रूप से चयनित योग्य लाभुकों को सूचित किया जाता है कि वे **आई0डी0बी0आई0 बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इण्डियन बैंक डालटनगंज एवं इण्डियन बैंक मसिहानी, छतरपुर शाखा** में **नये Escrow Account** खुलवाकर योजनानुसार लाभुक अंशदान की राशि को उपरोक्त **नये Escrow Account** में जमा कर जमा पुर्जा जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू में दिनांक 27.12.2025 तक जमा करना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात् आपके बैंक खाते में योजनानुसार देय अनुदान की राशि हस्तांतरित की जाएगी। सभी चयनित लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान की राशि जमा करने के उपरान्त बैंक खाते में लाभुक अंशदान एवं देय अनुदान की राशि पर **Line/Hold** लगाने हेतु अद्योहस्ताक्षरी को अपना सहमति पत्र उक्त तिथि तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक लाभुक अंशदान की राशि की व्यवस्था कर अपने बैंक खाता में जमा कर जमा पुर्जा अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में आपकी पात्रता समाप्त समझी जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। लाभुकों की विस्तृत सूची संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है। विशेष जानकारी हेतु अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय एवं संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। ससमय राशि जमा नहीं करने पर प्रतीक्षा सूची में प्रतिक्षारत लाभुकों को क्रमानुसार प्राथमिकता दी जाएगी क्योकि वित्तीय वर्ष 2025—26 समाप्ति की ओर है।

PR.NO.369229 District(25-26):D

जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**
**समाहरणालय भवन ब्लॉक-सी, कमरा नं0—09, मेदिनीनगर**
ई-मेल- jepcpalamau1@gmail.com & jepcpalamau@rediffmail.com

**पुनर्निविदा सूचना विज्ञप्ति**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 एवं पत्रांक GE/08/132/2019-20/3163 दिनांक 23.09.2019 के निदेशानुसार एवं जिला कार्यालय के पत्रांक 899 दिनांक 15.10.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025—26 में जिला के विभिन्न प्रखण्डों में संचालित 12—कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, 08—झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01—नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ सदर पलामू में आवश्यक खाद्य एवं अखाद्य सामग्री तथा अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु विभिन्न शर्तो एवं बंधेजों के साथ मुहर बंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) अलग—अलग केवल प्रतिष्ठित एवं स्थापित फर्मो से आमंत्रित की गई थी। सभी विद्यालयों के लिए निविदा पूर्ण किए जाने हेतु (कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सदर मेदिनीनगर के पैकेज सं0 01 एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ के पैकेज सं0 02 को छोड़कर) शेष के लिए पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता District Education Officer cum District Programme Officer, Samagra Shiksha, Palamu] SBI, Main Branch Daltonganj ds uke Payable,vizfrns; (Non Refundable) रू0 1000.00 रू0 (एक हजार रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक/ Schedule Bank के डिमांड ड्राफ्ट जो फर्म के द्वारा बनाया जाएगा। जमा करने के पश्चात् दिनांक 24.12.2025 से 03.01.2026 तक निविदा से संबंधित शर्ते, पैकेजवार अनुसूची, समग्र शिक्षा कार्यालय पलामू से अपराह्न 02 बजे तक प्राप्त कर सकते है, तथा अंतिम रूप से दिनांक 03.01.2026 के अपराह्न 04.00 बजे तक निविदा जमा करेंगे।

निविदा से संबंधित विभिन्न शर्तो एवं बंधेजों तथा क्रय/आपूर्ति किये जानेवाले सामग्रियों की पैकेजवार सूची पलामू जिला के Website(palamau.nic.in) में देखा जा सकता हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी—सह—
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

PR.NO.369262 District(25-26):D

# मुंगेर विश्वविद्यालय के चार स्वयंसेवक राष्ट्रीय एकता शिविर में करेंगे बिहार का प्रतिनिधित्व

## बीडीओ ने बैठक कर वर्ष 2024 के चयनित लाभार्थियों का किया सत्यापन

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मुंगेर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) और क्षेत्रीय निदेशालय पटना के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार के पत्र के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ (उत्तरप्रदेश) द्वारा दिनांक 22 से 28 फरवरी 2026 तक देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखंड) में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में सहभागिता हेतु बिहार के दो विश्वविद्यालय के 10 एनएसएस स्वयंसेवकों को सहभागिता करनी है। बिहार के दो विश्वविद्यालयों में पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय तथा मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर शामिल हैं। मुंगेर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुंगेर विश्वविद्यालय से चार स्वयंसेवकों का चयन किया गया है। मुंगेर विश्वविद्यालय से चयनित स्वयंसेवकों की सूची इस



प्रकार है :- 1. प्राची कुमारी - आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर (योगा एवं भाषण) 2. अभिलाषा कुमारी-आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर (नृत्य एवं गायन) 3. राजदीप शर्मा- जेआरएस कॉलेज, जमालपुर (पेंटिंग एवं हस्तशिल्प) 4. संतोष कुमार -आरडी कॉलेज, शेखपुरा (अभिनय, नृत्य)। राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक कार्यक्रम, पेंटिंग प्रतियोगिता, नाटक, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होना है। सहभागिता हेतु उन्हीं स्वयंसेवकों का चयन किया गया है जो माई भारत पोर्टल पर राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वयंसेवक के रूप में पंजीकृत हैं। इसके अलावा स्वयंसेवक को सांस्कृतिक कार्यक्रमों, (कजरी व झूमर नृत्य, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन, लोकनृत्य एवं लोकगीत आदि) क्षेत्रीय हस्त शिल्प, भाषा में निपुण तथा शैक्षणिक, सांस्कृतिक, प्रतिभावान कौशल और नेतृत्व क्षमता रखते हैं। प्रतिभागियों को दिनांक 21फरवरी, 2026 के शाम को शिविर स्थल पर पहुँचना है। चयनित प्रतिभागी ने मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों में से मुंगेर विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों का चयन गर्व की बात है । यह चयन ही नहीं बल्कि प्रतिभा का सम्मान है। कुलपति महोदय का नेतृत्व क्षमता और कार्यक्रम समन्वयक की मेहनत ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की अपनी पहचान बनी है।सभी स्वयंसेवकों को विश्वविद्यालय द्वारा समस्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू ने कहा कि प्रतिभावान छात्रों को राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयन किया है।मुंगेर विश्वविद्यालय के छात्रों की सहभागिता राष्ट्रीय पटल पर वृद्धि हुई है। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) संजय कुमार ने संदेश के माध्यम से कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित शिविर में गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2026, राष्ट्रीय एकता शिविर और एडवेंचर कैंप, शोध टीम इत्यादि में मुंगेर विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों का चयन एनएसएस की सक्रियता का परिणाम है।इस सफलता पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, डॉ मनोज मंडल,डॉ प्रियजन तिवारी, डॉ अंशु राय, डॉ सूरज कोनार डॉ कुंदन लाल, डॉ संजय मांझी, संबंधित कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिजेंद्र कुमार, डॉ देवराज सुमन और कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिंह, डॉ संजीव कुमार, डॉ नवलता ने बधाई दिया। कार्यालय कर्मी सुमंत कुमार और सौरव शांडिल्य द्वारा आज स्वयंसेवकों का दस्तावेज सत्यापन किया गया उसके बाद चयनित सूची को क्षेत्रीय निदेशालय पटना भेज दी गई।

# दिल्ली के लाल किला परेड हेतु चयनित हुई पुनपुन एसएमडी कॉलेज की एनसीसी छात्रा संध्या

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** आगामी 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली के लाल किला परेड मैदान में इस बार पुनपुन के एनसीसी ऑफिसर संध्या कुमारी का चयन हुआ है। गौरतलब है की एस.एम.डी. कॉलेज. पुनपुन पटना की एन.सी.सी कैडेट अंडर ऑफिसर संध्या कुमारी की चयन गणतंत्र दिवस के परेड दिल्ली के लिए हुआ है। एन.सी.सी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने कहा कि यह सम्मान केवल उन कैडेटों को



मिलता है जो अनुशासन, परेड कौशल और नेतृत्व क्षमता में उत्कृष्ट होते हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य महोदय प्रो. (डॉ) मधुरेंद्र ने कहा कि कैडेट्स का चयन होना एन.सी.सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार और कैडेट्स की मेहनत का नतीजा है.उन्होंने कहा कि इससे बाकी कैडेट्स को भी प्रेरणा मिलेगी और अनुशासन और मेहनत की तारीफ की, प्रो (डॉ ) मधुरेंद्र और एन.सी.सी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने अंडर ऑफिसर संध्या कुमारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए बोले कि महाविद्यालय और एन.सी.सी परिवार के लिए गर्व की बात है।

# बिक्रम पीएचसी के स्थानांतरण को लेकर धरना

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को दूसरे जगह स्थानांतरित करने के निर्णय को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कुमार के नेतृत्व में अस्पताल परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरनार्थियों का कहना है कि यह पीएचसी 115 सालों से बिक्रम में स्थापित है। इसे बाजार से 5 किलोमीटर दूर शिफ्ट करने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा चल रही है। लोगों का कहना है कि बिक्रम पीएचसी पर लगभग 100 से ज्यादा गांव निर्भर है चाहे वह ओपीडी सेवा हो या डिलीवरी या इमरजेंसी सेवा बिक्रम पीएचसी के स्थानांतरित होने से लोगों को प्राइवेट अस्पतालों पर निर्भर होना पड़ेगा। धरना पर बैठे लोगों ने कहा कि अब करो या मरो की लड़ाई होगी सरकार अगर बिक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ साथ छेड़छाड़ करती है तो अनशन पर बैठेंगे। केंद्र को स्थानांतरित नहीं होने देंगे। धरनार्थियों द्वारा चिकित्सा प्रभारी ज्ञापन सौंपा गया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने आश्वासन दिया कि जनता की मांग को स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियो के समक्ष रखने का काम करेंगे। इस मौके पर गोपाल सिंह, सुदामा चौधरी, राकेश कुमार, विश्वजीत कुमार ,सिद्धेश्वर सिंह ,उपेंद्र वर्मा, श्रीकांत यादव, लवकुश शर्मा, निर्मल कुमार, बिजेंद्र सिंह, विजय सिंह, बुटन सिंह, महेंद्र पंडित ,टुनटुन सिंह, मनोज ठाकुर, जुलम मोची, राम इकबाल राम, राजमोहन पासवान, राम केसरी देवी, मंजू देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बैठक में मरीजों की सुविधा को लेकर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** रोगी कल्याण समिति की बैठक मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार की अध्यक्षता में आहूत की गई। मौके पर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ नलिनी सिन्हा, स्वास्थ्य प्रबंधक चंद्रशेखर प्रसाद, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन समेत कई चिकित्सक एवं रोगी कल्याण समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए अस्पताल आने वाले मरीजों को कंबल एवं अन्य सुविधा प्रदान करने, अस्पताल के विभिन्न कमरों का क्षतिग्रस्त शीशा को बदलने एवं खास तौर पर अस्पताल में नर्स एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा



मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार रखने की विशेष हिदायत दी गई। वहीं साफ सफाई डॉक्टर ड्यूटी का रोस्टर बनाने के अलावा अस्पताल से मुख्य सड़क पर आने जाने के रास्ते पर नगर परिषद के द्वारा लाइटिंग लगाने और मेन सड़क पर अनुमंडलीय अस्पताल का साइनेज लगाने की बात पर चर्चा की गई इसके अलावा अन्य कई अस्पताल की बुनियादी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई।

# शराब के साथ सप्लायर गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहा है अभियान के दौरान धनरूआ पुलिस ने मंगलवार की देर शाम को धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर बाजार के चापुलवा के पास से एक ऑटो में लदे बोरे में ढेर सारे देसी शराब के पॉलिथीन को जप्त किया है। तकरीबन 100 लीटर देसी शराब जप्त की गई है। जहां एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक का का नाम मंतेश कुमार है जो फतुआ का रहने वाला है। शराब कहां से ला रहा था, कहां ले जा रहा था, तमाम बिंदुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया की न्यू ईयर को लेकर वरिय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार शराब की छापेमारी चल रही है।

# वोटरों की हटेगी धुंधली तस्वीर, गलतियों में होगा सुधार

## वोटर लिस्ट में लगेगा मतदाताओं का रंगीन फोटो, बीएलओ व सुपरवाइजरों के साथ की गई बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** वोटरों की धुंधली तस्वीर हटाने और वोटर लिस्ट की गलतियों को सुधारने को लेकर मंगलवार को मसौढ़ी नगर परिषद सभागार में सहायक निबंधक निर्वाचन पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार की अध्यक्षता में सभी बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक आहूत की गई। मौके पर नगर परिषद के ईओ राजीव रंजन उपस्थित रहे। बैठक में सहायक निबंधक निर्वाचन पदाधिकारी धर्मवीर कुमार ने बताया की रंगीन वोटर लिस्ट की कॉपी सभी बीएलओ को दे दी गई है। वोटर लिस्ट में मतदाताओं की रंगीन फोटो



लगाया जाना है, इसके अलावा वोटर लिस्ट में मतदाताओं की ब्लैक एंड व्हाइट फोटो और धुंधली तस्वीर हटाने के निर्देश दिये गये है। इसके अलावा दोहरी प्रविष्टि वाले नाम को भी गंभीरता पूर्वक हटाने का निर्देश दिया गया है वहीं वोटर लिस्ट में जिस किसी भी मतदाताओं का हाउस नंबर अगर गलत लिखा गया है तो उसको भी समय रहते सुधार करना है एवं 120 वर्ष की आयु वाले मतदाताओं का सत्यापन करना है। और यह सभी कार्य 13 जनवरी तक कर लेने का निर्देश दिया गया है। बताया गया कि 22 दिसम्बर तक रंगीन वोटर लिस्ट और चेक लिस्ट बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक को उपलब्ध करा दिया गया है। 24 से 26 दिसंबर तक बीएलओ का प्रशिक्षण और वोटरलिस्ट में पहचान का कार्य किया जाएगा। 27 दिसंबर से तीन जनवरी तक बीएलओ एप पर प्रपत्र आठ अपलोड किया जाएगा।

# वोटिंग के जरिए संपन्न हआ शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** द्वारकानाथ महाविद्यालय मसौढ़ी में शिक्षक प्रतिनिधि सत्र 2025 -26 का चुनाव वोटिंग के जरिए संपन्न हुआ, जहां डॉअनिल कुमार आठ वोटो से विजय हुए। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रभारी प्रधानाध्यापक ललित नारायण सिंह ने बताया कि शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव के लिए दो उम्मीदवार थे, जिसमें डॉ अखिलेश सिंह को 30 वोट मिले और डॉ अनिल कुमार को 38 वोट मिले। ऐसे में डॉअनिल कुमार आठ वोटों से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी डॉ अखिलेश सिंह से विजय हुए हैं। शिक्षक प्रतिनिधि शासी निकाय के सदस्य होते हैं हालांकि यह चुनाव जुलाई महीने में होनी चाहिए थी, लेकिन किसी तकनीकी कारणों से विलंब से हो रहा है, नव निर्वाचित शिक्षक प्रतिनिधी डॉक्टर अनिल कुमार को जीत की बधाई दी है।

# मवेशियों की चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गफरीचक गांव में बीते सोमवार की देर रात को दो मवेशी पालकों के घर से तकरीबन 12 बकरी की चोरी कर ली है जिसको लेकर सिंटू कुमार पिता स्व बबन बिंद ने अज्ञात के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं। पीड़ित सिंटू ने बताया कि हमारे घर में हमारे दो भाई रंजन बिंद एवं मुन्ना बिंद बकरी पालते हैं जिसमें एक भाई के पास सात बकरी है और दूसरे भाई के पास पांच बकरी हैं।

# विद्यार्थियों में वैज्ञानिक मनोवृति का विकास व जिज्ञासा को लेकर विज्ञान प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान पटना के आदेशानुसार मंगलवार को मसौढ़ी के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्रीकुमार के निर्देशन मे एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय मसौढ़ी के प्राचार्य रश्मि कुमारी के उपस्थिति मे प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रोजेक्ट प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहाँ वर्ग 6 से 12 तक के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक मनोवृति का विकास करने के साथ बच्चों में जिज्ञासा आधारित प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान गणित प्रौद्योगिकी विषय के शिक्षक को रुचिकर बनाने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए




विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड संसाधन केन्द्र मसौढ़ी में किया गया। संकुल संसाधन केन्द्र स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किए हुए मध्य विद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। विकसित भारत के लिए विज्ञान एवं नवाचार की संभावनाएं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा क्वांटम युग के आगाज संभावनाएं चुनौती यह तीन थीम पर या प्रतियोगिता आयोजन किया गया था। प्रथम एवं द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल मोमेंटम तथा प्रशस्ति पत्र देकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चे जिला स्तर पर 24 /12/25 को बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्री नगर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।इसके अलावा शहीद रामानंद रामगोविंद सिंह उच्च विद्यालय पुनपुन में सम्पन्न हुआ। क्विज पंकज प्रकाश लेखापाल की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के सभी संकुलों से आए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विज्ञान प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा बनायी गयीं एक से एक कृति की सराहना की गई।अलग-अलग प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडली में सुनील कुमार, अरुण कुमार सिन्हा, अवधेश भारती, प्रमोद कुमार, राजीव कुमार व वीरेन्द्र कुमार शिक्षकों की तैनाती रहीं।

# अंबुजा सीमेंट्स में होगा एसीसी और ओरिएंट सीमेंट का विलय, बनेगा 'वन सीमेंट प्लेटफॉर्म'

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**अहमदाबाद/भागलपुर।** गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड (एसीएल) ने अपनी सहायक कंपनियों एसीसी लिमिटेड और ओरिएंट सीमेंट के अंबुजा में विलय को मंजूरी दे दी है। इस कदम के साथ अडानी समूह देश में एकीकृत और मजबूत 'वन सीमेंट प्लेटफॉर्म' तैयार करेगा, जिससे एक पैन-इंडिया सीमेंट पावरहाउस का गठन होगा। विलय के बाद एसीसी, ओरिएंट सीमेंट, पेन्ना सीमेंट और सांघी इंडस्ट्रीज अंबुजा सीमेंट्स का अभिन्न हिस्सा बन जाएंगी। इन सभी की संयुक्त उत्पादन क्षमता 107 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) होगी। अंबुजा सीमेंट्स के बोर्ड ने सोमवार को एसीसी और ओरिएंट सीमेंट के विलय की योजना (स्कीम ऑफ अमलगमेशन) को मंजूरी दी। कंपनी के अनुसार, इस विलय से परिचालन दक्षता बढ़ेगी, मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स का बेहतर अनुकूलन होगा तथा पूंजी का प्रभावी उपयोग संभव हो सकेगा। इससे लाभप्रदता बढ़ेगी, क्षमता विस्तार को समर्थन मिलेगा और दीर्घकाल में शेयरधारकों को बेहतर रिटर्न मिलेगा। योजना के तहत एसीसी के प्रत्येक 100 इक्विटी शेयर (अंकित मूल्य 10) के बदले अंबुजा सीमेंट्स एसीसी के पात्र शेयरधारकों को 2 अंकित मूल्य के 328 इक्विटी शेयर जारी करेगी। वहीं, ओरिएंट सीमेंट के प्रत्येक 100 इक्विटी शेयर (अंकित मूल्य 1) के बदले अंबुजा सीमेंट्स 2 अंकित मूल्य के 33 इक्विटी शेयर जारी करेगी। कंपनी ने बताया कि यह पहल अंबुजा सीमेंट्स की उस रणनीतिक योजना के अनुरूप है, जिसके तहत वित्त वर्ष 2028 तक उत्पादन क्षमता 107 एमटीपीए से बढ़ाकर 155 एमटीपीए करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में अंबुजा सीमेंट्स के पास इएए में 50.05 प्रतिशत, ओरिएंट सीमेंट में 72.66 प्रतिशत, हैदराबाद स्थित पेन्ना इंडस्ट्रीज में 99.94 प्रतिशत और सांघी इंडस्ट्रीज में 58.08 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पेन्ना और सांघी के अंबुजा में विलय को पिछले वर्ष दिसंबर में मंजूरी मिल चुकी है और यह प्रक्रिया अभी वैधानिक स्वीकृतियों के चरण में है। सभी प्रस्तावित और जारी विलय योजनाओं के अनुमोदन के बाद अंबुजा सीमेंट्स में प्रमोटर और प्रमोटर समूह की हिस्सेदारी 67.65 प्रतिशत से घटकर 60.94 प्रतिशत रह जाएगी।

# विशेषज्ञों ने दी उन्नत खेती की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**एकमा (सारण)।** एकमा स्थित ईऽकिसान भवन के सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जद (यू) प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, आत्मा के अध्यक्ष उमेश सिंह, मिथिलेश सिंह व प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी मिथिलेश कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद कृषि अधिकारियों व विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजकुमार चौरसिया ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी शुभम पाल ने दलहन एवं तेलहन फसलों के आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में कृषि की सफलता तकनीक आधारित खेती पर निर्भर करती है। इसी क्रम में



उन्होंने जैविक खेती के महत्व, इसके लाभ, मृदा-स्वास्थ्य संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने किसानों को उन्नत बीज, समुचित उर्वरक प्रबंधन, फसल संरक्षण तकनीक एवं समग्र कृषि प्रबंधन प्रणाली को अपनाने की सलाह दी। गोष्ठी में कृषि समन्वयक राजेश कुमार विकल, उद्यान पदाधिकारी मोहित कुमार सिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक राजकुमार चौरसिया, राजेंद्र मौर्य, जितेंद्र कुमार, जमालुदीन अंसारी, किसान सलाहकार अरुण कुमार सिंह, हरेराम पंडित सहित किसान दीपक कुशवाहा, तारकेश्वर पंडित, अरुण सिंह, मनोज सिंह, अजय पंडित, विजय कुमार सिंह, संजय श्रीवास्तव, अनिल यादव, करीमन यादव, सरोज सिंह, तेजनारायण सिंह, ध्रुव पांडेय, मनोज पांडेय मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने अपनी फसलों से जुड़े प्रश्न, समस्याएं व अनुभव साझा किए, जिनके समाधान हेतु अधिकारियों द्वारा आवश्यक सुझाव दिए गए।

# हत्या का प्रयास मामले नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के इस्लामपुर गांव से हत्या का प्रयास एवं महिला छेड़छाड़ मामले में फरार आरोपी गांधी यादव पिता स्वर्गीय रामप्रीत यादव को उसके घर इस्लामपुर से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि यह घटना इस्लामपुर गांव में 27 10.2025 को घटित हुई थी जहां वादी भूषण सिंह पिता स्वर्गीय जगनारायण सिंह ने पांच लोगों पर हत्या का प्रयास करने महिला छेड़छाड़ करने की प्राथमिक की दर्ज किए थे, जिसमें आवेदन में लिखा था कि वह दुकान खोलने जा रहा था उसी दौरान मारपीट हुई थी फिर दूसरे दिन आरोपी फिर दुबारा आकर कई लोगों साथ मिलकर हरवे हथियार के साथ मारपीट करते हुए उसकी पत्नी के साथ भी छेड़छाड़ की थी इस पूरे मामले में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की थी।

# कड़ाके की ठंड से जनजीवन बेहाल, अलाव की व्यवस्था नाकाफी

**सर्दी का सितम**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** मंगलवार को कड़ाके की ठंड और तेज पछुआ हवा के कारण नगर बाजार सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। ठंड इतनी अधिक थी कि स्त्री, पुरुष, बच्चे, मजदूर ही नहीं बल्कि पशु-पक्षी भी इससे प्रभावित नजर आए। दिनभर धूप नहीं निकलने से लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हो गए। हाड़ कंपा देने वाली ठंड से बचने के लिए लोग जगह-जगह अलाव जलाकर राहत पाने की कोशिश करते दिखे। जिला प्रशासन के निर्देश पर पालीगंज नगर पंचायत द्वारा अस्पताल मोड़, बिहटा मोड़, दुर्गा स्थान और चढ़ोस मोड़ पर अलाव की व्यवस्था की गई। इस बीच समाजसेवी जवाहर प्रसाद ने अलाव की व्यवस्था को नाकाफी बताया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में केवल कुछ ही स्थानों पर अलाव जलाए गए हैं, जबकि सभी चौक-चौराहों और महादलित टोले में रहने वाले गरीब व बेसहारा लोगों के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उन्होंने नगर पंचायत और प्रशासन से मांग की है कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए पूरे क्षेत्र में अविलंब अलाव की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके।

**पूर्व रेलवे**

ई–नीलामी आमंत्रण सूचना

सं. सीओएम/पार्सल/लीजिंग/लॉंग टर्म ई–ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पार्ट–III, दिनांक 22.12.2025, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, पहली मंजिल, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल–711101 द्वारा **दो चरणों में हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 21 यात्रीवाही ट्रेनों के 23 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट और 02 यात्रीवाही ट्रेनों के 04 अदद आरटीवीपी की पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए** आईआरईपीएस वेबसाइट के ई–ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न अहस्तांतरणीय नीलामी सूची **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। वर्तमान ई–नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से जमा की जाएगी। ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास–III का डिजिटल हस्ताक्षर लेने की भी आवश्यकता पड़ेगी। (1) **ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–26–1ए। कम्पार्टमेंट :** 17 यात्रीवाही ट्रेनों के 18 अदद एसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 02.01.2026 को 13.30 बजे। (2) **कैटलॉग सं.: पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–26–1बी। कम्पार्टमेंट :** 04 यात्रीवाही ट्रेनों के 05 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट और 02 यात्रीवाही ट्रेनों के 04 अदद आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 05.01.2026 को 13.30 बजे।

HWH-481/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# दिशा की बैठक में योजनाओं में प्रगति लाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभागार में मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की गहन समीक्षा करने के बाद संबंधित विभाग को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। बैठक में प्रमुख रूप से काराकाट सांसद राजाराम सिंह, कुटुंबा विधायक ललन राम, ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र, नवीनगर विधायक चेतन आनंद, गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा एवं जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी मौजूद रही। बैठक के दौरान सांसद अभय कुशवाहा द्वारा जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक कार्यों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में कृषि, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, पथ निर्माण, मनरेगा, आवास, पेंशन, खाद्य आपूर्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों से संबंधित योजनाओं एवं कार्यों पर विस्तार से विमर्श किया गया। उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागवार एजेंडा एवं प्रगति से अध्यक्ष को अवगत कराया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन की स्थिति, रसोइयों के मानदेय का भुगतान, पीएम पोषण योजना के क्रियान्वयन तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की प्रगति की जानकारी दी गई। इस दौरान अध्यक्ष द्वारा पूछा गया कि पूर्व में जिन विद्यालयों का समीपवर्ती विद्यालयों में मर्जर किया गया था, उन्हें मर्जर से मुक्त किया गया है अथवा नहीं। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी को मर्जर किए गए विद्यालयों की पूर्ण सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सांसद काराकाट राजाराम सिंह द्वारा कहा गया कि विद्यालयों का मर्जर समस्या का स्थायी समाधान नहीं है बल्कि यह अंतिम विकल्प होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि किसी गांव में भूमि उपलब्ध हो तो वहां विद्यालय का निर्माण कराया जाए। पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान सदस्य-सह-प्रखंड कुटुंबा प्रमुख धर्मेंद्र कुमार द्वारा माली से कुटुंबा पथ निर्माण कार्य को बीच में अधूरा छोड़ दिए जाने पर प्रश्न उठाया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर संतन कुमार सिंह, दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, इफ्तेखार अहमद, सभी वरीय उपसमाहर्ता, सिविल सर्जन, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं दिशा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# ठंड में तेजी से फैलती हैं बीमारियां, बच्चों का रखें विशेष ध्यान : डॉ. राजीव कुमार

## शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव कुमार ने नवबिहार टाइम्स संवाददाता से की खास बातचीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** ठंड में बीमारियां काफी तेजी से फैलती हैं। ऐसे में सभी अभिभावक अपने बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखें। यह बातें औरंगाबाद के सुप्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार ने मंगलवार को नवबिहार टाइम्स संवाददाता से विशेष बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि ठंड में इन्फ्लूएंजा, निमोनिया, कोल्ड डायरिया, लूज मोशन, वोमिटिंग आदि तरह की बीमारियां बहुत सारे बच्चों को लापरवाही के कारण हो जाती है। ऐसे में माता-पिता अपने बच्चों को सुबह या शाम में जरूरत नहीं होने पर घर से बाहर नहीं निकलने दें। साथ ही उन्हें अच्छी तरह से गर्म कपड़े, टोपी आदि पहना कर रखें ताकि वह स्वस्थ रहें। डॉ राजीव ने कहा कि बच्चों को बाहर की चीज या ठंडे आइसक्रीम आदि से इस मौसम में परहेज करना चाहिए। अभिभावकों को उन्हें गर्म सूप या गर्म भोजन देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगभग एक या दो माह के बच्चों में सर्दी खांसी की समस्या



दूसरों से जल्दी हो जाती है। ऐसे में बेवजह छोटे बच्चों के संपर्क में नहीं रहे। वहीं बच्चों को किस करने से भी परहेज करें क्योंकि छोटे बच्चों में खांसी होने के बाद दवा भी असर बहुत कम करता है और सीरियस होने के बाद बच्चों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है। डॉ राजीव ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया है कि वह ठंड में अपने बच्चों के लिए ब्लोअर का इस्तेमाल न करें क्योंकि यह हवा में नमी को खत्म कर देता है और इससे काफी समस्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि ब्लोअर की जगह आप रूम हीटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सुरक्षित है लेकिन पूरी रात इसका इस्तेमाल नहीं करें क्योंकि कई बार रात में सोते समय रूम हीटर के कारण आग लगने की भी संभावना रहती है। डॉ राजीव ने कहा कि ठंड में बच्चों को गुनगुने पानी से नहाना चाहिए। अगर तापमान ज्यादा कम है तो जरूरी नहीं है कि उन्हें प्रतिदिन स्नान कराया जाए। नहाने के बाद बच्चों के बाल को अच्छी तरह से सुखा देना चाहिए। इसके बाद उन्हें गर्म कपड़े पहना कर ही घर से बाहर निकाले। उन्होंने कहा कि ज्यादा दिनों तक बच्चों को नहीं नहाने के कारण स्कीन से संबंधित बीमारी होने का खतरा भी बन जाता है। ऐसे में ठंड को ध्यान में रखते हुए बच्चों को समय-समय पर स्नान करवाते रहें।

# नाबालिग के अपहरण में मामले में दो अभियुक्तों को सश्रम कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** गलत नियत से नाबालिग लड़की को अपहरण मामले में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज तृतीय अशोक कुमार गुप्ता ने नगर थाना में दर्ज एक मामले में दो अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। एपीपी महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि अभियुक्त थाना क्षेत्र के शाहगंज निवासी मो. ज़ावेद खां एवं मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कनबेहरी निवासी संजू देवी को 15 दिसंबर 25 को दोषी ठहराया गया। आज भादंवि धारा -363 में सात साल की सजा और दस हजार रूपये जुर्माना लगाया है। एपीपी ने बताया कि प्राथमिकी सूचक नाबालिग लड़की की मां ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि परिजनों से जान पहचान होने के कारण मो. ज़ावेद मेरे घर आया जाया करता था। 29 जून 22 की रात आठ बजे 10 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर चुपचाप मजार पठानटोली ले गया और नशीली दवाएं खिलाकर बेहोश कर दिया। परिवार के लोग बच्ची को काफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिलने पर मो. ज़ावेद पर शक हुआ तो उससे पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार किया की नाबालिग लड़की संजू देवी को हवाले कर दिया है। वह मुंबई मेल से जाने वाली है। इसके बाद वाद सूचिका अपने मुहल्ले के लोगों के साथ डिहरी ऑन-सोन पहुंच कर संजू से नाबालिग को बरामद किया। अभियोजन की ओर से डा रूचि कुमारी, आईओ आरती कुमारी सहित सात गवाही हुई थी।

# एआई और मशीन लर्निंग छात्रों-शिक्षकों दोनों के लिए लाभकारी : सुधीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मगध विश्वविद्यालय के तहत औरंगाबाद शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार दवा डिजाइन व खोज में एआई और मशीन लर्निंग की भूमिका तथा स्वास्थ्य सेवा में नैतिक चुनौतियां पर अधारित था। यह सेमिनार फार्मेसी डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित किया गया जिसमें फार्मेसी के अलावा बायोटेक, फिजिक्स, केमेस्ट्री के साथ-साथ गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार सहित अन्य आसपास के फार्मेसी कॉलेज के सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। सेमिनार के समापन पर सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने बताया कि कॉलेज के फार्मेसी डिपार्टमेंट द्वारा दो



दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आज सफलता पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें छात्रों को दवा डिजाइन व खोज में एआई और मशीन लर्निंग की भूमिका तथा स्वास्थ्य सेवा में नैतिक चुनौतियां पर अधारित जानकारी दी गई। प्राचार्य श्री मिश्र ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग भविष्य में विकास लाने में बहुत सहायक होंगे। इसके लिए मगध विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही के प्रति आभारी हैं जिनके प्रयास से सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों की पढ़ाई शुरू हुई। उन्होंने इस कार्यक्रम में शामिल गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार के प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार और उषा मार्टिन के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसी तकनीक है जिसका उपयोग करके हम ऐसे बुद्धिमान सिस्टम बना सकते हैं जो मानव बुद्धिमत्ता का अनुकरण कर सके। आज एआई और मशीन लर्निंग के जरिये जहां स्टूडेंट्स को तैयारी करने में मदद मिल रही है वहीं पढ़ाने वाले शिक्षकों का भी पढ़ाने का तरीका बदल गया है। इस क्रांति के आने से पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। इसके माध्यम से टाइम की बचत के साथ ही टीचर के समय में भी बचत हुई है जिसका उपयोग वे अपने अन्य कार्यों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रो. अनिल सिंह, भीम बहादुर सिंह, मनोज कुमार सिंह, मंजीत कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# दहेज़ हत्या सहित अन्य मामलों में 73 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 73 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 30 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। दहेज़ हत्या में 2, हत्या के प्रयास में 2, शराब कांड में 13 एवं अन्य शीर्ष कांड में 56 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 25 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1007 वाहनों की जांच की गई जिसमें 25000 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं मादक प्रदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 73 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 30 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे। तथा अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# पूर्व सांसद लूटन बाबू की पुण्यतिथि पर दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट कल से

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद स्व. रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू के 27वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रामनरेश सिंह फाउंडेशन के तहत शहर के गेट स्कूल मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 25 एवं 26 दिसंबर 2025 को 11 बजे दिन से किया जाएगा।इसकी जानकारी पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह एवं रामनरेश सिंह फाउंडेशन के चैयरमैन सुनील सिंह ने दी है। पूर्व सांसद ने कहा कि 25 दिसम्बर को 2 फुटबॉल मैच एवं 26 दिसम्बर को पूर्व सांसद रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू की पुण्यतिथि मनाया जाएगी और फाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा। इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, राजनीतिक, सामाजिक एवं एनडीए कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा।

# बोलेरो की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सड़क पार करते वक्त बोलेरो की टक्कर से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना गोह थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान अमारी गांव निवासी नंदलाल विश्वकर्मा के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को नंदलाल विश्वकर्मा अपने बेटे से जुड़े एक मामले को लेकर वकील से मिलने के लिए कोर्ट गए थे। घर लौटते समय जसोईया मोड़ के समीप सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर गिर पड़े। परिवार के सदस्यों के मुताबिक इसी साल 10 मई को नंदलाल के बेटे अनिल की शादी बहुरिया वर्मा गांव में रूपा कुमारी से हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद बहू ने पूरे परिवार पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि बहू लगातार परिवार को झूठे केस में फंसाने और जान मरवाने की धमकी देती थी। दहेज मामले में जमानत को लेकर ही नंदलाल वकील से मिलने कोर्ट आए थे। लौटते समय हादसे के शिकार हो गए। बहू पर साजिश रचने का आरोप लगाया है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूचना डायल-112 की टीम पहुंची। घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया। साथ में कोई परिजन मौजूद नहीं थे। स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसके बाद घर वालों को जानकारी दी गई। इस दौरान नंदलाल की हालत बिगड़ने लगी। चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# कोर्ट के निर्देश पर छह वारंटी गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों से छह वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दाउदनगर पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप थाना क्षेत्र के बिगन बिगहा निवासी सतेंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उपहारा पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप थाना क्षेत्र थाना क्षेत्र के शंकरडीह निवासी सुजीत शर्मा एवं सहरसा निवासी मो. शमशेर मंसूरी को गिरफ्तार किया गया है। खुदवा पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप थाना क्षेत्र के खुदवां निवासी संतान ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। फ़ेसर पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप थाना क्षेत्र के चेतन गांव निवासी योगेन्द्र सिंह एवं परिखा सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार सभी वारंटियों के लंबे समय से अलग-अलग मामलों में फरार थे जिसमें कोर्ट से वारंट निर्गत किया गया था। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया।

# गोह में राशन कार्ड से कटेंगे 8443 लाभार्थियों के नाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गोह प्रखंड में अपात्र राशन कार्डधारियों की पहचान का काम तेज कर दिया गया है। यह कार्रवाई बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देश पर की जा रही है। सरकार द्वारा जारी किये गए इंटर मिनिस्ट्री डेटा के आधार पर गोह प्रखंड के 8443 ग्रामीण राशन कार्डधारियों को अपात्र की केटेगरी में चिह्नित किया गया है। इस संबंध में दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन ने बताया कि जिन लोगों को अपात्र माना गया है, उनके पीछे कई कारण हैं। इनमें वार्षिक आय 1 लाख 20 हजार रुपये से अधिक होना, प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत 2.5 एकड़ से ज्यादा जमीन होना, किसी निजी कंपनी में डायरेक्टर होना और लाइट मोटर व्हीकल (फोर व्हीलर) का मालिक होना शामिल है। एसडीओ ने बताया कि अपात्र राशन कार्डधारियों की पूरी सूची जारी कर दी गई है। यह सूची गोह प्रखंड कार्यालय, सभी पंचायत भवनों, अनुमंडल कार्यालय दाउदनगर और जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों के पर लगाई जा रही है। इन जगहों पर जाकर कोई भी व्यक्ति सूची देख सकता है। अगर सूची में शामिल किसी राशन कार्डधारी को लगता है कि उन्हें गलत तरीके से अपात्र बताया गया है, तो वे अनुमंडल कार्यालय दाउदनगर में जाकर दावा-आपत्ति आवेदन दे सकते हैं। 30 दिसंबर के बाद अगर कोई आपत्ति नहीं मिलती है तो सूची को अंतिम मानते हुए संबंधित राशन कार्ड रद्द कर दिए जाएंगे। एसडीओ ने सभी पीडीएस दुकानदारों को निर्देश दिया है कि वे अपनी दुकानों पर अपात्र राशन कार्डधारियों की सूची जरूर लगाएं। साथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी इस पूरे काम की निगरानी और आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

# उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** मंगलवार को प्रखंड परिसर स्थित कृषि कार्यालय में प्रखंड कृषि पदाधिकारी रागनी कुमारी की अध्यक्षता में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक की गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी मो यूनुस सलीम, अंचल अधिकारी हरिहरनाथ पाठक व सभी उर्वरक विक्रेता तथा किसान सलाहकार व एसएमएस के अलावे जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बीडीओ ने उर्वरक दुकानदारों को निर्देश देते हुए कहा कि तत्परता से किसानों को खाद उपलब्ध कराये। ख्याल रखे कि किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। यदि किसी वितरण के दौरान शिकायत मिलती है तो शिकायत के आलोक में निश्चित रूप से विक्रेताओं पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि खाद दुकान पर बोर्ड लगाकर विवरण, बिक्री दर, स्टॉक पंजी, अपडेट वितरण पंजी और लाइसेंस नंबर अंकित करें, ताकि जो भी पदाधिकारी आपकी दुकान पर जांच करने पहुंचे, तो उन्हें सहूलियत हो। अंचल अधिकारी ने उर्वरक निगरानी समिति के बैठक के दौरान सुझाव देते हुए विक्रेताओं से कहा कि वितरण के दौरान आप सभी किसानों का ख्याल रखें, ताकि उन्हें रोड जाम की समस्या उत्पन्न नहीं करना पड़े।

# बीएलओ को मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय के बहुउद्देशीय भवन में मंगलवार को बीएलओ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ डॉ. अवतुल्य कुमार आर्य ने की। उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची में सुधार पर विशेष जोर दिया और कहा कि सूची में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए, ताकि मतदाताओं को किसी भी तरह की समस्या न हो। बीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतदाता सूची रंगीन होनी चाहिए और किसी भी मतदाता का फोटो ब्लैक एंड व्हाइट नहीं होना चाहिए। यदि किसी मतदाता का ब्लैक एंड व्हाइट फोटो है, तो उसका रंगीन फोटो प्रपत्र 8 से भरवाकर करना होगा। उन्होंने बीएलओ को हर हाल में मतदाता से रंगीन फोटो कलेक्ट कर प्रपत्र 8 भरने और गृह सुधार, नाम सुधार, आयु सुधार करने पर विशेष जोर दिया। बीडीओ ने कहा कि मतदाता सूची का शत प्रतिशत त्रुटि रहित होना आवश्यक है। इसके लिए बीएलओ सुपरवाइजर के देख रेख में कार्य करेंगे और किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत सूचित करेंगे। बैठक में प्रशिक्षण देने वाले कमयाख्या पाल, राजकुमार गुप्ता, बीएलओ उदय कुमार शिकारी, शकील हैदर, बीरेंद्र चौधरी, जितेंद्र यादव, कुश रजक, धनंजय रजक समेत सभी बीएलओ मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# गति सीमा निर्धारित होने से सड़क दुर्घटनाओं में आयेगी कमी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभागार में सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष सांसद अभय कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गोह विधायक अमरेन्द्र कुमार, ओबरा विधायक प्रकाश चन्द्र, नवीनगर विधायक चेतन आनन्द, कुटुंबा विधायक ललन भुइयां, औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह एवं रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अन्नया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी, सुनंदा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं दाउदनगर, नगर परिषद औरंगाबाद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता सहित संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 19, 139 एवं 120 से संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रत्येक 1 से 2 किलोमीटर की दूरी पर निर्धारित गति सीमा से संबंधित साइन बोर्ड, संकेतक एवं रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगाए जाए। सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अध्यक्ष द्वारा ट्रैफिक उपाधीक्षक को स्पीड गन के माध्यम से वाहन जांच की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। साथ ही गुड सेमेरिटन अवार्ड योजना के संबंध में आमजनों में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -19 से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश करने वाले सभी प्रमुख स्थलों पर पहचान चिन्ह (आईडेंटिफिकेशन साइनज) लगाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

**“राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस”**
(24 दिसम्बर, 2025)

बिहार लोक भवन
पटना–800022
Bihar Lok Bhavan
PATNA 800022

**संदेश**

उपभोक्ता हितों की रक्षा हेतु ‘उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम’ पूरे देश में लागू है। इसके अन्तर्गत परम्परागत न्यायालयों से अलग उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोगों के माध्यम से पीड़ित उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने, उन्हें क्षतिपूर्ति दिलाने तथा दोषियों को दण्डित कराने की व्यवस्था है।

प्रत्येक नागरिक किसी-न-किसी रूप में उपभोक्ता की श्रेणी में आता है। यह संतोषप्रद है कि विगत वर्षों में उपभोक्ताओं में अपने अधिकारों के प्रति सजगता बढ़ी है, तथापि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी उपभोक्ता अधिकारों के प्रति पर्याप्त जागरूकता हेतु सार्थक एवं प्रभावी प्रयासों की आवश्यकता है।

उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जन चेतना विकसित करने हेतु आवश्यक प्रचार-प्रसार के कार्यों में सरकार के साथ-साथ नागरिक संगठनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। मेरा अनुरोध है कि उपभोक्ता आन्दोलन को सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जन तक पहुँचाने में सभी जन प्रतिनिधि, व्यक्ति एवं संगठन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ, ताकि प्रत्येक उपभोक्ता के अधिकारों एवं हितों की रक्षा की जा सके।

**“राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस-2025”** के अवसर पर राज्य के सभी उपभोक्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

**(आरिफ मोहम्मद खां)**

PR No - 020022 (Food) D. 2025-26

CMYK